राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 96
लखनऊ, शनिवार 23 नवंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



संभल जामा मस्जिद विवाद में सरकार और सुप्रीम कोर्ट ले संज्ञान : मायावती 03

लोकमंथन जैसे कार्यक्रमों से संस्कृति व परंपराएं होंगी सुदृढ़ : द्रोपदी मुर्मु 12

# 71 महा विद्यालयों में प्राचार्य व ग्रेड फोर तक के सभी पद होंगे सरकारी

## कैबिनेट बैठक में उच्च शिक्षा, नगर विकास समेत अन्य विभागों के कई अहम प्रस्ताव मंजूर



**चित्रकूट में 620 करोड़ से सब स्टेशन व ट्रांसमिशन लाइन बनने के प्रस्ताव को भी कैबिनेट से मंजूरी**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने प्रयागराज कुम्भ के लिए खजाना खोल दिया है। मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में शुक्रवार को यहां लोकभवन में हुई कैबिनेट बैठक में उच्च शिक्षा, नगर विकास समेत अन्य विभागों के कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी मिली है।

बैठक के बाद वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना और ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कैबिनेट फैसलों के बारे में पत्रकारों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री चाहते हैं कि कुभ दिव्य एवं भव्य हो। इसके लिए देश के विभिन्न हिस्सों में रोड शो किया जाएगा। इसके लिए आज की कैबिनेट में आए प्रस्ताव को मंजूरी मिल गयी है। देश के बाहर नेपाल, इंडोनेशिया, थाइलैण्ड और मारिशस जैसे देशों में भी रोड शो किया जाएगा। रोड शो के माध्यम से कुम्भ की के बारे में लोगों को परिचित कराया जाएगा। कुम्भ से जुड़ा गृह विभाग का प्रस्ताव भी पास हुआ है। चित्रकूट में 620 करोड़ की लागत से सब स्टेशन व ट्रांसमिशन लाइन बनने के प्रस्ताव को भी कैबिनेट से मंजूरी मिल गयी है। इसके उच्च शिक्षा से जुड़े प्रस्ताव पर भी कैबिनेट की मुहर लगी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित मंत्री परिषद की बैठक में प्रदेश में उच्च शिक्षा को सुदृढ़ करने के लिए शुक्रवार को दो महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। इसके अंतर्गत 71 नवनिर्मित/निर्माणाधीन महाविद्यालयों को राजकीय महाविद्यालय के रूप में संचालित करने का निर्णय लिया गया है, जबकि बिजनौर जिले में विवेक विश्वविद्यालय के गठन को भी मंजूरी प्रदान की गई है। ये निर्णय प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण और वहनीय उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे। 71 महाविद्यालयों को राजकीय दर्जा ऐतिहासिक पहल बैठक के बाद उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि विभाग के द्वारा वर्तमान में 171 राजकीय महाविद्यालय संचालित हैं। इनमें 71 महाविद्यालय नवनिर्मित अथवा निर्माणाधीन हैं। इनमें से 17 संगठक महाविद्यालय के रूप में चयनित थे। पहले विश्वविद्यालयों द्वारा इनका संचालन किया जाता था। पिछले दिनों कुछ विश्वविद्यालयों द्वारा इनके सुचारू संचालन को लेकर असमर्थता जाहिर की गई थी। जिसके बाद ये प्रस्ताव लाया गया कि 71 महाविद्यालयों का संचालन अब सीधे प्रदेश सरकार करेगी। अबतक इनमें संविदा के आधार पर लोग रखे जाते थे, अब सभी 71 महाविद्यालयों में 71 प्राचार्य के पद और प्रत्येक महाविद्यालय में 16-16 के आधार पर 1136 सहायक आचार्य के पद, 639 क्लास थ्री और 710 क्लास फोर के पद सृजत होंगे। इससे रोजगार के अवसर मिलेंगे साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता भी बढ़ेगी।

### बिजनौर में खुलेगा विवेक विश्वविद्यालय



उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि बिजनौर में विवेक विश्वविद्यालय को संचालन का प्राधिकार पत्र प्रदान किया गया है। इससे अब प्रदेश में एक और निजी विश्वविद्यालय का संचालन शुरू होगा। इससे स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा, जिससे सरकारी विश्वविद्यालयों की गुणवत्ता और बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि यूपी में पिछले दो–ढाई साल में सर्वाधिक ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय उभर कर सामने आए हैं। फिलहाल नैक ग्रेडिंग में यूपी के 7 विश्वविद्यालय ए डबल प्लस, 4 ए प्लस हैं। इसके साथ ही 6 निजी विश्वविद्यालय ए प्लस और 4 निजी विश्वविद्यालय ए ग्रेड में शामिल हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि पहले यूपी का पहले कोई भी विवि टॉप 500 में भी नहीं था। आज टॉप 100 में प्रदेश के 3 विवि आ गये हैं। मंत्री ने बताया कि योगी सरकार का लक्ष्य अगले 5 साल में प्रदेश के सभी जिलों में एक–एक विश्वविद्यालय खोलने का है।

## प्रशासन ने संभल की जामा मस्जिद विवाद के बाद बढ़ाई चौकसी

**संभल।** उत्तर प्रदेश में जनपद संभल की जामा मस्जिद का सर्वे कराया जाएगा। इस पर जहां एक ओर मुस्लिम पक्ष के लोगों में नाराजगी हैं, तो वहीं राजनेताओं ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। जिला एवं पुलिस प्रशासन ने चौकसी बढ़ा दी है। जनपद की शाही जामा मस्जिद में हरिहर मंदिर का दावा पेश होने के बाद सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद कर दी गयी। मस्जिद की ओर जाने वाले तीनों रास्तों पर बांस-बल्ली लगाकर पीएसी और आरआरएफ के जवानों को तैनात कर दिया गया। खुफिया विभाग की टीम भी सतर्क है। एसडीएम वंदना मिश्रा व सीओ अनुज चौधरी फोर्स के साथ गांव में गश्त कर स्थिति का जाएजा ले रहे हैं। तीसरी आंख से भी नजर रखी जा रही है। शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच जुमे की नमाज अता की गयी। सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद है। संभल में जामा मस्जिद के सर्वे को लेकर मौलाना तौकीर रजा ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा? कि सरकार का काम देश चलाने का है, वह वही करे। धर्म का काम धर्म के लोगों के हाथ में रहने दे, मस्जिद का काम हमारे धर्मगुरु देखेंगे और मंदिर का काम हिंदुओं के धर्मगुरु। राजनीतिक लाभ लेने के लिए यह काम किया गया है।

## भाई-भतीजावाद खत्म कर सरकार कर रही पारदर्शी भर्तियां : योगी



सीएम ने 701 वन दरोगाओं को दिया नियुक्ति पत्र

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन रोजगार के तहत निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से चयनित 701 वन दरोगाओं का नियुक्ति पत्र वितरण किया।

शुक्रवार को लखनऊ के लोकभवन सभागार में वन विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी ने वन और पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों और सरकारी प्रतिबद्धताओं को साझा करते हुए सभी नव नियुक्त वन दरोगाओं को उनकी नई जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया और उन्हें बधाई दी। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि सरकार प्रदेश में व्याप्त भाई-भतीजावाद को खत्म कर निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित की है। सीएम योगी ने कहा कि यह नियुक्ति प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष थी, जिसमें मेरिट के आधार पर युवाओं को उनके सपनों को साकार करने का मौका दिया गया। उन्होंने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रशंसा करते हुए कहा कि 2017 से अब तक सात लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है। यह पारदर्शिता और निष्पक्षता का परिणाम है कि युवाओं को बिना किसी भेदभाव के रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि पहले जब उत्तर प्रदेश में कोई भर्ती निकलती थी तो महाभारत के रिश्ते एक साथ टपक पढ़ते थे। हम लोगों ने इस पूरी भर्ती की प्रक्रिया से सारे नातेदारी और रिश्तेदारी को खत्म किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### त्रिपुरा से 12 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**अगरतला।** त्रिपुरा में रेलवे पुलिस और सीमा सुरक्षा बल ने 12 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है। गुप्त सूचना के आधार पर खोवाई जिले के तेलियामुरा रेलवे स्टेशन से इन्हें गिरफ्तार किया गया। ये सभी अवैध रूप से बांग्लादेश से त्रिपुरा में आकर ट्रेन के जरिए दूसरे राज्यों में जा रहे थे। जीआरपी के सूत्रों ने बताया है कि गिरफ्तार किए गए 12 बांग्लादेशी नागरिकों में चार पुरुष, चार महिलाएं और चार बच्चे शामिल हैं। उन्होंने खुलासा किया कि ये सभी एक बांग्लादेशी दलाल की मदद से गोमती जिले के सिलाचारी इलाके से त्रिपुरा में दाखिल हुए थे।

### उत्तर प्रदेश में कई पीसीएस अधिकारियों के तबादले

**लखनऊ।** शासन ने शुक्रवार की देरशाम को कई पीसीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। तबादले के क्रम में राकेश सिंह को अपर जिला अधिकारी ट्रांस गोमती लखनऊ से अपर जिला अधिकारी बाराबंकी बनाया गया है। सुशील कुमार गोंड मुख्य राजस्व अधिकारी गोरखपुर बने अपर जिलाधिकारी उन्नाव, राजेश कुमार वर्मा एसडीएम जालौन, प्रमोद कुमार झा एसडीएम झाँसी, राम अवतार एसडीएम रायबरेली, देश दीपक सिंह बुलंदशहर के एसडीएम बनाए गये हैं।

### मुठभेड़ कर पुलिस ने आतंकी लांडा गैंग के दो गुर्गे पकड़े

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने जालंधर में मुठभेड़ कर आतंकी गैंगस्टर लखबीर लांडा के दो गुर्गों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान दोनों गैंगस्टरों के अलावा दो पुलिस कर्मी भी घायल हो गए हैं। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने जारी जानकारी में बताया कि यह मुठभेड़ शुक्रवार को सुबह हुई है। गिरफ्तार बदमाशों में भीखा नंगल गांव का जसकरण सिंह उर्फ करण और फगवाड़ा का रहने वाला फतेहदीप सिंह उर्फ प्रदीप सैनी शामिल हैं। पुलिस को उनके कब्जे से कुल सात पिस्टल और कारतूस बरामद हुए हैं। घायल हुए पुलिस कॉन्स्टेबल और दोनों गैंगस्टरों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जालंधर के पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने कहा कि पकड़े गए दोनों गुर्गे गैंगस्टर हैं।

### सिसोदिया की जमानत शर्तों में ढील पर सीबीआई को नोटिस

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने आबकारी नीति कथित घोटाले के मामलों में जमानत की शर्तों में शामिल जांच अधिकारी के समक्ष हाजिरी लगाने में ढील देने की दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की याचिका पर शुक्रवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने श्री सिसोदिया की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी की दलीलें सुनने के बाद दोनों केंद्रीय एजेंसियों को अपना–अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया।

## डेंगू का अटैक जारी, 24 घंटे में मिले 12 नए मरीज

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में 24 घंटे के भीतर डेंगू के 12 नए मरीज सामने आए हैं। इसी के साथ जनवरी से अब तक 2500 से ज्यादा डेंगू और 480 मलेरिया के मरीज मिल चुके हैं। स्थलीय निरीक्षण के दौरान सीएमओ की टीम ने 2 लोगों को नोटिस जारी किया है। सीएमओ कार्यालय से जारी रिपोर्ट के मुताबिक डेंगू के सबसे अधिक आलमबाग और इंदिरा नगर में मिले है। आलमबाग में 4 केस, और इंदिरा नगर में 3 केस है। टुडियागंज में 2, अलीगंज में 2, चिनहट पर 1 मरीज मिला है। सीएमओ प्रवक्ता योगेश रघुवंशी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग और मलेरिया की टीमों ने 1028 घरों में निरीक्षण किया गया। इस दौरान 2 भवन स्वामियों को नोटिस जारी किया।

## जम्मू में अप्रवासी कश्मीरी पंडितों की दुकानों पर चला बुलडोजर

बिना नोटिस ढहा दी गईं दर्जन भर दुकानें

एजेंसी



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में कश्मीरी पंडितों की दुकानों पर बुधवार को बुलडोजर चलाया गया। जम्मू विकास प्राधिकरण ने जम्मू शहर में मुठी कैंप के पास स्थित कश्मीरी पंडितों की दर्जन भर दुकानों को ढहा दिया। ये दुकानें लगभग तीन दशक पहले विस्थापित कश्मीरी पंडितों ने बनाई थीं।

लोगों का कहना है कि दुकानों को बिना नोटिस दिए ढहा दिया गया। हम 90 के दशक में वापस आ गए हैं। लोग पिछले तीन दिन से विरोध कर रहे हैं। वह जेडीए के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। जेडीए का कहना है कि दुकानें उनकी जमीन पर बनी थीं। आयुक्त अरविंद करवानी ने घटनास्थल का दौरा किया और प्रभावित परिवारों को आश्वासन दिया कि उनके लिए नई दुकानें बनाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि जेडीए ने मुठी कैंप फेज-2 में एक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनाने के लिए टेंडर जारी किया है।

## हिमाचल के छह विधायकों पर अयोग्यता कार्यवाही के निर्देश पर सुप्रीम रोक

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने हिमाचल प्रदेश में संसदीय सचिव नियुक्त किए गए विधायकों के खिलाफ अयोग्यता की कार्यवाही शुरू करने के उच्च न्यायालय के हालिया निर्देश शुक्रवार को अगली सुनवाई तक के लिए रोक लगा दी। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की खंडपीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया। अदालत ने प्रतिवादियों को अपना जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया और उसके बाद राज्य सरकार को अपना जवाब दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया।

## उत्तर प्रदेश की नौ सीटों पर मतगणना आज

सुबह आठ बजे से शुरू हो जाएगी मतगणना

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की नौ विधान सभा सीटों पर हुए मतदान के बाद शनिवार को मतगणना होगी। उप्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि सभी नौ सीटों पर सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू हो जाएगी।

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश के कानपुर की सीसामऊ, मैनपुरी की करहल, मुरादाबाद की कुंदरकी, अंबेडकरनगर की कटेहरी, गाजियाबाद की गाजियाबाद, मीरजापुर की मझवां, प्रयागराज की फूलपुर, मुजफ्फरनगर की मीरापुर और अलीगढ़ की खैर विधान सभा सीटों पर 20 नवंबर को मतदान हुआ था। मतगणना के लिए मतगणना स्थलों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लगाई गयी है। प्रथम स्तर की सुरक्षा मतगणना स्थल से 100 मीटर की परिधि पर होगी, जहां क्षेत्रीय पुलिस बल तैनात रहेगा। द्वितीय स्तर की सुरक्षा मतगणना स्थल के गेट पर होगी। जहां राज्य पुलिस बल की तैनात रहेगी। तृतीय स्तर की सुरक्षा मतगणना हाल के लिए होगी। यह केन्द्रीय सुरक्षा बल की निगरानी में होगी। मीडिया एवं आमजननिर्वाचन आयोग की वेबसाइट result.eci.gov.in पर जाकर मतगणना के रुझान पर परिणाम जान सकते हैं। उप्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कियदि किसी बूथ से संबंधित सी0यू0 की डिस्प्ले न दिखने से सी0यू0 से परिणाम नहीं निकलता है तो ऐसे में समस्त ई0वी0एम0 की मतगणना के उपरान्त उक्त बूथ के वीवीपैट स्लिप की गणना की जायेगी। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 05 मतदेय स्थल ड्रा के आधार पर निकाले जायेंगे तथा उन 05 मतदेय स्थल के वीवीपैट स्लिप की गणना की जायेगी।

## ज्ञानवापी केस : एएसआई सर्वेक्षण की याचिका पर मस्जिद प्रबंधन समिति को नोटिस जारी

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद विवाद मामले में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वेक्षण कराने की हिंदू पक्ष की याचिका पर मस्जिद प्रबंधन समिति अंजुमन इंतेज़ामिया मसाजिद को नोटिस जारी करके 17 दिसंबर 2024 तक जवाब दाखिल करने का शुक्रवार को निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की खंडपीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह नोटिस जारी किया। हिंदू पक्ष की याचिका में शिवलिंग पाए जाने वाले क्षेत्र का एएसआई सर्वेक्षण कराने की गुहार लगाई गई है। शीर्ष अदालत ने इससे पहले मस्जिद के अंदर के क्षेत्र को सील करने का आदेश दिया था, जहां 16 मई, 2022 को अदालत द्वारा सर्वेक्षण के दौरान मस्जिद के तालाब में कथित तौर पर शिवलिंग पाया गया, जिसे मुस्लिम पक्ष ने फव्वारा बताया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मुकदमों को एक निचली अदालत, जिला न्यायाधीश के समक्ष रखना बेहतर होगा, जहां मुख्य मुकदम लंबित है। ऐसा करने के बाद उच्च न्यायालय साक्ष्यों का पुनर्मूल्यांकन करने वाला पहला अपीलीय अदालत हो सकता है। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि सीलबंद क्षेत्र के एएसआई सर्वेक्षण और मुकदमों की विचारणीयता सहित सभी मुद्दों (जिनके बारे में मुस्लिम पक्ष का दावा है कि वे पूजा स्थल अधिनियम, 1991 के तहत वर्जित हैं) पर अदालत साप्ताहिक या पाक्षिक आधार पर सुनवाई कर सकती है। शीर्ष अदालत ने इस मामले पर विचार के लिए अगले महीने की तारीख तय की है।

## विनोद तावड़े ने राहुल-खड़गे को भेजा 100 करोड़ का नोटिस

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र चुनाव से पहले कैश कांड में फंसे भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने शुक्रवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी को 100 करोड़ का मानहानि नोटिस भेजा। तावड़े ने कहा कि भाजपा और मुझे बदनाम करने के लिए इन नेताओं ने झूठे आरोप लगाए। इन्होंने कि मैंने 5 करोड़ रुपए जनता में बांटे। भाजपा महासचिव ने कहा कि मैं इन नेताओं के साथ कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत को नोटिस भेज रहा हूं, ये लोग जनता के बीच मुझसे माफी मांगें या कोर्ट कार्रवाई का सामना करें। महाराष्ट्र में वोटिंग से एक दिन पहले 19 नवंबर को बहुजन विकास अघाड़ी ने तावड़े पर 5 करोड़ रुपए बांटने का आरोप लगाया था। बीवीए अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर और उनके बेटे क्षितिज 19 नवंबर विरार के होटल पहुंचे।

## एमपी व यूपी समेत छह राज्यों में घने कोहरे का अलर्ट जारी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** देश में उत्तर भारत के राज्यों में ठंड और घने कोहरे का असर लगातार बढ़ रहा है। मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, बिहार, राजस्थान और मध्य प्रदेश में शुक्रवार को घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है। घने कोहरे के कारण उत्तर प्रदेश के गोरखपुर और कानपुर में बुधवार सुबह विजिबिलिटी घटकर 500 मीटर रह गई। उधर, राजस्थान के हिल स्टेशन माउंट आबू में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।


मध्य प्रदेश में भी ठंड का असर कम नहीं हो रहा है। स्क्क के 8 शहरों में टेम्प्रेचर 10 डिग्री से कम रिकॉर्ड किया गया। भोपाल में तापमान 10.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। यह पिछले 10 साल में नवंबर का तीसरा सबसे कम तापमान है। जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी थमी, लेकिन तापमान माइनस में जम्मू-कश्मीर के पहाड़ों में बर्फबारी पिछले 2 दिनों से नहीं हो रही है। इसके बावजूद श्रीनगर में तापमान 0.7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। शोपियां गुरुवार को देश का सबसे ठंडा जिला रहा। वहीं, अनंतनाग में माइनस 3.5 डिग्री, पुलवामा में माइनस 3.4 डिग्री पहुंच गया था।

## नागाराम के जंगल में हुई मुठभेड़, 10 नक्सली ढेर

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के भेज्जी थाना क्षेत्र अंतंगत दंतेसपुरम, कोराजुगुड़ा, नागाराम के जंगल में डीआरजी और सीआरपीएफ के साथ आज शुक्रवार की सुबह कोंटा और किस्टाराम एरिया कमेटी के नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में जवानों ने 10 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। मौके से अब तक 10 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं, वहीं 3 ऑटोमैटिक हथियार एके 47, इंसास, एसएलआर एवं अन्य हथियार गोला बारूद भी बरामद किए गए हैं। मुठभेड़ स्थल से बरामद स्वचालित हथियारों को देखकर यह संभावना जताई जा रही है कि इस मुठभेड़ में नक्सलियों के बड़े नेता भी मारे गए हैं। 1 जनवरी से 22 नवंबर तक 207 नक्सली मारे गए हैं। बस्तर आईजी सुंददराज पी. ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि 10 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गये हैं।

## आईपीएल 2025 की शुरुआत 14 मार्च से, 25 मई को होगा फाइनल

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए अगले तीन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सीजन की तारीखों की घोषणा कर दी है। सबसे ज़्यादा दिलचस्पी 2025 सीजन पर है, जो 14 मार्च (शुक्रवार) से 25 मई (रविवार) तक चलेगा।

इसके अलावा 2026 सीजन 15 मार्च (रविवार) से 31 मई (रविवार) तक और 2027 का सीजन 14 मार्च (रविवार) से 30 मई (रविवार) तक आयोजित किया जाएगा। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, गुरुवार को फ्रेंचाइजी को भेजे गए ईमेल में, आईपीएल ने टूर्नामेंट की तारीखों को विंडो बताया, लेकिन संभावना है कि ये अंतिम तिथियां हो सकती हैं। 2025 के सीजन में 74 मैच होंगे, जो पिछले तीन सीजन के बराबर है। हालांकि, यह संख्या आईपीएल द्वारा 2022 में सूचीबद्ध 84 मैचों से दस कम है, जब 2023-27 चक्र के लिए मीडिया अधिकार बेचे गए थे। नए अधिकार चक्र के लिए निविदा दस्तावेज में, आईपीएल ने प्रति सत्र अलग-अलग मैचों की संख्या सूचीबद्ध की थी।

**श्रद्धांजलि**

समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह की जयंती के मौके पर अखिलेश यादव ने कहा

## नेताजी ने ही तैयार की थी जन-जन में जागरुकता की जमीन

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** सपा के संस्थापक मुलायम सिंह की जयंती के मौके पर अखिलेश यादव ने उन्हें याद किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी सकारात्मक राजनीति' का बुनियादी सिद्धांत है।

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पोस्ट एक्स पर लिखा कि नेताजी की जयंती पर हम सबका उनको कोटि-कोटि नमन, नेताजी की जयंती, हम सबके लिए 'समाजवादी मूल्यों' के प्रति अपने संकल्पों को दोहराने का 'शपथ-दिवस' होता है। उन्होंने आगे लिखा कि आज जन-जन में जो सामाजिक चेतना और जागरूकता आई है, उसकी जमीन नेताजी और उनके साथ के समर्पित लोगों ने ही तैयार की थी। आज हम सबकी ये जिम्मेदारी है कि उनके बोए सैद्धांतिक बीजों और उनके रोपे हुए वैचारिक पौधों को और भी अधिक सकारात्मक वातावरण दें, जिससे समानता-समता, सौहार्द और सबकी संवृद्धि का मार्ग प्रशस्त हो सके और विकास की दिशा सब भेदभाव मिटाते हुए, देश के अंतिम व्यक्ति से प्रथम व्यक्ति की ओर हो जाए। उन्होंने कहा कि नेता जी ने ही हम सबको ये समझाया और सिखाया कि सच्चे लोकतंत्र की सच्ची दिशा नीचे-से-ऊपर की ओर होती है। जब पंक्ति का अंतिम व्यक्ति सशक्त होगा, तभी समाज और देश सशक्त होगा। यही 'समाजवादी सकारात्मक राजनीति' का बुनियादी सिद्धांत है, हम सब आज फिर से नेताजी के संकल्पों-सिद्धांतों पर चलने व उनके लिए लड़ने का संकल्प लेते हैं। नेताजी को पुनः नमन और सार्थक स्मरण। ज्ञात हो कि समाजवादी पार्टी (सपा) में नेताजी और आमजन में धरती पुत्र के नाम से प्रसिद्ध मुलायम सिंह यादव काफी लोकप्रिय नेता व देश के रक्षा मंत्री भी रहे। मुलायम सिंह यादव ने इटावा के सैफई को राजनीति में बड़ा कद बढ़ाया। उनके बेटे अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे।

### सीएम योगी व डिप्टी सीएम ने नेताजी को किया नमन

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक, पूर्व रक्षा मंत्री एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहीं, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी नेताजी को श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर पोस्ट कर कहा, ''पूर्व रक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री 'पद्म विभूषण मुलायम सिंह यादव की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने 'एक्स पर पोस्ट कर कहा, ''समाजवादी पार्टी के संस्थापक, वरिष्ठ राजनेता एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव जी की जयंती पर उन्हें शत–शत नमन।

# बरेली के पास भीषण सड़क हादसा, मौके पर एक की मौत

**हादसे में अन्य चार गंभीर रूप से घायल**



**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

धौरहरा कोतवाली क्षेत्र का निवासी परिवार दो दिन पूर्व निजी वाहन बोलोरो में सवार होकर जनपद बरेली के मनोना धाम गया था जहां से वापसी में हाइवे पर किसी अज्ञात भारी वाहन की चपेट में आने से सभी पांचों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान एक की मौत हो गई।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सरगडा निवासी पवन राज पुत्र जगदीश प्रसाद निजी वाहन बोलोरो में सवार होकर अपने परिवार के साथ बरेली के मनोना धाम गुरुवार को गये थे।जहा से वापस लौटते वक्त लखनऊ दिल्ली स्टेट हाइवे पर शुक्रवार रात किसी अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर से बोलोरो क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने गंभीर रूप से सभी घायलों को बरेली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान राजीव राज 32 की मौत हो गई। अन्य घायलों में पवन राज,जेपी राज, इंन्द्रेश राज,पंछी राज पत्नी पवन राज की हालत गंभीर बताई गई। सूचना मिलते ही परिवार में शोक की लहर छा गई।



## सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत के बाद प्रशासनिक अमले के साथ घर पहुंचे विधायक

**परिजनों को हरसंभव सहायता व सरकारी इमदार का दिया आश्वासन**



**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** तीन दिन पूर्व सड़क हादसे में अलीगंज निवासी राजकुमार, दीपू, सुभाष तीनों युवकों की मौत हो गई थी। शुक्रवार को विधायक अमन गिरि प्रशासनिक अमले के साथ पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में वह मृत युवकों के परिवार के साथ हैं। एसडीएम विनोद गुप्ता से कहा कि पीड़ित परिवारों को प्रशासन से हरसंभव मदद दिलाने के लिए अतिशीघ्र उचित कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अलीगंज निवासी वेद प्रकाश का पुत्र राजकुमार 22, बंगाली का बेटा दीपू 32, राधेश्याम का बेटा सुभाष 30 एक ही बाइक से गांव जा रहे थे। बुधवार रात गोला अलीगंज के बीच अलीगंज से कुछ दूर पहले अज्ञात वाहन से उनकी बाइक को टक्कर मार दी थी। जिसमें राजकुमार की मौके पर ही मौत हो गई थी। तीनों को सीएचसी लाया गया था, जहां चिकित्सकों ने दीपू व सुभाष को भी मृत घोषित कर दिया था। पीड़ित परिवार को मिलने वालों में विधायक प्रतिनिधि जवाहर वर्मा, अनंतदेव अवस्थी, जागेश्वर वर्मा, सुनील राज, वीरेंद्र पाल सिंह, प्रमोद वर्मा, मंगल सिंह, विजयपाल शर्मा, वीरेश वर्मा, भोली गिरी, रामनरेश तिवारी, अखिलेश सिंह, आरिफ खां प्रधान अलीगंज, डॉ हरिशंकर मौजूद रहे।

## धरने पर बैठी बुजुर्ग, बिगड़ी हालत

**जमीन पर कब्जा रुकवाने को लेकर धरने पर बैठी थी पीड़िता, मौके पर पहुंची पुलिस ने रुकवाया निर्माण**



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

लखीमपुर खीरी के गोला गोकर्णनाथ में वृद्ध पीड़िता के प्लॉट के कब्जे को लेकर आए दिन हो रहे विवाद थमने का नाम नहीं ले रहे है। लगभग पिछले एक सप्ताह से सुर्खियों में रह रहे कथित तौर पर वृद्ध महिला के प्लाट पर कब्जा होने के मामले ने 22 नवंबर को दोपहर एक बड़ा मोड़ ले लिया। मामला उस समय तूल पकड़ गया जब वृद्ध महिला की सुनवाई न होने पर पीड़िता अपने प्लॉट पर हो रहे कब्जे के पास में गले में तख्ती डालकर धरना देना शुरू कर दिया। लगभग 1 घंटे के धरने के बाद मामला सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल गया। जानकारी पाकर पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और पीड़िता के अनुसार उसके प्लॉट पर विपक्षियों द्वारा कर रहे अवैध कब्जे को रुकवा दिया।

मौके पर मौजूद पीड़िता सुशीला देवी ने बताया कि 15 नवंबर को मैं जब यहां आई तो मैंने देखा कि मेरे प्लॉट पर कुछ लोग कब्जा कर रहे हैं जिस पर जब मैंने विरोध किया तो उल्टा मुझको विपक्षी गण ने बुरी तरह मारा पीटा। हालांकि मारपीट की वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल भी हुई थी। बुजुर्ग पीड़िता ने बताया कि विपक्षीगण ने उससे कहा कि तुम्हें जान से मार कर जेल में चले जाएंगे। पीड़िता ने बताया कि वह मामले की शिकायत पुलिस में कर चुकी है लेकिन अभी तक विपक्षी गण उसकी जमीन पर कब्जा करने से रुक नहीं रहे हैं।

**धरना देने से पीड़िता की बिगड़ी हालत:** लगभग 1 घंटे के धरने के बाद मौके पर जब पुलिस पहुंची तब तक बुजुर्ग की हालत खराब हो चुकी थी इसके बाद पीड़िता की बहू जैसे तैसे बुजुर्ग को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला लेकर गई जहां डॉक्टर ने पीड़िता का इलाज किया। बुजुर्ग की बहू ने बताया कि काफी समय से प्लॉट पर चल रहे विवाद के मामले में विपक्षियों ने बुरी तरह मेरी सास को पीटा था जिससे उनको गंभीर चोट आई थी इसके बाद जब धरने पर बैठ गई तो मेरी सास की तबीयत और ज्यादा गंभीर हो गई। फिलहाल धरना देने के कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने निर्माण कार्य को रुकवा दिया और दोबारा निर्माण कार्य न कराए जाने की हिदायत दी।

## खबरें एक नजर में

### सपाइयों ने पूर्ति अधिकारी के विरुद्ध एसडीएम से की शिकायत



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** समाजवादी पार्टी के एक फ्रंटल संगठन के पदाधिकारी एहतेशाम खान सहित अन्य ने एसडीएम गोला को दिए ज्ञापन में बताया। कि पूर्ति अधिकारी द्वारा राशन कार्ड धारकों से धन वसूली और बदसलूकी के मामले सामने आए हैं। आरोप है कि खाद्य पूर्ति अधिकारी राशन कार्ड धारकों से नाम बनवाने के नाम पर पैसे की मांग करते हैं, मना करने पर उनके साथ बदसलूकी करते हैं। बता दे की 1मार्च से 20सितंबर 24तक तमाम राशनकार्ड निरस्त कर दिया गया। सपाईयों का आरोप है कि जिसके संबंध में पूछने पर अधिकारी सही जवाब नहीं दे पाए। जिसे लेकर सपाइयों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर जांच की मांग की है। इस मौके पर विकास वर्मा मुजीब खान, प्रवीण यादव, प्रवीण कश्यप आदि मौजूद रहे।

### बीडीओ ने खैरीगढ़ गौशाला का किया औचक निरीक्षण



**निघासन खीरी।** विकासखंड निघासन के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खैरीगढ़ का खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सर्वप्रथम खंड विकास अधिकारी ने खैरीगढ़ में गौशाला पर पहुँचे व निरीक्षण करते हुए बताया कि धीरे-धीरे बढ़ रही ठंड को देखते हुए गौवंशीय पशुओं को और भी सुरक्षित रखने के लिए टीन शेड के चारो तरफ मोटे मोटे तिरपाल लगवाये व साथ ही शाम को शेडों के चारो तरफ अलाव जलाने को भी कहा जिससे गौवंशीय पशुओं को ठंड से बचाया जा सके। साथ ही हरे चारे की व्यवस्था को देखा व भूसा स्टोर का भी निरीक्षण किया। सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद मिली। इस दौरान पंचायत सहायक राफिया खातून उपस्थित मिली व उनके सभी रजिस्टर व्यवस्थित मिले। साथ ही खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह ने कहा फैमिली आईडी पर विशेष ध्यान करे व लोगों को जागरुक करो और ज्यादा से ज्यादा फैमिली आईडी बनाओ। इस दौरान मौके पर ग्राम विकास अधिकारी विनय कुमार मौर्य ग्राम प्रधान सुखदेव सिंह व पंचायत सहायक राफिया आदि मौजूद रहे।

### कप्तान के आदेश पर हैदराबाद थाने में हिस्ट्रीशीट खोलने की कवायद तेज


**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम गणेशपुर निवासी अरबाज की पुलिस ने हिस्ट्री शीट खोल दी है। इसके साथ ही अन्य अभियुक्तों की हिस्ट्री शीट बनाए जाने के लिए निगरानी शुरू की गई है। हैदराबाद पुलिस ने एसपी के आदेश पर शुरू किए गए अभियान के तहत गंभीर अपराधों मे संलिप्त अभियुक्तो को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलकर निगरानी करने के लिए थाना हैदराबाद से शातिर अपराधी अरबाज खा पुत्र लियाकत खा निवासी ग्राम गनेशपुर का प्रस्ताव पुलिस अधीक्षक को भेजा था। भेजे गये प्रस्ताव पर शातिर अपराधी अरबाज खा उपरोक्त की हिस्ट्रीशीट खोलने की अनुमति पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रदान कर दी गई है। जिसके उपरांत जीवन पर्यंत निगरानी को हिस्ट्रीशीट संख्या -239 ए आवंटित कर दिया गया है। अभियान में हिस्ट्रीशीट खोलने के लिये अन्य अपराधियों को भी चिन्हित किया जा रहा है। अरबाज के अपराधिक इतिहास पर नजर डाले तो थाना हैदराबाद में छह संगीन धानाओं में मुकदमे दर्ज है। जिसमें मारपीट, गुडागर्दी, एनडीपीएस, आर्म्स एक्ट सहित कई अन्य मामले दर्ज है। जिसे लेकर उसके विरुद्ध हैदराबाद पुलिस ने हिस्ट्रीशीट खोली है।

### श्रीराजेन्द्र गिरि में आयोजित फैशन शो में नन्हे-मुन्नों ने बिखेरा जलवा




**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** श्री राजेंद्र गिरि मेमोरियल एकेडमी में किड्स फ़ैशन शो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने विभिन्न प्रकार के परिधान पहनकर रोचक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की। जिसे देखकर समां बंध गया। अतिथियों ने मंत्रमुग्ध होकर बच्चों के कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति का लुत्फ उठाया। फैशन शो में प्री प्राइमरी के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें बच्चों ने विभिन्न चरित्रों के अनुरुप वेशधारण कर डॉक्टर, पुलिस, टीचर, अल्फ़ाबेट वॉक, प्रिंसेस की मनमोहक प्रस्तुति की। विद्यालय निदेशक मोहित पुरी, प्रधानाचार्य मुदित शाह, उप प्रधानाचार्या सफिया खान सहित शिक्षिकायें मौजूद रही। संचालन प्रियांशी, तान्या, गौरांशी, निघत, प्रियंका, पारुल ने संयुक्त रूप से किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक अमन गिरि ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शिक्षिकाओं को बधाई दी। तथा छात्र छात्राओं के चहुमुखी विकास के लिए हरसंभव निरंतर प्रयत्न करने के प्रयास किए जाने की बात कही।

### विराट 24 कुण्डीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन कथा ब्यास द्वारा कराए गए विभिन्न प्रकार के संस्कार



**मितौली खीरी।** कस्बा स्थित मेला मैदान निकट आदर्श इण्टर कालेज के ठीक सामने चल रहे विराट 24 कुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन अपने नियत समय से यज्ञ आरम्भ हुई , जिसमें गुरु दीक्षा संस्कार, विद्यारम्भ संस्कार, नामकरण संस्कार, पुंशवन संस्कार, अन्नप्राशन संस्कार, शान्ति कुंज से पधारे प्रशिक्षित आचार्यों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ कराये गए। कार्यक्रम के तीसरे दिन सुबह से कई पारियों में श्रद्धालु भक्तों ने यज्ञ भगवान को आहुतियां समर्पित की गईं। 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा युग ऋषि वेद मूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं परम बन्दनीया माता भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म संरक्षण व ऋषि तंत्र के मार्गदर्शन में मानव मात्र को विश्वव्यापी संकटों से उबारने एवं सही रास्ते पर चलने का सन्मार्ग मिल सके। इसी मंगलमय उद्देश को लेकर मितौली कस्बे में विराट 24 कुंडीय गायत्री महा यज्ञ का आयोजन किया गया । भक्तों ने अपनी अपनी श्रद्धा ,भावना व निष्ठा जोड़ते हुए यज्ञ भगवान से मंगलमय प्रार्थना के साथ आहुतियां समर्पित की गईं। शांति कुंज से आए हुए प्रशिक्षित आचार्य टोली नायक जमुना प्रसाद शाहू जी ,सहायक टोली नायक कुन्ज बिहारी एवं आचार्य गणेश प्रसाद पवांर तथा तबला वादक हुकुम चंद,एवं नटराजन आदि साथयों के साथ सायं कालीन बेला में दीप यज्ञ का महत्व बताया गया । अज्ञान के अंधकार को दूर करने के लिए ज्ञान के दीपक प्रज्वलित करना होता है। दीपक ज्ञान का प्रतीक है।जब हम अपने अन्तर्मन में ज्ञान के दीप प्रज्वलित करते हैं तो हमारा घर मन,और आंगन आलोकित होता है इस प्रकार आचार्यों ने अपनी अम्रत रूपी ओजस्वी वाणी से स्रोताओं को कथा सुनाते हुए श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का कुसल संचालन आचार्य अमर पाल जी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार मितौली के तहसील प्रभारी मास्टर कामता प्रसाद मौर्य ,लालजी प्रसाद वर्मा ,अजय गुप्ता,लालबहादुर सिंह सेंगर ने कर्ताओं को धन्यवाद देते हुए तीसरे दिन का कार्यक्रम समापन किया गया।

## विवाहिता ने पुलिस से की ससुरालियों के विरुद्ध मारापीट, उत्पीड़न की शिकायत

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** थाना क्षेत्र के ग्राम अल्लागंज में एक विवाहिता ने अपने पति समेत ससुरालियों पर दहेज को लेकर प्रताड़ित किए जाने व मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस पीडित की तहरीर पर जांच कर रही है। ग्राम पंचायत जलालपुर के मजरा ग्राम अल्लागंज निवासी इस्लाम की पत्नी फूलबी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया। कि उसका निकाह 19जून 2022को अल्लागंज निवासी इस्लाम के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से हुआ था। मायके वालों ने समर्थ के अनुसार लगभग दो लाख का दान दहेज दिया। फूलबी का आरोप है कि दिए गए दान दहेज से उसका पति इस्लाम, ससुर हनीफ, सास हनीफन खुश नहीं थे और अतिरिक्त दहेज में पांच लाख रुपये की मांग कर रहे थे।

## समस्याओं के निराकरण को व्यापारियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**गोला गोकर्णनाथं,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



शहर की विभिन्न समस्याओं से होने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए व्यापारियों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है। जिसमें प्रमुखता से कहा गया कि बजाज हिन्दुस्तान शुगर मिल पेराई सत्र शुरू होते ही चिमनियों से निकलने वाली केमिकल युक्त राख से शहरियों का जन जीवन प्रभावित हो रहा है। उसको विभिन्न प्रकार की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। साथ ही अस्थमा की शिकायत, आंखों पर पड़ने वाला दुष्प्रभाव व छतों पर सूख रहे कपड़े पर राख गिरने से खराब होने व यातायात की समस्या व्यापार को प्रभावित कर रही है। विद्युत विभाग द्वारा हाल में स्मार्ट मीटर लगाए जाने का कार्य किया गया। जिसमें उपभोक्ताओं के दिक्कतें हो रही है। मीटर स्पीड अधिक है, जिससे बिल ज्यादा आ रहा है। परिवहन निगम की बसों के द्वारा प्रेशर हॉर्न का नगर की सीमा के अंदर उपयोग किया जा रहा है। जिससे नगर में ध्वनि प्रदूषण की समस्या बनी हुई है। बसों को नियत स्थान पर ना रोक कर मनमाने तरीके से रोका जाता है। जिससे जाम की समस्या बनी है। ठंड के मौसम में कोहरे के चलते चोरियां होने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। शहर के वार्डों में रात्रि गश्त कराई जाए। नगर सहित छेत्र में बढ़ रहे हार्ट के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। आम जनमानस को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्डियोलॉजी के डाक्टर की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। नगर में पोस्टमार्टम हाउस बनाया जाए जिससे नगर सहित दूर दराज के लोगों को लखीमपुर ना जाकर स्थानीय स्तर पर सुविधा उपलब्ध हो सके। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष राममोहन सोनी, नगर अध्यक्ष पवन कुमार गुप्ता, नगर महामंत्री मुनेंद्र पाल सिंह, युवा नगर अध्यक्ष निकेत राठी, युवा महामंत्री सन्नी गुप्ता, नगर मंत्री सिराज अहमद, युवा वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्वजीत सोनी सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

## खैरीगढ़ पंचायत भवन का किया निरीक्षण



**निघासन खीरी।** बीडीओ जयेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को विकासखंड की ग्राम पंचायत खैरीगढ़ के पंचायत भवन का निरीक्षण किया। बीडीओ ने पंचायत भवन के रखरखाव, जन्म-मृत्यु पंजीकरण रजिस्टर, परिवार रजिस्टर आदि अभिलेख देखे तथा लोगों की दिक्कतों को दूर करने की बाबत जानकारी ली। पंचायत सेक्रेटरी तथा सहायक को अभिलेखों के सही रखरखाव तथा पंचायत भवन पर आम जनता की सहूलियत के लिए गसचिव व सहायक को मौजूद रहने की बाबत निर्देश दिए जिससे उनको ब्लाक न दौड़ना पड़े। इस दौरान ग्राम पंचायत सचिव विनय मौर्य सहित पंचायत सहायक राफिया खातून मौजूद रहीं व ग्रामीण मौजूद रहे।

## भावपूर्ण श्रद्धांजलि आयोजन के साथ पूर्व विधायक व कार्यकर्ताओं ने मनाई जयंती

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक, पदम् विभूषण मुलायम सिंह यादव की जयंती मनाई गई। पूर्व विधायक विनय तिवारी के आवास पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें समाजवादी पार्टी के संस्थापक, पदम् विभूषण, पूर्व रक्षा मंत्री और सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री नेताजी मुलायम सिंह यादव की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद पूर्व विधायक ने पौराणिक शिव मंदिर में गरीबों को ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरण किए। तथा सीएचसी में भर्ती मरीजों को फल बांटे। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष विजय पाठक, रियाज उल्ला खान, जिला सचिव सत्यराम वर्मा उर्फ लल्लन, विधानसभा अध्यक्ष शेर सिंह यादव, अनिल मिश्रा, नितिन तिवारी, प्रभात गुप्ता, शिवम् गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य गुफरान, गंगा, दीपक पटेल, राजी खान, प्रवीण कश्यप, एहतिशाम सहित सपा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।



## चीनी मिल की केमिकलयुक्त काली राख को लेकर शिक्षक संघ गरजा

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

**विधायक को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग**



चीनी मिल की चिमनियों से निकल रही केमिकलयुक्त काली राख से लोग इस कदर परेशान है। कि शहर के व्यापारी, शिक्षक, राजनैतिक संगठन एक के बाद एक अधिकारियों को ज्ञापन देकर मिल की केमिकल युक्त राख पर रोक लगाए जाने की मांग उठा रहे है। लेकिन इसके बाबजूद कार्रवाई के नाम पर नतीजा सिफर है। जबकि इस राख से शहर का आम आदमी, महिलाएं बेहद परेशान है। इसे लेकर आदर्श शिक्षक कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने विधायक अमन गिरि को ज्ञापन देकर नगरवासियों को इस समस्या से शीघ्र निजात दिलाए जाने की मांग की है। आदर्श शिक्षक कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने विधायक अमन गिरि को सौंपे ज्ञापन में कहा है। कि चीनी मिल में पेराई सत्र शुरू होते ही मिल की चिमनियों से काली राखी गिरने लगी है, जिससे नगरवासियों को अस्थमा, सांस लेने में परेशानी और आंखों की गंभीर बीमारियों से ग्रसित होने का खतरा बन गया है और जो इन बीमारियों से ग्रस्त है उनकी जान जाने का खतरा भी मंडरा रहा है। साथ ही छतों पर राख से लोगों को कपड़े, अनाज को सुखाने में परेशानी हो रही है। समिति के पदाधिकारियों ने विधायक से इन समस्याओं से नगरवासियों को शीघ्र निजात दिलाए जाने की मांग की है। ज्ञापन देते समय समिति के प्रांतीय अध्यक्ष विमलेश कुमार मिश्रा, कोषाध्यक्ष विनीत सिंह भदौरिया, स्नेहा मिश्रा, अर्चना मिश्रा मौजूद थे।

## चीनी मिल में गन्ना लाने वाले वाहनों का लंबा रूट डायवर्जन बर्दाश्त नहीं: श्रीकृष्ण

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष संतोष सिंह भदौरिया ने चीनी मिल में गनना लाने वाले किसानों को परेशान किए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने एसडीएम को दिए ज्ञापन में सत्याग्रह आंदोलन की चेतावनी दी है। जिसमें कहा है कि अलीगंज रोड, लखीमपुर रोड, सिकंदराबाद रोड, मोहम्मदी रोड, खुटार रोड, बांकेगंज क्षेत्र के किसानों को प्रशासन द्वारा एक रूट खुटार रोड बाईपास के गांव दतेली से होते हुए लगभग छः किलोमीटर अधिक चक्कर से घुमाकर चीनी मिल को गन्ना ले जाने को बाध्य किया जा रहा है। पिछले कई वर्षों से नगर के मिल रोड, मोहम्मदी रोड बाईपास, चीनी मिल से मेला मैदान होते हुए अलीगंज रोड, सिनेमा रोड से गोला लखीमपुर रोड से ग्रामीण क्षेत्र के लिए किसानों के अंश पूंजी से डायवर्जन रोड बनाई गई थी जिसे अब नगर पालिका गोला, नगर के बाहर ग्रामीण क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी ने किसानों से बिना पूंछे, बिना सहमति डाइवर्जन रोड तोड़ कर पक्की सड़क में मिला लिया है। पेराई सत्र शुरु होने पर प्रशासन किसानों को बेबजह परेशान करने के लिए किसानों के चीनी मिल को गन्ना सप्लाई करने के लिए खुटार रोड होते हुए रास्ता दिया जा रहा है। पटेल ने कहा है कि गोला नगर का प्रशासन किसानों के लिए हठधर्मिता कर चीनी मिल क्षेत्र अलीगंज रोड, लखीमपुर रोड, सिकंदराबाद रोड, मोहम्मदी रोड, खुटार रोड, बांकेगंज रोड के सभी किसानों को एक ही रूट खुटार रोड बाईपास रोड दतेली के पास से जो लगभग छः किमी दूर और चक्कर से गुजरने के लिए बाध्य किया गया है। यह किसानों के साथ अन्याय है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गोला नगर के अंदर चीनी मिल से लेकर मिल रोड मोहम्मदी बाईपास रोड तक और चीनी मिल से मेला मैदान होते हुए अलीगंज रोड व सिनेमा रोड से गोला लखीमपुर रोड तक किसानों के अंश पूंजी से बनाई गई डाइवर्जन रोड एक सप्ताह में मुक्त कराई जाए।

## लखीमपुर महोत्सव में धार्मिक, सांस्कृतिक, कवि सम्मेलन सहित होंगे विविध आयोजन

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



लखीमपुर महोत्सव आयोजन में तमाम रंगारंग कार्यक्रमों सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम, कवि सम्मेलन, मुशायरा आदि का आयोजन किया जाएगा। जिसे लेकर तहसील सभागार में अधिकारियों ने बैठक का आयोजन किया। शुक्रवार को तहसील सभागार में आयोजित बैठक में एसडीएम विनोद गुप्ता ने बताया। कि लखीमपुर महोत्सव 25नवंबर से शुरू होकर 28नवंबर तक चलेगा। 26नवंबर को दोपहर बाद 3:00 बजे हॉर्स शो होगा। सायं 5:00 बजे से मुशायरा, कवि सम्मेलन, लोक गायन, लोक नृत्य, मयूर नृत्य, कव्वाली, फिल्म शो का आयोजन किया जाएगा। जबकि 27 नवंबर को 5:00 बजे से शहर के पौराणिक शिव मंदिर से संबंधित देशभक्ति गायन, नृत्य, शिव तांडव, भजन संध्या, मयूर नृत्य, शिव विवाह, शिव मंदिर पर आध्यात्मिक प्रस्तुत, नुक्कड़ नाटक सहित तमाम कार्यक्रमों का आयोजन स्वर्गीय राजेंद्र गिरि स्टेडियम में किए जाएगे। कार्यक्रमों में विधायक अमन गिरि मौजूद रहेंगे। बैठक में पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, एसडीएम विनोद गुप्ता, सीओ गवेन्द्रपाल गौतम, तहसीलदार सुखबीर सिंह, बीडियो कुंभी, नायब तहसीलदार समेत कई सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी व विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## बाघ के हमले में युवक गंभीर रूप से हुआ घायल

**तिकुनिया खीरी।** खेत से घर आ रहे युवक पर बाघ ने हमला कर घायल कर दिया। युवक को परिजन निघासन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए युवक की हालत गंभीर सूचना पर वन विभाग की टीम कर रही मौका मुआयना। इलाके में बाघ के हमले लगातार होने से हड़कम मचा हुआ है लोग खेतों में जाने से घबराते हैं आए दिन बाघ के हमले बढ़ते ही जा रहे हैं दिन ब दिन बाघ जंगल से बाहर निकल कर खेतों में पनाह ले रहे हैं जिस कारण मानव तथा वन्यजीव संघर्ष बढ़ता ही जा रहा है,बताया जा रहा है कि बीती शाम को कोतवाली तिकुनियां क्षेत्र की पुलिस चौकी बेलरायां महाराजनगर गांव के श्रीराम उम्र 50 वर्ष खेतों की तरफ से अपने घर आ रहा था इसी बीच गन्ने के खेत से बाहर निकल कर बाघ ने अचानक श्रीराम पर हमला कर दिया बाघ के हमले से श्रीराम गंभीर रूप से घायल हो गया। इस मामले में दुधवा टाइगर रिजर्व बफरजोन उत्तर निघासन रेंज क्षेत्रीय वनाधिकारी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि बाघ के हमले की जानकारी मिलने पर वन विभाग की टीम को मौके पर भेजा गया है।घटना जंगल में हुई है या जंगल के बाहर जांच की जाएगी श्री सिंह ने लोगों को आगाह करते हुए कहा कि शाम को अकेले व चुपचाप जंगल के समीप व गन्ने के खेतों में न जाएं।



## रंजिशन गन्ने के खेत में आग लगाने का आरोप



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** ग्राम टोड़ीपुर में एक किसान का कई एकड गन्ना जल गया। किसान ने रंजिशन आग लगाए जाने का आरोप लगाते हुए गांव के ही दो लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। मैलानी थाना क्षेत्र के ग्राम टोड़ीपुर निवासी जगदीश प्रसाद अवस्थी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा। कि उनके खेत में गन्ना खड़ा है। थाना क्षेत्र के ही ग्राम देवीपुर, नीमगांव निवासी दबंगों ने बलपूर्वक जाकर गन्ने में आग लगा दी। जिससे उनका 300 क्विंटल गन्ना जल गया। जिससे उन्हे भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

## मानव तथा वन्यजीव संघर्ष रोकने को कार्यशाला आयोजित

**तिकुनिया खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



वन्य जीव संरक्षण की चुनौतियों एवं मानव वन्य जीव संघर्ष निवारण हेतु मीडिया कर्मियो की कार्यशाला दिनांक 22 नवम्बर 2024 को दक्षिण खीरी वन प्रभाग के अन्तर्गत लखीमपुर खीरी जनपद विश्व प्रकृति निधि-भारत के सहयोग से मीडिया कर्मियों को ÷वन्यजीव संरक्षण एवं उसके चुनौतियों तथा मानव वन्यजीव संघर्ष में मीडिया की भूमिका÷ विषय पर उन्मुखीकरण हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जनपद लखीमपुर एवं बहराइच के कतर्नियाघाट क्षेत्र के मीडिया संस्थान के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। रिसोर्स पर्सन के रुप में उप-निदेशक बफर जोन दुधवा टाईगर रिजर्व, डॉ. मुदित गुप्ता, वरिष्ठ समन्यवक, विश्य प्रकृति निधि-भारत एवं सोमरीत भट्टाचार्य, कम्युनिकेशन मैनेजर डब्लूडब्लूएफ-इण्डिया के नई दिल्ली उपस्थित रहे। संचालन डब्लू डब्लूएफ-इण्डिया के दबीर हसन ने किया। डॉ. मुदित गुप्ता ने सर्वप्रथम वन्यजीव सरंक्षण के विभिन्न आयाम को बताया और मानव-वन्यजीव संघर्ष के विभिन्न कारणों को बताया एवं वन्यजीव कारीडोर के महत्व को बताया सौरीष सहाय, प्रभागीय वनाधिकारी ने लखीमपुर मीडिया को सम्बोधित करतें हुए बताया मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटना आम जनमानस को जागरुक करने में मीडिया बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। उन्होंने मीडिया से तथ्यपरक तथा तटस्थ रिपोटिंग की अपील किया तथा वन्यजीव संरक्षण एवं मानव वन्यजीव संघर्ष रोकने में सभी विभागों एवं मीडिया के समन्वयव पर बल दिया। मुख्य प्रशिक्षक सोमरीत भट्टाचार्य ने वन्यजीवों के प्राकृतिवास, वन्यजीवों के व्यवहार तथा समाचारों की सकारात्मक रिर्पोटिंग के बारे में बताया। कार्यक्रम को वरिष्ठ पत्रकार प्रशान्त पाण्डेय, अभिषेक वर्मा, गंगेश उपाध्याय और सेवानिवृत रेंज अधिकारी और समाजसेवी अशोक कश्यप ने भी संबोधित किया।

## विधायक ने दिव्यांगों को बांटें उपकरण



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** ग्राम अहमदनगर के उच्च प्राथमिक विद्यालय में पीएमश्री योजना के तहत एलिम्को कानपुर के सहयोग से आयोजित दिव्यांग बच्चों के लिए उपकरण मापन एवं वितरण कैंप का शुभारंभ विधायक अमन गिरि ने किया। शिविर में विधायक अमन गिरि ने दिव्यांग बच्चों को ट्राईसाईकिल, व्हील चेयर, हैंडस्टिक आदि उपकरणों का वितरण किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि जवाहर वर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी श्रीराम सक्सेना, कार्यक्रम संयोजक माला श्रीवास्तव, मुकेश गुप्ता प्रधान अहमदनगर, विजयपाल वर्मा, नरेंद्र वर्मा, नीरज वर्मा, गौरव वर्मा, भोली गिरी ग्यांशु जायसवाल, मनोज गिर आदि लोग मौजूद रहे।

# तैयारी : दुधवा और लखनऊ के बीच हेलीकॉप्टर सेवा 25 से होगी शुरू

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** यूपी के पर्यटन स्थलों का भ्रमण करने वाले पर्यटकों के लिए राज्य सरकार ने हेलीकाप्टर सेवा शुरू करने की तैयारी की है। यह सेवा लखनऊ से दुधवा के बीच शुरू होगी। हेलीकॉप्टर संचालन के लिए 25 नवंबर की तिथि निर्धारित की गयी है।

लखनऊ से दुधवा सड़क मार्ग से जाने वाले पर्यटकों को साढ़े चार घंटे का समय लगता था, हेलीकॉप्टर सर्विस शुरू होने पर यह यात्रा घटकर मात्र एक घंटे रह जाएगी। हेलीकॉप्टर से यात्रा के लिए पर्यटकों को पांच हजार रुपए प्रति व्यक्ति किराए का भुगतान करना होगा। कल देर रात मेसर्स जेटसर्व एविएशन पर्यटन लि0 के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर कराया गया। यह जानकारी आज प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। मुख्यमंत्री द्वारा दुधवा नेशनल पार्क, कतर्नियाघाट वाइल्ड लाइफ सैंक्चुअरी एवं पीलीभीत टाइगर रिजर्व के चूका जैसे ईको टूरिज्म स्थलों पर सुगम आवागमन हेतु हेली सेवाएं प्रारम्भ करने के निर्देश दिए गए थे। 25 नवंबर से चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, लखनऊ से राजकीय हवाई पट्टी पलिया तक हवाई सेवा का शुभारंभ होना प्रस्तावित है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश का प्रमुख टाइगर रिजर्व दुधवा टाइगर रिजर्व का कोर जोन 884 वर्ग कि.मी. में स्थापित है। इसकी ख्याति न केवल देश में है, बल्कि विदेशों में भी है।

# जघन्य अपराधों से पीड़ित महिलाओं को सशक्त करने में जुटी सरकार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** जघन्य अपराधों से पीड़ित महिलाओं को सशक्त करने में जुटी योगी सरकार ने महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामलों में त्वरित न्याय और सहायता सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयासरत है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर, जघन्य अपराधों से पीड़ित महिलाओं की लंबित क्षतिपूर्ति को जल्द निस्तारित करने का आदेश दिया है। यह निर्णय राज्य की 'रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष योजना' के तहत लिया गया, जिसमें चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 50 करोड़ रुपये की धनराशि मंजूर की गई है। महिला कल्याण विभाग के तहत संचालित इस योजना का उद्देश्य हिंसा से पीड़ित महिलाओं और उनके परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है, ताकि वे समाज की मुख्यधारा में वापस लौट सकें और राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकें।

रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष के माध्यम से जघन्य अपराधों की शिकार महिलाओं को एक लाख रुपये से लेकर 10 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जाती है। यह राशि पीड़ित महिलाओं के इलाज, पुनर्वास, बच्चों की शिक्षा, और जीवन यापन में मदद करती है। सीएम योगी ने इस योजना में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया है। राज्य सरकार ने योजना के लिए न सिर्फ बजट आवंटन बढ़ाया है, बल्कि आम नागरिकों को भी इस कोष में योगदान करने के लिए प्रेरित किया है। कोष में योगदान करने वालों को आयकर अधिनियम की धारा 80जी के तहत कर में छूट दी जाती है। प्रदेश सरकार महिला कल्याण के प्रयासों से हिंसा पीड़ित हजारों महिलाओं को न केवल आर्थिक सहायता मिली है, बल्कि वे सामाजिक और मानसिक तौर पर भी सशक्त हो रही हैं।

### प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाएगी सरकार

प्रदेश में जघन्य अपराधों से पीड़ित महिलाओं के लिए संचालित यह योजना प्रभावी तरीके काम कर रही है। लेकिन आंकड़े बताते हैं कि जघन्य अपराधों के कई मामलों में सहायता प्रक्रिया लंबित है, जिसमें 701 प्रकरण पुलिस नोडल अधिकारी स्तर पर लंबित हैं। वहीं, 7583 प्रकरण नोडल चिकित्साधिकारी स्तर पर और 8893 प्रकरण जिला संचालन समिति स्तर पर लंबित हैं। योगी सरकार इन सभी 17177 लंबित प्रकरणों को इस महीने के अंत तक निस्तारित कर पीड़िताओं को राहत देने का निर्देश दिया है। निर्देश के बाद अब जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला संचालन समिति इन प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महिला कल्याण योजनाओं में क्रांतिकारी बदलाव किए गए हैं।

### सहायता का ढांचा तैयार

सरकार ने महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराधों, जैसे एसिड अटैक, बलात्कार और घरेलू हिंसा के मामलों में आर्थिक और सामाजिक सहायता प्रदान करने के लिए एक व्यापक ढांचा तैयार किया है। हिंसा की शिकार महिलाओं की तत्काल आर्थिक सहायता की जाती है, साथ ही उनके इलाज और पुनर्वास के लिए आर्थिक सहायता दी जाती है। महिलाओं के बच्चों की शिक्षा और भरण-पोषण की व्यवस्था भी सरकार इस कोष के माध्यम से करती है। पीड़ित महिलाओं को समाज में दोबारा सम्मानजनक जीवन जीने के लिए प्रेरित किया जाता है।

## खबरें एक नजर में

### सड़क दुर्घटना में बुजुर्ग की मौत, दो घायल

**लखनऊ,समृद्धि न्यूज।** बीकेटी सर्किल में अलग-अलग क्षेत्रों में हुए हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। जबकि दो युवक गंभीर रुप से घायल हो गए। पुलिस ने शिनाख्त कर शव को पोस्टमार्टम हाउस में भेज दिया है। वहीं, घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। इटौंजा थाना अंतर्गत डेरवा गांव निवासी मूलचंद (60) शुक्रवार सुबह लखनऊ-सीतापुर राज्यमार्ग किनारे पैदल जा रहे थे। इसी बीच बेहड़ा चक्की के पास तेज रफ्तार वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद वाहन चालक घटनास्थल से भाग निकाला। जबकि, दूसरी तरफ बीकेटी के शिवपुरी गांव के बाहर सुबह करीब आठ बजे तेज रफ्तार पिकप ने बाइक सवार सुजीत व पवन कुमार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में दोनों चोटिल हो गए। पुलिस ने घायलों को शाढ़मऊ के सौ शैय्या राम सागर संयुक्त चिकित्सालय में पहुंचाया है। जहां से उन्हें उपचार के लिए केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में रेफर कर दिया गया है।

### सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत, ड्राइवर फरार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के ट्रांसपोर्ट नगर में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। एंबुलेंस से व्यक्ति को लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान घायल ने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से ट्रक लेकर फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल भिजवाया। सीसीटीवी फुटेज की मदद से ट्रक और उसके चालक की पहचान की जा रही है। जानकारी के अनुसार, आशियाना सेक्टर आई में रहने वाले राममिलन कश्यप (50) शुक्रवार को अपने किसी काम से घर से निकले थे। ट्रांसपोर्ट नगर के पास तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं सरोजनी नगर थाना प्रभारी राजदेव प्रजापति ने बताया कि हादसे की जानकारी मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और घायल को लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान मौत हो गई।

### युवक की पीट-पीटकर हत्या, सड़क किनारे मिली लाश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में एक कारोबारी युवक की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी गई। उसे इतनी बुरी तरह मारा गया कि जबड़ा तक टूटा मिला। शुक्रवार सुबह गांव के बाहर सड़क किनारे उसकी लाश मिलने से सनसनी फैल गई। घटना बक्शी का तालाब थाना क्षेत्र के देवरी गांव की है। मृतक की पहचान अर्जुन लोधी (28) के तौर पर हुई है। वो गांव के पास ही परचून की दुकान चलाता था। अपनी पत्नी व बेटी के साथ रहता था। वह रोज की तरह दुकान बंद करके घर वापस आ रहा था। इसी दौरान लाठी-डंडों से उस पर हमला हुआ और पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। अर्जुन की पत्नी और बेटी के साथ गांव के लोग भी ऐसी घटना से सदमे में हैं। मृतक के परिवार ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

### गोदाम में लगी आग, बिस्कुट-कुरकुरे समेत लाखों का सामान जला

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के गोमती नगर में शुक्रवार सुबह गंगोत्री बिहार, खरगापुर स्थित श्रीबाला जी डिस्ट्रीब्यूशन के गोदाम में भीषण आग लग गई। घटना की सूचना सुबह 8.31 बजे फायर स्टेशन को मिली। सूचना पर थैव् गोमती नगर सुशील कुमार 2 फायर टेंडर के साथ मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। हजरतगंज, पीजीआई और इंदिरा नगर से तीन और फायर टेंडर घटनास्थल पर भेजे गए। इसके बाद करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। यह गोदाम ग्राउंड, बेसमेंट और फर्स्ट फ्लोर का बना हुआ है। आग पहले ग्राउंड फ्लोर पर लगी थी, लेकिन दमकल कर्मियों ने फर्स्ट फ्लोर और बेसमेंट में भी जांच करके पूरी तरह से आग को बुझा दिया। आग लगने की वजह से गोदाम में रखा बिस्किट, माचिस, कुरकुरे, चॉकलेट और आटा सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। गोमती नगर सीएफओ सुशील कुमार के नेतृत्व में दमकलकर्मियों ने त्वरित और कुशलता से आग पर काबू पाया।

### खनन विवाद को लेकर चली गोली, युवक गंभीर हालत में भर्ती

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बीकेटी थाना क्षेत्र देर रात खनन को लेकर हुए विवाद में कुलदीप सिंह (27) पुत्र अंबर सिंह निवासी दिगोई थाना बीकेटी को गोली मारी गई। यह घटना कठवारा चौकी क्षेत्र की है, जहां लगातार अवैध खनन की घटनाएं सामने आती हैं। मामला मिट्टी खनन में रंगदारी से जुड़ा बताया जा रहा है। विवाद इतना बढ़ गया कि एक पक्ष ने गोली चला दी, जिसमें कुलदीप सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। गोली लगने के बाद घायल युवक को तत्काल लखनऊ के बलरामपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार, उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। कठवारा चौकी क्षेत्र में लगातार अवैध खनन की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। बीकेटी पुलिस मामले की जांच में जुटी है। हालांकि, अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

### भाजपा प्रवक्ता अदाणी के बचाव में मैदान संभाल चुके हैं : प्रमोद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने अदाणी पर करोड़ो के रिश्वत को लेकर अमेरिकी अदालत में लगे आरोप को राष्ट्रीय प्रतिष्ठा पर गहरा आघात करार दिया है। उन्होनें देश के गरीब तथा मध्यम वर्ग के साथ राष्ट्रीय हित से जुडे इस गंभीर मसले को संसद के सत्र में विपक्ष की ओर से सरकार की जबाबदेही तय करने के लिए जोरदार ढंग से उठाए जाने का भी ऐलान किया है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि अमेरिका के न्यूयार्क अदालत में गौतम अदाणी समेत उनकी कंपनी पर सौर उर्जा अनुबन्ध को लेकर भारत में दो हजार दो सौ छत्तीस करोड़ की रिश्वत का गंभीर आरोप लगा है।

# भारत ने हमेशा शांति, सौहार्द और सह-अस्तित्व को दी प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

▸ सीएम योगी ने मुख्य न्यायाधीशों के 25वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का किया उद्घाटन

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी ने वसुधैव कुटुंबकम के आदर्श वाक्य के महत्व पर जोर देते हुए इसे भारत की वैश्विक मानवता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया है। उन्होंने इसे भारत का शाश्वत संदेश बताते हुए कहा कि हमने हमेशा से शांति, सौहार्द और सह-अस्तित्व को प्राथमिकता दी है।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को एलडीए कॉलोनी, कानपुर रोड स्थित सिटी मॉन्टेसरी स्कूल (सीएमएस) के वर्ल्ड यूनिटी कन्वेंशन सेंटर में विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के 25वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करने के दौरान अपने संबोधन में कहा कि वसुधैव कुटुंबकम भारत का आदर्श वाक्य है। हमने हमेशा से शांति, सौहार्द और सह-अस्तित्व को प्राथमिकता दी है। कार्यक्रम में 56 देशों के 178 मुख्य न्यायाधीश और डेलिगेट्स ने भाग लिया। मुख्यमंत्री ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 51 की भावनाओं को विश्व शांति और सुरक्षा के लिए प्रेरक बताया। उन्होंने कहा कि यह अनुच्छेद सम्मानजनक अंतरराष्ट्रीय संबंधों को विकसित करने और संघर्षों को शांतिपूर्ण ढंग से हल करने के लिए नैतिक मार्ग का अनुसरण करने के लिए हम सभी को प्रेरित करता है।

उन्होंने कहा कि 26 नवंबर 2024 को संविधान अंगीकरण के 75 वर्ष पूरे होंगे। यह संविधान के अंगीकृत होने के अमृत महोत्सव वर्ष की शुरुआत के दौरान आयोजित हो रहा है। योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संयुक्त राष्ट्र के समिट ऑफ द फ्यूचर में दिये गये संबोधन की चर्चा करते हुए कहा कि युद्ध समस्याओं का समाधान नहीं है। युद्ध ने दुनिया के ढाई अरब बच्चों के भविष्य को खतरे में डाला है। वे एकजुट होकर आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और भयमुक्त समाज का निर्माण करें मुख्यमंत्री ने भारत की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की सक्रिय भागीदारी से यह स्पष्ट होता है कि भारत विश्व शांति और सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है। सीएमएस के संस्थापक डॉ. जगदीश गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी दूरदृष्टि और प्रयासों से यह सम्मेलन एक महत्वपूर्ण मंच बना है। उन्होंने डॉ. भारती गांधी और गीता गांधी को इस कार्यक्रम को अनवरत जारी रखने के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर हंगरी की पूर्व राष्ट्रपति, हैती रिपब्लिक के पूर्व प्रधानमंत्री सहित दुनिया के 56 देशों से आए हुए न्यायमूर्तिगण, सीएमएस की संस्थापक निदेशक डॉ भारती गांधी, प्रबंधक गीता गांधी किंगडन समेत स्कूली बच्चे और अभिभावकगण मौजूद रहे।

### विश्व कल्याण के मार्ग को प्रशस्त करेगा यह आयोजन

मुख्यमंत्री ने सम्मेलन को वैश्विक संवाद और सहयोग का मंच बताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि अनुच्छेद 51 की भावना के अनुरूप यह आयोजन विश्व कल्याण के मार्ग को प्रशस्त करेगा। उन्होंने दुनिया भर के न्यायाधीशों से इस दिशा में सक्रिय योगदान देने का भी आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने संविधान के अनुच्छेद 51 की चर्चा करते हुए कहा कि यह वैश्विक शांति और सौहार्द की दिशा में भारत की सोच को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह अनुच्छेद संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान और सभी देशों के बीच सम्मानजनक संबंधों को बढ़ावा देने का संदेश देता है।

# संभल जामा मस्जिद विवाद में सरकार और सुप्रीम कोर्ट ले संज्ञान : मायावती

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने संभल की जामा मस्जिद को लेकर शुरू हुए विवाद पर शुक्रवार को सरकार तथा उच्चतम न्यायालय से संज्ञान लेने की अपील की। मायावती ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''उत्तर प्रदेश के संभल जिले की शाही जामा मस्जिद को लेकर अचानक विवाद, सुनवाई और फिर उसके फौरन ही बाद आपाधापी में सर्वेक्षण की खबरें राष्ट्रीय चर्चा तथा मीडिया की सुर्खियों में हैं।

उन्होंने कहा, ''किन्तु इस प्रकार से सद्भाव और माहौल को बिगाड़ने का संज्ञान सरकार तथा माननीय उच्चतम न्यायालय को भी जरूर लेना चाहिए।'' संभल जिले की एक अदालत के आदेश पर मंगलवार को वहां की जामा मस्जिद का सर्वेक्षण किया गया। दावा है कि इस मस्जिद का निर्माण किसी मंदिर को खंडित करके किया गया है। याचिकाकर्ता अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने मंगलवार को बताया था कि दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिविजन) की अदालत ने जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के लिये 'एडवोकेट कमीशन' गठित करने के निर्देश दिये।

अदालत ने कहा है कि कमीशन के माध्यम से वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी सर्वे कराकर अदालत में रिपोर्ट दाखिल की जाए। जैन ने कहा था, ''संबल में हरिहर मंदिर हमारी आस्था का केंद्र है। हमारी धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यहां पर दशावतार में से कल्कि अवतार यहां से होना है। बाबर ने 1529 में मंदिर को तोड़ कर मस्जिद में बदलने की कोशिश की थी। यह भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा संरक्षित क्षेत्र है। उसमें किसी भी तरह का अतिक्रमण नहीं हो सकता।'

# भ्रांतियों को दूर करने में सामुदायिक रेडियो की बड़ी भूमिका : प्रमुख सचिव

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** स्वास्थ्य घर से शुरू होना चाहिए, अस्पताल से नहीं और इस उद्देश्य को पूरा करने में सामुदायिक रेडियो अहम भूमिका निभा सकते हैं। नई विकसित हो रहीं बीमारियों और वर्षों से चली आ रही भ्रांतियों को दूर करने में सामुदायिक रेडियो की बड़ी भूमिका हो सकती है। इसलिए सामुदायिक रेडियो स्टेशन को मनोरंजन के साथ-साथ नए मुद्दों पर अपने समुदाय को उनकी स्थानीय भाषा में बताना चाहिए।

प्रमुख सचिव चिकित्सा व स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा ने यह बात प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए 33 सामुदायिक रेडियो के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कही। बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन के सहयोग से 'स्मार्ट' संस्था द्वारा एक स्थानीय होटल में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में प्रमुख सचिव ने कहा कि सामुदायिक रेडियो अगर अपने समुदाय की समस्याओं पर बात करेंगे और जागरूक करने वाले कार्यक्रम करेंगे तो ही उपयोगी रहेंगे। उन्होंने कहा कि समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिर व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अगर सक्रिय हो गए तो मेडिकल कालेजों व जिला अस्पताल पर लोड घट जाएगा और उनको सक्रिय करने में सामुदायिक भागीदारी आवश्यक है और इसमें सामुदायिक रेडियो से सहयोग अपेक्षित है। प्रमुख सचिव ने कहा कि कम उम्र में शादी न होना, परिवार नियोजन, टीकाकरण, 102-108 एंबुलेंस, आयुष्मान भारत योजना, ई रूपी बाउचर, संस्थागत प्रसव, स्तनपान और पूरक आहार, टीबी, डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, माहवारी स्वच्छता, पोषण जैसे मुद्दों पर सामुदायिक रेडियो को बार-बार बात करनी चाहिए। साल भर में विशेष दिवस पर खासतौर पर बात करनी चाहिए। स्टेट एजेंसी फार काम्प्रेहेंसिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज (साचीज) की सीईओ संगीता सिंह ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत प्रदेश मे 5800 सरकारी व प्राइवेट अस्पताल सूचिबद्ध हैं। सूबे में पांच करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं। इस योजना के तहत 26 विभिन्न प्रकार की बीमारियों का इलाज निःशुल्क कराया जा सकता है। उन्होंने रेडियो प्रतिनिधियों को बताया कि आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर आप लोगों को जनता को जागरूक करना चाहिए। लोग सर्विस आपरेटर के पास जाते हैं और पैसा देते हैं लेकिन वह खुद अपने मोबाइल पर आयुष्मान कार्ड बना सकते हैं।

### कार ने ई-रिक्शे को मारी टक्कर, नौ लोग घायल

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ के तालकटोरा थाना क्षेत्र में भीषण सड़क हादसा हो गया। एक अज्ञात वाहन की टक्कर से एक ही परिवार के 9 लोग घायल हो गए। घायलों में परिवार के तीन बच्चे भी हैं। आरोपी ड्राइवर मौके से फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक परिवार हसन अली पुत्र अमीर अली निवासी करीमगंज थाना सआदतगंज लखनऊ का है। पीड़ित हसन अली ने बताया कि कल रात 11 बजे ई-रिक्शे से बैठकर अपने घर की ओर आ रहा था। तभी पत्थर कटा स्थित मंदिर के पास चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। इससे रिक्शे मे बैठे मेरे परिवार के लोग जिनमें मैं व मेरी पत्नी तसव्वुर, बेटा राशिद, आलिम व बहू समरीन व अक्शा व पोती रमशा, इनायत व वारिशा के काफी चोटें आई। वारिशा गंभीर रूप से घायल है। टक्कर मारने के बाद वाहन चालक वाहन लेकर वहा से भाग गया है। घटना की सूचना वही के लोगो ने 112 पर डायल कर दिया था जिसके बाद पुलिस मौके पर आकर मौका मुआयना किया। हम सभी को अस्पताल भेजा। वाहन चालक का कोई पता नहीं चल सका है। मैंने थाने पहुँच कर अपनी शिकायत दर्ज कराई है, परंतु अभी तक मेरे पास ना ही कोई काल आई है ना मेरी एफ आई आर दर्ज की गई है।



नगर निगम के त्रिलोक नाथ हाल में गृह कर समाधान दिवस पर जनता की समस्याएं सुनते महापौर सुषमा खर्कवाल नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह।

### पूर्व राज्यपाल रामनरेश यादव की 9वीं पुण्यतिथि मनाई गई

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** स्वर्गीय रामनरेश यादव फाउंडेशन ट्रस्ट के तत्वाधान में ट्रस्ट के प्रधान कार्यालय सी 1/706 विशाल खंड गोमती नगर लखनऊ में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं मध्य प्रदेश के पूर्व राज्यपाल की 9वी पुण्यतिथि सादगी के साथ मनाई गई इसमें मुख्य रूप से ट्रस्ट के अध्यक्ष कमलेश यादव कोषाध्यक्ष सिद्धांत सिंह यादव, सचिव रोशनी यादव महामंत्री मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी, आई पी सिंह एडवोकेट हाई कोर्ट पूर्व स्टैंडिंग काउंसिल हाई कोर्ट लखनऊ बेंच, अजीत यादव एडवोकेट हाई कोर्ट, जीवन यादव एडवोकेट हाई कोर्ट, अभिराम बीडीसी मेंबर पवई आजमगढ़, हरिश्चंद्र यादव पूर्व अधिकारी शुगर फेडरेशन, वरिष्ठ पत्रकार अजय कुमार, जुबेर अहमद पत्रकार, नंद किशोर यादव पत्रकार,गौरव, बाल गोविन्द यादव आजमगढ़ सहित आज सुबह से ही बहुत सारे शिक्षाविद विभिन्न संस्थाओं के संस्थापक और गणमान्य व्यक्ति तथा बाबूजी से स्नेह रखने वाले बहुत सारे लोगो ने उन्हे श्रद्धांजलि दी । इस अवसर पर कमलेश यादव ने सभी उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राजनीति में आज राष्ट्रीय चरित्र एवं मूल्यो पर आधारित राजनीति करने की आवश्यकता है तथा सर्वधर्म सम्भाव के साथ चलने में ही मानवता और संपूर्ण समाज का कल्याण है।

**कुंभ** | देश भर के हजारों लोक कलाकारों को संस्कृति विभाग प्रदान करेगा कला प्रस्तुति का मंच

# महाकुंभ में प्रवाहित होगी कला, संस्कृति व अध्यात्म की त्रिवेणी

समृद्धि न्यूज

▸ झूंसी, अरैल व संगम क्षेत्र में 3 वृहद सांस्कृतिक मंचों में होगी शास्त्रीय और उप शास्त्रीय विधाओं की प्रस्तुति

**लखनऊ/प्रयागराज।** महाकुम्भ भारतीय संस्कृति का दर्पण बने, प्रदेश की योगी सरकार इसका प्रयास कर रही है। उत्तर प्रदेश के संस्कृति विभाग की तरफ से इसे लेकर विविध आयोजन किए जा रहे हैं। इससे आस्था के इस महा समागम में आस्था और अध्यात्म के विविध रंगों के साथ समृद्ध भारतीय संस्कृति के भी विभिन्न स्वरूपों के दर्शन होंगे।

महाकुम्भ में सनातन धर्म की धार्मिक और आध्यात्मिक परम्पराओं के दिव्य और भव्य दर्शन के साथ भारत की समृद्ध भारतीय संस्कृति की झलक भी दिखेगी। संस्कृति विभाग की तरफ से इसे लेकर कई आयोजन किए जाएंगे। आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक त्रिवेणी में पुण्य स्नान करने के बाद भारतीय संस्कृति के विविध आयामों से भी अवगत हो सकें, इसके लिए सबसे पहले कला कुम्भ का आयोजन होगा। नागवासुकी क्षेत्र के पास कला कुम्भ शिविर बनाया जाएगा जिसमे देश भर की विविध कलाओं की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। संगम आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को भारत की परम्पराओं के साथ यहां की कलाओं और उसके विविध विधाओं के भी दर्शन हो, इसके लिए कुम्भ क्षेत्र तीन बड़े सांस्कृतिक मंच बनाए जाएंगे। इनकी क्षमता एक हजार से अधिक दर्शकों की होगी। कुम्भ क्षेत्र में झूंसी, अरैल संगम क्षेत्र में इनका निर्माण किया जाएगा। स्नान पर्वों को छोड़कर पूरे महाकुम्भ में 35 दिन यहां शास्त्रीय और उप शास्त्रीय प्रस्तुतियां होंगी। परेड ग्राउंड में गंगा पंडाल में भी देश के जाने माने सेलिब्रिटी कलाकारों की प्रस्तुतियां होती रहेंगी।




### शहर में 20 स्थानों पर बनेंगे लघु सांस्कृतिक मंच

अतिथि देवो भव के मूलमंत्र को लेकर आने वाले आगंतुकों का अभिनन्दन होगा। कुम्भ क्षेत्र के अलावा शहर के अंदर भी जगह जगह प्रस्तुतियों के लिए मंच तैयार किए जाएंगे। विभिन्न मार्गों से शहर होकर कुम्भ क्षेत्र जाने वाले आगंतुकों के अभिनंदन और मनोरंजन के लिए 20 लघु सांस्कृतिक मंचों का निर्माण किया जाएगा। ये मंच पूरी तरह लोक कलाकारों को समर्पित होंगे। यहां अलग अलग लोक कलाओं के दक्ष कलाकार दिन रात अपनी प्रस्तुतियां देंगे। 10 जनवरी 2025 से ये प्रस्तुतियां आरम्भ करने की संस्कृति विभाग का योजना है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह का कहना है कि महाकुम्भ में लघु भारत की झलक दिखेगी। भारतीय संस्कृति की विरासत, कला और संगीत के विभिन्न आयामों का समावेश करने के लिए संस्कृति विभाग की तरफ कुम्भ में कई आयोजन किए जा रहे हैं। जिससे धार्मिक, आध्यत्मिक कला कुम्भ के आयोजन में चार वृहद सांस्कृतिक मंच और कुम्भ क्षेत्र के बाहर 20 लघु सांस्कृतिक मंचों की स्थापना की जाएगी जिसमें हजारों लोक कलाकारों को अपनी प्रदेश एवं देश कला की प्रस्तुति का मंच मिलेगा।

### व्यापारियों ने पुलिस अफसरों को किया सम्मानित

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को आदर्श व्यापारी एसोसिएशन के पाधिकारियों ने डीसीपी नार्थ रामनयन सिंह से मुलाकात किया। क्षेत्र में स्थापित कानून व्यवस्था की सराहना किया। इस मौके पर व्यापारियों ने एसीपी गाजीपुर अनिंद्रा विक्रम सिंह से भी मुलाकात करके व्यापारियों और क्षेत्र वासियों को दी जाने वाली सुविधा के लिए आभार व्यक्त किया। व्यापार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी ने कहा की पुलिस की जागरूकता और सतर्कता से ही हम लोग सुरक्षित रहते हैं। हमारे बीच के तमाम छोटे बड़े व्यापारी निश्चित होकर व्यापार करते हैं। इसलिए आवश्यक है कि ऐसे कर्मठ और जुझारू अधिकारियों को सम्मानित करके उनके काम की सराहना की जाए। त्योहार पर अपना घर, परिवार छोड़कर हम लोगों की सेवा में पुलिस के जवान लगे रहते हैं।

# विरोध प्रदर्शन : पेंशन राशि बढ़ाए सरकार और कटौती करे बंद

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को पेंशनरों ने विरोध प्रदर्शन किया। हजरतगंज स्थित बीएन सिंह की मूर्ति पर एकत्रित होकर अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की।

राज्य सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अमरनाथ यादव ने कहा ये बेहद अफसोस की बात है कि तमाम बुजुर्ग रिटायर्ड कर्मचारी धरना देने पर मजबूर हैं। अमरनाथ यादव ने कहा बढ़ती महंगाई के कारण पेंशनर्स के लिए मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। हमारी मांग है कि 10 साल के बाद पेंशन से किसी भी तरीके की कटौती बंद होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि पंजाब सरकार ने 10 साल के ऊपर कटौती बंद करने के लिए आदेश जारी कर दिया है।

जम्मू कशमीर, चंडीगढ़ एवं इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भी तमाम याचिकाओं में 10 वर्ष से ऊपर कटौती को अनुचित बताते हुए स्थगन आदेश जारी किया है। अमरनाथ यादव ने कहा पेंशन के संबंध में केंद्र सरकार सामान्य आदेश जारी करे। हमारी मांग है कि सभी राज्यों में पेंशन को लेकर सरकार का नियम एक जैसा होना चाहिए। महामंत्री ओपी त्रिपाठी ने कहा हमारी मांग है कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों का स्वास्थ्य कार्ड जारी किया जाए। 60 वर्ष से लेकर 80 साल तक सरकार पेंशन वृद्धि प्रदान नहीं करती है।

# गांधी पार्क टाउनहॉल में जनपद स्तरीय कृषक रबी गोष्ठी आयोजित

## रबी गोष्ठी में जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टाल का जिला पंचायत अध्यक्ष, डीएम व सीडीओ ने किया अवलोकन

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**




डीएम नेहा शर्मा की अध्यक्षता में जनपद के टाउनहॉल में जनपद स्तरीय रबी गोष्ठी, कृषक जागरूकता कार्यक्रम एवं जैविक मेले का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र ने अपने संबोधन में कृषकों का आह्वान किया कि वे कृषि एवं अनुषांगिक विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का बढ़-चढ़कर कर लाभ उठाएं।

जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा ने अपने उद्बोधन में किसानों को जैविक खेती के तरफ अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कृषकों का आह्वान किया कि वे सफलता के कीर्तिमान स्थापित करने वाले प्रगतिशील कृषकों से प्रेरित होकर तकनीकी पद्धति से खेती किसानी का कार्य करें जिससे अधिक उत्पादन के साथ ही साथ गुणवत्तापूर्ण उत्पादन भी प्राप्त हो सके।

मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने अपने उद्बोधन में कृषकों को पराली जलाने के स्थान पर उनके यथा स्थान प्रबंधन के विषय में प्रेषित किया उन्होंने कृषकों को कृषि में रसायनों का प्रयोग कम से कम करने की सलाह देते हुए यथासंभव जैविक पद्धति से खेती करने की सलाह दी।

केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री के प्रतिनिधि रमाशंकर मिश्रा ने कृषि विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा कृषकों एवं आम जनमानस के लिए किए जा रहे प्रयासों की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए किसानों को इसका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

उप कृषि निदेशक श्री प्रेम कुमार ठाकुर ने अपने उद्बोधन में जनपद में खाद एवं बीज की उपलब्धता के विषय में जानकारी देते हुए कृषकों को आश्वस्त किया कि इसके विषय में किसानों को कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कृषि के लिए अच्छी नहीं है इसके स्थान पर अन्य विकल्पों का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने फसल अवशेष जलाने से होने वाले नुकसान के विषय में भी कृषकों को जानकारी दी। जिला कृषि अधिकारी डॉ प्रमोद कुमार ने किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए उर्वरकों के उचित प्रबंधन के विषय में भी जानकारी दी। जिला गन्ना अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने गन्ना कृषकों की समस्याओं के समाधान के विषय में विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों के विषय में कृषकों को अवगत कराया। जिला उद्यान अधिकारी रश्मि शर्मा ने उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के विषय में जानकारी दी। उपनिदेशक रेशम ने कृषकों को रेशम विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों एवं योजनाओं के विषय में अवगत कराया। कृषि वैज्ञानिक डॉ राम लखन सिंह ने कृषकों को रबी फसलों के उत्पादन तकनीक एवं फसलों के यथा स्थान प्रबंधन के विषय में जानकारी दी।कृषि विज्ञान केंद्र गोपाल ग्राम के कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर चंद्रदेव त्रिपाठी ने कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा कृषकों को उपलब्ध कराई जा रही तकनीकी सेवाओं के विषय में जानकारी दी। प्रगतिशील कृषक श्री ओम प्रकाश पांडे एवं श्री रवि शंकर सिंह ने भी अपने अनुभवों को किसानों के मध्य साझा किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्राविधिक सहायक श्री आरपीएन सिंह ने किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों एवं प्रतिष्ठानों द्वारा अपने स्टाल भी लगाए गए जिस पर पहुंचकर किसानों ने उपयोगी जानकारी प्राप्त की।

## ग्राम पड़री पारासराय में बन रहे आरआरसी सेंटर का जिलाधिकारी ने लिया संज्ञान




जांच में जुटे अधिकारी

**गोण्डा, समाधि न्यूज।** जनपद के ब्लाक रुपईडीह के ग्राम पंचायत पंडरी पारासराय में ठेकेदारी प्रथा पर कूड़ा घर निर्माण में जम कर मानकविहीन सामग्रियों का इस्तेमाल कर भ्रष्टाचार किया जा रहा है जो जांच का विषय है। जिसकी जानकारी होने पर मीडिया कर्मियों द्वारा मौके पर जाकर देखा तो मानकविहीन तरीके से कूड़ा घर (आरआरसी)का निर्माण दबंग ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा था जिसके कारण कई लोगों ने कहा कि जे.ई अथवा सचिव नतमस्तक है। यही नहीं बातों ही बातों में ठेकेदार ने कहा की ब्लाक अन्तर्गत कई गांवों में इसी तरह से कार्य हो रहा है परन्तु कोई शिकायत और चेक करने तक नही गया। मानकविहीन निर्माण कार्य की जानकारी जिलाधिकारी और जिला पंचायत राज अधिकारी को जानकारी दी गई थी और खबरे भी प्रकाशित हुई थी परन्तु लगभग एक हफ्ता बीत जाने के बाद भी कार्यवाही शून्य थी। जिसपर पुनः जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने संज्ञान लिया और जिला पंचायत राज अधिकारी से जानकारी की तो मामले में हड़कंप मच गया।बता दे सरकार स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत लाखों और करोड़ों रुपये ग्राम पंचायतों को प्रदान करती है जिससे स्वच्छता अभियान का पालन करवाकर गाव में स्वच्छता मिशन के अंतर्गत स्वच्छता को कायम किया जा सके,जिसके अंतर्गत तमाम ग्राम पंचायतो में कूड़ा घर (आरआरसी सेन्टर) बनने का कार्य जोर शोर से हो रहा है। मानकविहीन निर्माण कार्य को लेकर जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जिला पंचायत राज अधिकारी गोण्डा को तत्काल जांच कर कार्यवाही करने का निर्देश दिया है।

# दो मेडिकल प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी

- छापेमारी के दौरान 11 औषधियों का रैंडम्ली आधार पर नमूना संग्रहित कर भेजा गया प्रयोगशाला

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



आयुक्त, खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेश के क्रम में जिला औषधि निरीक्षक राजिया बानो द्वारा प्राइवेट अस्पताल एवं नर्सिंग होम परिसर में संचालित औषधि प्रतिष्ठान पर नियमों के उल्लंघन कर बिना बिल के दवाएं विक्रय करते पाए जाने पर लाईसेंस निलंबन के चेतावनी दी गई, एवं ऊंचे दामों पर औषधियों का विक्रय करने, गुणवत्तापरक औषधियों की उपलब्धता, डीपीसीओ के अंतर्गत औषधियों का अधिकतम खुदरा मूल्य, फार्मासिस्ट की उपस्थिति, सिड्यूल एच 1 का रजिस्टर,कैश मेमो, एवं क्रय विक्रय अभिलेखों का सघन जांच एवं छापे की कार्यवाही कि गई, छापेमारी की कार्यवाही के दौरान अवध हॉस्पिटल के अंतर्गत अवध मेडिकल हॉल, लाइफ लाइन हॉस्पिटल के अंतर्गत एस एस फार्मेसी, नारायण हॉस्पिटल के अंतर्गत नारायण फार्मेसी, सनराइज हॉस्पिटल के अंतर्गत सनराइज मेडिकल स्टोर एवं सी एच सी परसपुर के निकट सेठ मेडिकल स्टोर, अभिषेक मेडिकल स्टोर, रामापुर करनैलगंज रोड स्थित रमेश मेडिकल स्टोर एवं नियर सूरज होटल स्थित सूरज मेडिकल स्टोर का निरीक्षण कर प्रतिष्ठान पर रखी विक्यार्थ प्रदर्शित औषधियों में से 11 औषधियों का रेंडम्ली आधार पर नमूना संग्रहित कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया। अवैध रूप से नशीली औषधियों की बिक्री पर प्रतिबंध/रोकथाम हेतु आगे भी छापे की कार्यवाही जारी रहेगी। साथ ही सभी हॉस्पिटल को यह निर्देशित किया गया कि जिनके पास अनुज्ञप्ति पत्र नहीं है वो जल्द से जल्द आवेदन कर अनुज्ञप्ति पत्र प्राप्त कर लें। रामापुर स्थित दो प्रतिष्ठान सुरेंद्र मेडिकल स्टोर एवं कुसुम नारायण मेडिकल स्टोर एवं फार्मा क्लीनिक प्रतिष्ठान बंद करके भाग गए, जिनको कारण बताओ नोटिस, सहायक आयुक्त औषधि, देवीपाटन मंडल, गोंडा द्वारा प्रेषित किया गया।

## प्रधान प्रतिनिधि ने चोरी से विद्युत केबिल काटने को लेकर की शिकायत

**कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के प्रधान प्रतिनिधि ने उपजिलाधिकारी को पत्र देकर चोरी से विद्युत केबिल काटने वाले व्यक्ति के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करवाने की मांग की है। कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत नहवा परसौरा के प्रधान प्रतिनिधि अधिवक्ता अरविन्द कुमार शुक्ल ने एसडीएम क़ो दिये गये पत्र में कहा है कि ग्राम पंचायत में विभाग द्वारा विद्युत पोल स्थापित करवाकर लाइन सही कराई गई थी। विभाग के अधिकारियों क़ी सहमति पर क्षेत्र में एक व्यक्ति विद्युत से संबंधित कार्य करवाने के नाम पर फर्जी तरीके से वसूली कर रहा है। वही व्यक्ति विद्युत पोल पर लगी केबिल चोरी से काटने लगा। मना करने पर बताया की पावर हॉउस पर केबिल मांगा गया है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी भारत भार्गव ने बताया की विद्युत विभाग के एसडीओ क़ो तीन दिवस में जांच कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं।

# बलरामपुर में तैनात सिपाही ने अन्य के साथ मिलकर जमीन पर किया कब्जा

- राम गांव थाने की पुलिस के साथ थानाध्यक्ष भी नहीं रोक सके अवैध कब्जा
- एसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले के खसहा मोहम्मदपुर गांव निवासी सगे भाइयों की जमीन को बलरामपुर में तैनात सिपाही और उसके परिवार के लोगों ने कब्जा कर निर्माण कर लिया। शिकायत मिलने पर राम गांव थाने की पुलिस आई, लेकिन किसी ने कोई कार्रवाई नहीं की। निर्माण कार्य चलता रहा। राम गांव थाना क्षेत्र के ग्राम खसहा मोहम्मदपुर गांव निवासी बैजनाथ और जगमोहन सगे भाई हैं। दोनों ने पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि उनके घर की छह फीट चौड़ी और 100 फीट लंबी जमीन पुश्तैनी है। यह रास्ता भी है। लेकिन इस जमीन पर बलरामपुर जिले में तैनात सिपाही पवन कुमार, दुर्गा प्रसाद, चेतन, अनुपम कुमार, पप्पू पुत्र राजेंद्र कुमार, देवकी नंदन ने जमीन पर कब्जा कर लिया। इसके बाद सभी ने निर्माण शुरू करवा दिया। बैजनाथ ने इसकी शिकायत थाने में की। राम गांव थाने की पुलिस आई। लेकिन निर्माण नहीं रुकवाया। इसके बाद दरोगा और थानाध्यक्ष आए,लेकिन वह भी फोटो खींचकर चले गए। किसी के द्वारा कोई कार्यवाई नहीं की। ग्रामीण न्याय के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में चक्कर लगा रहे हैं। सभी ने एसपी बलरामपुर और बहराइच को शिकायती पत्र देकर जांच के बाद कार्यवाई की मांग की है। न्याय न मिलने पर कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

## खबरें एक नजर में

### दिव्यांग बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण के अवसर पर स्पोर्ट्स इवेंट का आयोजन तहसील पयागपुर के बीआरसी प्रांगण में आयोजित किया गया। जिसमें दिव्यांग बच्चों का खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।सर्वप्रथम खंड शिक्षा अधिकारी डाली मिश्रा द्वारा मां सरस्वती पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम मंच संचालन गोपाल जी शुक्ला एवं खेलकूद कार्यक्रम महेंद्र प्रताप सिंह व्यायाम शिक्षक द्वारा संपन्न कराया गया । पचास मीटर दौड़ में बालक नंदन त्रिपाठी प्रथम रहमान द्वितीय रहमान तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं बालिका दौड़ में नेहा पूनम सुंदर क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे ।इसी प्रकार सुलेख,आलेख कुर्सीदौड़, योगासन स्वागत गीत आदि कार्यक्रम कराए गए ।प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को उचित पुरस्कार व सांत्वना पुरस्कार खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा दिया गया। इस अवसर पर स्पेशल एजुकेटर राजेश कुमार पटेल,आरती सिंह विकासखंड पयागपुर,वेद प्रकाश यादव पंकज कुमार श्रीवास्तव, साकेतमणि पांडेय विकासखंड हुजूरपुर तथा स्नेहलता पाण्डेय,महेंद्र प्रताप सिंह,दिनेश वर्मा विकासखंड विशेश्वरगंज द्वारा सहयोग किया गया ।कार्यक्रम में जूनियर शिक्षक संघ अध्यक्ष विशेश्वरगंज, एआरपी राजेश कुमार मिश्रा अनुदेशक ब्लॉक अध्यक्ष ,कार्यालय सहायक सुनील त्रिपाठी, प्रभु दयाल मिश्रा, पंकज तिवारी राजेंद्र चक्रवर्ती रोहित शुक्ला मौजूद रहे।

### स्टॉक व अभिलेख में अनियमितता मिलने पर दो दुकान के लाइसेंस निलंबित



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिला कृषि अधिकारी ने ब्लॉक मिहीपुरवा क्षेत्र में संचालित खाद और बीज के दुकानों की जांच की। जांच के दौरान स्टॉक और अभिलेख में अनियमितता मिलने पर दो खाद के दुकानों का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। इससे खाद व्यवसायियों में हड़कंप मच गया है ।जिला कृषि अधिकारी डॉक्टर सूबेदार यादव ने विकास खंड मिहीपुरवा के मटेही कला में संचालित हैदराबाद बीज बीज भंडार, राजेश खाद बीज भंडार, अनिल बीज भंडार, भोला खाद बीज भंडार और मनोज बीज भंडार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मनोज बीज भंडार का अभिलेख और स्टॉक अलग अलग मिला। सही जवाब न मिलने पर बीज भंडार का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। वहीं सर्रा कला में संचालित ट्विंकल खाद भंडार का लाइसेंस निलंबित किया गया है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जांच के बाद लौकाही और बलई गांव में एसएसबी अधिकारियों के साथ बैठक कर खाद की अवांछित गतिविधि के बारे रणनीति भी बनाई गई।

# वायरल विडियो को शिक्षक ने बताया निराधार

खंडन

- साजिश के तहत बनाईं गई विडियो, खाली पीरियड का है विडियो

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



प्रयागदत्त पाठक इंटर कालेज पट्टी में तैनात एक शिक्षक का ड्यूटी के दौरान प्रधानाचार्य कक्ष से एक वीडियो वायरल हो गया। जिसका शिक्षक ने खंडन कर निराधार बताया।

जिले के बौंडी थाना क्षेत्र में स्थित प्रयाग दत्त पाठक इंटर कालेज पट्टी में शारीरिक शिक्षक के पद पर तैनात शिक्षक सुनील कुमार का सोमवार दोपहर 1 बज कर 54 मिनट पर प्रधानाचार्य कक्ष से मोबाइल चलाते एक वीडियो वायरल हो गया। जिसमे शिक्षक सुनील कुमार ने विडियो को निराधार बताया यह भी बताया कि शिक्षक का विद्यालय की समय सारणी के हिसाब से 1 बजकर 30 मिनट से 2 बजकर 10 मिनिट पर खाली पीरियड होता है ,वीडियो इसी खाली समय का है। विद्यालय प्रशासन/प्रधानाचार्य द्वारा शिक्षक को ऑफिस के काम की भी अतिरिक्त जिम्मेदारी दिए जाने के कारण शिक्षक को प्रधानाचार्य कार्यालय में ही कंप्यूटर टेबल पर बैठना पड़ता है। क्लास में न जाने के आरोप पर शिक्षक ने यह भी बताया कि विषय के अतिरिक्त पूरे विद्यायल का एडमिशन संबंधी फीडिंग करने के साथ ही साथ शिक्षक ने अपना विषय भी पढ़ाया है जिसके फलस्वरूप विद्यालय का बच्चा प्रांजल ने जिला स्तरीय स्विमिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर मंडल में जगह बनाई लेकिन जन्म प्रमाण पत्र न होने के कारण वह प्रतिभाग नहीं कर पाया।

शतरंज प्रतियोगिता के लिए बच्चों को शतरंज खेल के लिए तैयार किया,जिला रैली के लिए भी बच्चों को तैयार किया। लगभग 1 महीने पहले से ही बच्चों को अभ्यास कराया गया जिसमें रितेश नियामत, खुशहाल, नाज़िब, कोमल, आंचल आदि बच्चो को प्रतियोगिता के लिए शिक्षक द्वारा तैयार किया गया लेकिन क्षेत्र में दुर्गा पूजा विसर्जन में हुए बवाल के कारण बच्चे प्रतिभाग नही कर पाए। तो वहीं अभिभावक गिरिजेश मिश्रा एवं शैलेन्द्र जिसने आरोप लगाया है उनसे बात करने पर पता चला के उन्हें सत्यता की जानकारी नहीं थी और उन्होंने अपना आरोप वापस लेते हुए भविष्य में इस तरह की बात न करने का आश्वाशन भी दिया। प्रधानाचार्य राजेन्द्र प्रसाद से सांठगांठ पर भी शिक्षक ने बताया की एडेड विद्यालय मे प्रबंधक और प्रधानाचार्य ही मुख्य अधिकारी होते है उन्हीं के अनुसार काम करना पड़ता है वही हमारे नियोक्ता है। शिक्षक सुनील ने बताया कि विद्यालय के ही कुछ लोग मेरे पीछे पड़े हुए हैं जो लगातार कुछ न कुछ कर के मुझे फंसाना चाह रहे हैं अभी कुछ दिन पूर्व थोड़ा बैक पेन होने के कारण फ्री पीरियड में थोड़ा रेस्ट करने का विडियो बनाकर वायरल कर दिया ।जिसको स्कूल टाइम/ क्लास टाइम का बताया गया है।और तो और यहां तक आरोप लगाते है की मै कभी पढ़ाने नही जाता हूं मेरी प्रधानाचार्य से सांठगांठ है। ये सब बातें निराधार है और मैं इन सारे आरोपो का खंडन करता हूं। और साथ ही साथ विद्यालय प्रशासन एवं जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से उच्च स्तरीय जांच की भी गुजारिश करता हूं तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग करता हूं।

# बालक पर हमला करने वाला तेंदुआ पिंजरे में हुआ कैद

- घटना के पांचवें दिन पकड़ में आया तेंदुआ

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**



जंगल से सटे बाजपुर बनकटी गांव निवासी बालक पर हमला करने वाला तेंदुआ वन विभाग के पिंजरे में कैद हो गया। उसे वन विभाग की टीम रेंज कार्यालय लाई है। स्वास्थ्य जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी। कतर्नियाघाट वन क्षेत्र के बाजपुर बनकटी गांव में पांच दिन पूर्व तेंदुआ पहुंच गया था। तेंदुआ ने परिवार के साथ खेत गए पांच वर्षीय अभिनंदन पर हमला कर मार डाला था। उसे पकड़ने के लिए वन विभाग की ओर से पिंजरा लगाया गया था। शुक्रवार तड़के वन विभाग के पिंजरे में तेंदुआ कैद हो गया। तेंदुए के पकड़े जाने की खबर से गांव में अफरा-तफरी मच गई। तेंदुए को देखने के लिए पिंजरे के पास ग्रामीणों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई। इस बीच वन विभाग की टीम ने पिंजरे को ट्रैक्टर ट्राली पर लादकर रेंज कार्यलय कतर्नियाघाट ले गए। रेन्जर आशीष गौंड ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल तेंदुआ का स्वास्थ्य जांच पशु चिकित्सकों की टीम द्वारा कराया जा रहा है।

# सीएमओ कार्यालय में नवजात शिशु देखभाल सप्ताह आयोजित

- हेल्दी बेबी शो में 6 शिशुओं का हुआ चयन, प्रदान किया पुरस्कार

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले के सीएमओ कार्यालय में नवजात शिशु देखभाल सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे हेल्दी बेबी शो में 6 शिशुओं का चयन कर उन्हें पुरस्कार प्रदान किया गया। नवजात शिशु देखभाल सप्ताह के अन्तर्गत धनवंतरी सभागृह मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय कुमार ने नवजात शिशुओं की देखभाल संबंधित जानकारी प्रदान करते हुए समय से समस्त टीकाकरण कराने पर जोर दिया जिससे वह जानलेवा बीमारियों से बच सके। यूनिसेफ के साकेत शुक्ला ने बताया कि नवजात शिशुओं में निमोनिया का खतरा सबसे अधिक रहता है अतः शिशुओं को ठंड से बचाना आवश्यक है। बीमारी के लक्षण दिखते ही आशा से सम्पर्क करते हुए नजदीकी अस्पताल में दिखाए। जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी ने बृजेश सिंह ने बताया कि हेल्दी बेबी शो के दौरान बच्चों के वजन टीकाकरण आदि के आधार पर 6 शिशुओं का चयन करते हुए पुरस्कार प्रदान किया गया है। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अनुराग वर्मा जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ एस के सिंह, डब्लूएचओ एसएमओ डॉ विपिन लिखोरे डीपीएम सरजू खान डीसीपीएम राशिद बीपीएम अनुपम शुक्ला, दुर्गेश सिंह एवं समस्त चिकित्सा अधीक्षक, बीपीएम, बीसीपीएम आदि उपस्थित रहे।

# पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में कैरियर मेला आयोजित

- पुलिस क्षेत्राधिकारी ने किया मेले मे लगे सभी स्टालों का निरीक्षण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में कैरियर मेले का आयोजन हुआ। शुभारंभ पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित करके किया। उन्होने उपस्थित छात्राओ को पुलिस सेवा मे जाने के लिए होने वाली तैयारी की भी जानकारी दी। मुख्य अतिथि सीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि छात्र अपना राह खुद चुनें। कैरियर मेले मे छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न स्टॉलों के माध्यम से अपने सपनों को दिशा देने की आगुन्तकों से प्रेरणा ली। छात्राओं ने अपनी रुचियों के अनुसार करियर विकल्पों की जानकारी प्राप्त की और अपनी महत्वाकांक्षाओं को साकार करने की दिशा में कदम बढ़ाने का संकल्प लिया।छात्रा रुपाली सिंह ने जिला जज,जबकि दीपाली आईएएस अधिकारी, उजमा खातून फैशन डिजाइनर,रिया पांडेय बैंक मैनेजर ,हिना बानों वैज्ञानिक , फातमा हेयर स्टाइलिस्ट ,नर्गिस मेहंदी आर्टिस्ट ,नैनशी सिंह एयर होस्टेस इसके अलावा, अंजलि मौर्या इलेक्ट्रिक इंजीनियर, साक्षी पाठक असिस्टेंट प्रोफेसर, फिजा शेख सिंगर, रजिया फैज डॉक्टर, महक नर्स, उजमा डॉक्टर, चांदनी सिंह सीआरपीएफ और अनामिका मौर्या भारतीय सेना में अपने सपनो को पंख देने के लिए अलग अलग स्टालो पर यूनीफार्म मे नजर आयी। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या संतोष यादव, लेखक शेखर श्रीवास्तव के साथ काफी संख्या में गणमान्य नागरिक व अभिभावक उपस्थित रहे।

# एसपी ने परेड की सलामी लेकर किया निरीक्षण

- ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी व जनता से मधुर व्यवहार करें स्थापित : वृंदा शुक्ला

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया । परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी / कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के पश्चात कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवाई व परेड के दौरान अनुशासन व एकरूपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई। परेड के उपरान्त पुलिस लाइन परिसर में विभिन्न शाखाओं, पुरुष एवं महिला बैरक तथा स्टोर रूम का निरीक्षण किया तथा पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया। एसपी ने आरटीसी भोजनालय का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता को चेक किया तथा पुलिस लाइन परिसर में निर्माणाधीन बैरक, स्नानगृह व अन्य कार्यों की समीक्षा करते निर्माण कार्य में गति लाने के लिए संबंधित को निर्देशित किया। इसके बाद एसपी ने पुलिस लाइन के आदेश-कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के सम्बन्ध में सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन हर्षिता तिवारी, प्रशिक्षु उपाधीक्षक प्रियंका यादव, प्रतिसार निरीक्षक भुवनेश्वर सिंह तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सपा कार्यालय पर मनाई गई मुलायम सिंह की 85वीं जयंती

- नेता जी युग पुरुष थे जिन्होंने अपने जीवन काल में समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए जीवन भर लड़ते रहे : यासर शाह

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के संस्थापक पूर्व रक्षामंत्री एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव का 85वां जन्मदिन जयंती के रूप मे शुक्रवार को पार्टी कार्यालय पर श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव ने किया जबकि संचालन ज़िला महामंत्री सुनील निषाद ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में पूर्व मंत्री यासर शाह ने कहा ÷नेता जी ÷ युग पुरुष थे जिन्होंने अपने जीवन काल में समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए जीवन भर लड़ते रहे और समाज में खड़े अंतिम व्यक्ति क़ो मुख्य धारा में लाकर बाबा साहेब के सामाजिक न्याय के आंदोलन क़ो आगे बढ़ाया। सपा जिलाध्यक्ष राम हर्ष यादव ने कहा कि मुलायम सिंह यादव पिछड़ों दलितों किसानों नौजवानों अल्पसंख्यक और छात्रों के जागरूक मसीहा थे जिन्होंने उत्तर भारत की राजनीति में पिछड़ों और दलितों क़ो राजनैतिक और सामाजिक दिशा दिया। पूर्व विधायक रमेश गौतम ने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में दलितों और पिछड़ों तथा महिलाओं क़ो देश की पंचायतों में आरक्षण देकर आधी आवादी क़ो न्याय दिया।इस अवसर पर पूर्व विधायक रामतेज यादव ने नेता जी के जीवन के कई दृष्टांत साझा कर नेता जी क़ो याद किया। गोष्ठी क़ो पार्टी के ज़िला उपाध्यक्ष देवेशचंद मिश्र, अनिल यादव, पेशकार राव, संत कुमार पासी, रेखा राव, अंजली सोनी, डा आशिक अली, ज़िला सचिवआनंद यादव एड, कृपारम यादव यादव,राम प्रताप गुप्ता, रितेश यादव, नंदेश्वर नंद यादव, शैलेश सिंह शैलू, गौरव यादव ने अपने विचार रखा।कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता अवधेश वर्मा, राजेश कध्यप, डा जितेंद्र मौर्य, सादिक हुसैन, मुन्ना रायनी, ललित मिश्रा, संतोष तिवारी, मंजू चौधरी, सुमन शर्मा, बादशाह खां, कामरान पठान आदि लोगों ने भाग लिया और नेता जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। तत्पश्चात गोण्डा रोड समर्पण हॉस्पिटल निवासी कुमारी अंजली सोनी को समाजवादी पार्टी बहराइच का जिला सचिव मनोनीत होने पर मनोनयन पत्र भेंट कर शुभकामनायें दी गयी।



### भकला चौराहे पर नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें दी गई श्रद्धांजलि

समाजवादी लोहिया वाहिनी ने भकला चौराहे पर नेताजी मुलायम सिंह यादव की जयंती के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम में नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और उनके समाजवादी संघर्षों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में कंबल वितरण भी किया गया, जिसमें गरीब और जरूरतमंद लोगों को कंबल प्रदान किए गए ।गोष्ठी की अध्यक्षता लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष नंदेश्वर नंद यादव ने की। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेश सिंह शैलू, जिला महासचिव सुनील निषाद, प्रांशु मिश्रा, राजित राम यादव, रिंकू सिंह, रितेश यादव, मुलायम यदुवंश सहित अनेक समाजवादी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दो डंपरों की भिड़ंत में एक की मौत, चार घायल

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



रायबरेली की लालगंज कोतवाली क्षेत्र के बांदा-बहराइच हाइवे पर दोसड़का के निकट बृहस्पतिवार की देर रात को दो डंपर आमने-सामने भिड़ गए। भीषण टक्कर में दोनों डंपरों का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। जबकि घटना में एक डंपर के क्लीनर की मौके पर ही मौत हो गई और दोनों डंपरों पर सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचायतनामा कराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

**दोनों डंपरों के चालक व क्लीनर क्षतिग्रस्त इंजन में फंसे:** मध्य प्रदेश के कबरई से गिट्टी लादकर लखनऊ की ओर जा रहे डंपर की देर रात करीब डेढ़ बजे फतेहपुर की ओर जा रहे खाली डंपर से भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों डंपरों के इंजन वाले हिस्सों के परखच्चे उड़ गए। टक्कर के बाद दोनों डंपरों पर सवार बाराबंकी के डिबियापुर हैदरगढ़ निवासी सूरज यादव (33) पुत्र रूपमपाल यादव व गांव के ही क्लीनर सतनाम रावत (32) पुत्र स्वामीनाथ, बाराबंकी के समसरा गंगापुर निवासी पिता पुत्र रामतीरथ (60) व सच्चिदानंद मिश्र (45) व दूसरे डंपर का चालक बस्ती जिला के जमुआंवा सोनहा निवासी रंजीत उर्फ रामजीत (32) पुत्र रामबागीच गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों डंपरों के चालक व क्लीनर क्षतिग्रस्त इंजन में फंसे हुए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह घायलों को बाहर निकलवाया और फौरन उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने खाली डंपर के क्लीनर सतनाम रावत को देखते ही मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल सूरज यादव, रंजीत, राम तीरथ व सच्चिदानंद को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि पंचायतनामा कराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। हादसे में घायल लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में युवती समेत चार घायल



**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के कानपुर रोड पर निराला नगर मोहल्ला स्थित महिंद्रा फाइनेंस दफ्तर के सामने शुक्रवार को दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिससे दोनों बाइकों पर सवार एक युवती समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को फौरन इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां तीन की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सैमसी गांव निवासी अनुज कुमार (40) पुत्र फुन्नर व गांव के ही शिव बहादुर (65) पुत्र भगवती स्कूटी पर सवार होकर लालगंज की ओर जा रहे थे। जबकि उन्नाव के भगवंत नगर अखवारा निवासी विनय (25) अपनी महिला मित्र जान्हवी (22) पुत्री अनिल कुमार निवासिनी भगवंत नगर लोनियाखेड़ा के साथ बाइक कानपुर की ओर जा रहे थे। तभी महिंद्रा फाइनेंस दफ्तर के सामने दोनों बाइकों की आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई। जिससे दोनों बाइकों पर सवार चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को फौरन एंबुलेंस के जरिए इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां शिवबहादुर अनुज व विनय की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## दो बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, पांच घायल



**सलोन रायबरेली।** तेज रफ्तार दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें एक की मौके पर मौत हो गई। जबकि महिलाओं बच्चे समेत पांच गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना सलोंन कोतवाली क्षेत्र के धरई के पास की हैं।जहां पूरे जोधी निवासी मजरे मटका निवासी जाहिद अली पुत्र रसूलबक्स 37 वर्ष अपनी पत्नी महरुन निशा व एक महिला बच्चे के साथ निमंत्रण में गया था।देर रात बाइक से घर लौट रहे थे।तभी हरिश्चंद्र व राजेश की बाइक मे आमने सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई।जिसमें जाहिद अली की मौके पर मौत हो गई।बाकी पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएससी लाया गया।हालत गंभीर होने पर चार को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस शव को पीएम के लिए भेज दिया।मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# महराजगंज में मनाई गई वीरांगना झलकारी बाई की जयंती




**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

झलकारी बाई एकता मिशन महराजगंज के द्वारा हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया झलकारी बाई का 194 वां जन्मदिवस सर्वप्रथम झलकारी बाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात् वक्ताओं द्वारा वीरांगना माता झलकारी बाई के जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामकरण धीमान के द्वारा किया गया था वक्ताओं की कड़ी में वीरांगना झलकारी बाई के जीवन पर प्रकाश डालते हुए रामकरण धीमान के द्वारा बताया की वीरांगना झलकारी बाई बचपन से ही बहादुर और निर्भीक महिला थी उन्होंने बचपन में जंगल में एक शेर को कुल्हाड़ी से मार कर खत्म कर दिया था उसके बाद से क्षेत्र में उनकी वीरता की कहानी की चर्चा होने लगे जब उनकी शादी झांसी के सेना में सैनिक पूरन कोरी के साथ हुई तो झांसी में भी वीरांगना झलकारी बाई ने अपनी वीरता का परिचय दिया और जब झांसी की गद्दार दुलाजू ने झांसी का गेट अंग्रेजों से मिलकर के खोल दिया था तब वीरांगना झलकारी बाई ने अपनी सूझबूझ से झांसी की रानी लक्ष्मीबाई को पीछे के गेट से बाहर निकाल दिया था और स्वयं झांसी की रानी लक्ष्मीबाई बनकर अंग्रेजी सेना का डटकर मुकाबला किया था। झलकारी बाई की तलवार के आगे अंग्रेज टिक न सके और झांसी छोड़ने पर मजबूर कर दिया इस प्रकार झांसी की रानी लक्ष्मीबाई सफलतापूर्वक अपने बेटे के साथ किले से बाहर ग्वालियर की तरफ निकल गई वहीं दूसरी तरफ वीरांगना झलकारी बाई अंग्रेजों से लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुई जब वीरांगना झलकारी बाई वीरगति को प्राप्त हो गई तो अंग्रेजी सेना में खुशी की लहर दौड़ने लगी और सभी अंग्रेजों ने भारत से इंग्लैंड तक जो झांसी की रानी के मरने का जश्न मनाया था लेकिन 3 महीने बाद जब पुनः झांसी की रानी लक्ष्मीबाई ने अपनी सेना को संगठित कर लिया और पुनः झांसी पर कब्जा कर लिया तब अंग्रेजों में हड़कंप मच गई कि मैंने तो झांसी की रानी को मार दिया था फिर अचानक यह बच कैसे गई तब उन्हें जानकारी मिली। उन्होंने जिस महिला को युद्ध में मारा था वह झांसी की रानी लक्ष्मीबाई नहीं बल्कि वीरांगना झलकारी बाई कोरी थी क्योंकि वीरांगना झलकारी और झांसी की रानी लक्ष्मीबाई दोनों हमशक्ल थी। जिससे अंग्रेज धोखा खा गए इस प्रकार झलकारी ने देश की आन बान और शान के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी।

# विद्युत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



ई-ऑफिस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विद्युत विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को पेपरलेस कार्यों को किए जाने की जानकारी दी गई। मध्यांचल विद्युत बोर्ड निगम के अधिकारी द्वारा यह प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर एसडीओ रमेश सोनी, जेई सुनील कुमार, जेई महराजगंज अजय कुमार सैनी, जेई महराजगंज टाउन संजय, उपखंड अधिकारी शिवगढ़, टीजी-2 रमेश शर्मा समेत अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम ब्लॉक सभागार महराजगंज में संपन्न हुआ।

# नीलगाय के सामने आने से दो बाइके हुई क्षतिग्रस्त, तीन घायल, नीलगाय की मौत

**बछरावां, रायबरेली।** बाइक सवारों के सामने नीलगाय आ जाने से हुई टक्कर में तीन युवक घायल हुए हैं तथा नीलगाय की भी मौत हो गई है। घटना शुक्रवार दोपहर 12ः00 बजे के आसपास लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर कन्नावा गांव के निकट की है जब हाईवे पर पूरे लोधन थाना हरचंदपुर निवासी युवक मनीष कुमार पुत्र शीतला प्रसाद उम्र 21 वर्ष अपनी बाइक से बछरावां की ओर जा रहा था। अचानक नीलगाय हाईवे पर आ गई और बाइक से टकरा गई। टकराने के बाद नीलगाय डिवाइडर पारकर दूसरी लाइन पर पहुंच गई जहां दूसरी तरफ बछरावां से रायबरेली की तरफ जा रहे हैं बाइक सवार दो युवक बबलू पुत्र लाल उम्र 23 वर्ष निवासी सुदौली थाना बछरावां एवं चांद मोहम्मद पुत्र इद्दु उम्र 32 वर्ष निवासी सुदौली थाना बछरावां टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों लेने पर दो बाइक सवारों में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और वही नीलगाय भी टकराने से घायल हो गई और काफी देर तक घायल अवस्था में पड़ी हुई थी और उसकी मौत भी हो गई है। घायल तीन युवकों को स्थानीय लोगों की सहायता से 108 एंबुलेंस से बछरावां सीएचसी लाया गया । जहां तीनों को प्राथमिक उपचार के बाद दो युवकों की हालत नाजुक देखते हुए उन्हे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## खबरें एक नजर में

### बंदियों को अगरबत्ती, धूपबत्ती और वर्मीकम्पोस्टिंग बनाने का दिया जा रहा प्रशिक्षण



**रायबरेली।** जिला जेल रायबरेली में जेल प्रशासन के सतत प्रयासों के कारण, बंदियों को बैंक ऑफ बड़ौदा और इंडियन बैंक के सहयोग से अगरबत्ती, धूपबत्ती और वर्मीकम्पोस्टिंग में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जेल अधीक्षक अमन कुमार सिंह ने बताया की रायबरेली जेल प्रशासन की मंसा साफ़ है की बंदी जेल से निकलने के बाद ह्यूमन कैपिटल बने ना की ह्यूमन थ्रेट! इसी को मद्देनजर रखते हुए जेल में निरुद्ध कुल 50 बंदियों द्वारा प्रशिक्षण लिया जा रहा है, प्रशिक्षण के समापन पर प्रशिक्षित बंदियों को प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। जिससे निरुद्ध बंदी अपने रिहाई के तत्पश्चात जेल में प्राप्त प्रशिक्षण के माध्यम से अपनी जीविकोपार्जन कर सकेंगे और अपराध की दुनिया से दूर रहेंगे।

### दो सगे भाइयों का यूपी पुलिस में हुआ चयन





**सादुल्लानगर(बलरामपुर)।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने सिपाही में 60244 पदों पर भर्ती के लिए अगस्त में हुई लिखित परीक्षा का मेरिट लिस्ट गुरुवार को जारी कर दी। जिसमें 174316 अभ्यर्थी दूसरे चरण के लिए क्वालीफाई हुए हैं। इस चरण में दस्तावेजों की जांच और शारीरिक माप की परीक्षा होगी यह परीक्षा दिसंबर के तीसरे सप्ताह में आयोजित होगी इसी परीक्षा में सादुल्लानगर क्षेत्र के रहमतपुर ग्राम निवासी स्वर्गीय कन्हैया लाल वर्मा के दो पुत्र संतोष कुमार वर्मा व धर्मेंद्र कुमार वर्मा जो कि रेहरा थाने में होमगार्ड के पद पर तैनात है इनके पुलिस विभाग में चयन से पूरे ग्राम वासियों में हर्ष का माहौल है। इन दोनों भाइयों के चयन पर भगवान पूजन पटेल, अरविंद तिवारी,बजरंगी,राम अवध शर्मा,आदि लोगों ने हर्ष व्यक्त किया।

# कार्तिक पूर्णिमा मेला व डलमऊ महोत्सव का समापन

**डलमऊ, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**




ऐतिहासिक एवं धार्मिक नगरी डलमऊ में आयोजित आठ दिवसीय डलमऊ महोत्सव के आठवें दिन गुरुवार को संस्कृत महाविद्यालय बड़ा मठ डलमऊ के महामंडलेश्वर स्वामी देवेंद्र आनंद गिरि महाराज के अध्यक्षता मैं महोत्सव का समापन और सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें अध्यक्षता कर रहे महामंडलेश्वर स्वामी देवेंद्र आनंद गिरि को माला पहनकर सम्मानित किया गया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कैबिनेट मंत्री मनोज पांडे तथा पूर्व विधायक सरेनी धीरेंद्र बहादुर को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया और महोत्सव के कलाकारों और क्षेत्रीय गणमान्य लोगों को अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महामंडलेश्वर स्वामी देवेंद्र नंद गिरी ने कहा कि डलमऊ में जब से मां गंगा की पवित्र धारा का आगमन हुआ है तब से यहां पर कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व आयोजित होता रहा है वहीं मुख्य अतीत के रूप में मौजूद कैबिनेट मंत्री मनोज कुमार पांडे ने कहां की इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने से समाज में आपसी सौहार्द्र और एकता बनी रहती है तथा कल और संस्कृति को जागृत करने का माध्यम होता है। कार्यक्रम में वूमेन रिवर गंगा राफ्टिंग अभियान में डलमऊ पहुंची 26 सदस्य टीम और आईटीबीपी के अधिकारियों को माला पहनकर सम्मानित किया गया इसी क्रम में अंकित राज कृष्णा ग्रुप लखनऊ के कलाकारों द्वारा ब्रज गीत बसो मेरे नैनन में नंदलाल पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया तथा जयशंकर प्रसाद द्वारा आल्हा प्रस्तुत कर सबको रोमांच से भर दिया इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष ब्रिजेश दत्त, आरती श्रीवास्तव, स्वामी दिव्यानंद महाराज, रामनिवास वैश्य, घनश्याम जायसवाल आदि के साथ सैकड़ो दर्शक मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल परीक्षा में संदेश कोचिंग के लगभग 65 छात्र चयनित

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



प्रदेश सरकार द्वारा कराई गई उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल परीक्षा में बछरावां नगर में स्थित संदेश कोच्गिं के लगभग 65 छात्रों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन और फिजिकल स्टैंडर्ड टेस्ट के लिए चयन हुआ है। इस मौके पर सफल छात्रों ने कोचिंग में जाकर गुरुजनों का आशीर्वाद लिया। नगर में स्थित यह कोचिंग लगभग 8 वर्षो से संचालित हो रही है। कोचिंग से काफी मात्रा में अभ्यर्थी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होकर अपना व क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। कोचिंग के पुलिस भर्ती परीक्षा में सफल होने वाले छात्र अन्नु सिंह, सौम्या, रंजना यादव, प्रतीक्षा, इंदु, सेजल गुप्ता, रुचि, आशीष यादव, अवनी पति यादव, विजय राज यादव, आदित्य, हिमांशु, समीक्षा, अक्षांश, अनुराग यादव, सुमित, रोशनी, अमन, धर्मेंद्र, अनुराग कुशवाहा, दिव्यांशु, तुषार, रंजीत, प्रकाश, आदित्य यादव, शशांक तिवारी, प्रभांशु, अभिषेक, प्रज्ञा शर्मा, आशीष, राहुल त्रिपाठी, बृजेश, मुकेश, अंजलि गुप्ता, शिवा, अभय कुमार, शिवांशु, सिद्धांत अवस्थी ने गुरुजनों से मुलाकात किया। छात्रों ने संदेश कोचिंग के संचालक ऋषि राज पांडे और भूपेंद्र सिंह के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा के परिणाम में अपना परचम लहराया है।

# सवा करोड़ से नवनिर्मित बस स्टेशन बदहाल, यात्रियों की समस्याएं बरकरार



**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला में सवा करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित बस स्टेशन अपनी बदहाली का शिकार है। न तो बसें इस स्टेशन पर नियमित आती हैं और न ही यहां का संचालन सुचारु रूप से होता है। रोडवेज विभाग द्वारा तैनात केंद्र प्रभारी उर्मिला त्रिपाठी ड्यूटी पर अक्सर नदारद रहती हैं, जिससे बस स्टेशन का संचालन मात्र एक टिकट बुकिंग बाबू के सहारे हो रहा है।

बलरामपुर, गोण्डा, लखनऊ जैसे विभिन्न डिपो से आने वाली रोडवेज बसें उतरौला बस स्टेशन पर नहीं आतीं। ये बसें श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहे पर रुककर सीधे डिपो लौट जाती हैं। इससे यात्री स्टेशन आने के बजाय निजी वाहनों का सहारा ले रहे हैं। क्षेत्रीय प्रबंधक, रोडवेज बलरामपुर ने डिपो प्रबंधकों को निर्देश दिया है कि बसें उतरौला स्टेशन तक आएं, लेकिन यह समस्या अभी तक हल नहीं हुई है। बस स्टेशन पर बुनियादी सुविधाओं का अभाव यात्रियों की परेशानी को और बढ़ा देता है। स्टेशन पर आरओ मशीन पिछले छह महीने से खराब है। एक निजी कंपनी द्वारा आरओ दुकान लगाई गई थी, जो तीन वर्षों से बंद है।स्टेशन पर बसों की समय सारणी या आवागमन की जानकारी देने वाला सूचना पट नहीं है। केंद्र प्रभारी समेत अधिकांश कर्मचारी ड्यूटी पर नदारद रहते हैं, जिससे यात्रियों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पाता। सादुल्लाह नगर से रेहरा बाजार होते हुए उतरौला से बलरामपुर जाने वाली बसें नियमित नहीं चलतीं। परिवहन विभाग के क्षेत्रीय प्रबंधक तरन्नुम ने बताया कि केंद्र प्रभारी उर्मिला त्रिपाठी की शिकायत मिलने पर उन्हें नोटिस देकर सचेत किया गया है। यदि उनकी गैरहाजिरी जारी रही, तो इस मामले की सूचना उच्च अधिकारियों को दी जाएगी। सवा करोड़ की लागत से बने बस स्टेशन के जीर्णोद्धार के बावजूद सुविधाओं में सुधार न होना शासन की योजनाओं पर सवाल खड़े करता है। यदि इस स्टेशन पर बसों का आवागमन, स्टाफ की उपस्थिति और बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था नहीं सुधरी, तो यह स्टेशन महज एक नाम मात्र का ढांचा बनकर रह जाएगा।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा विशुनपुर खरहना का सामुदायिक शौचालय, लटक रहा ताला, जिम्मेदार बेखबर

**सहदुल्ला नगर/बलरामपुर।** विकास खण्ड रेहरा बजार के ग्राम सभा विशुनपुर खरहना में सामुदायिक शौचालय में अभी भी ताला लटक रहा है। सरकार एक तरफ स्वच्छता अभियान के तहत लाखों करोड़ों रुपये खर्च कर रही है लेकिन जिम्मेदारों की मिलीभगत से सरकार के मंसूबे पर पानी फेरा जा रहा है पैसा निकलने के बाद भी अभी तक नहीं चालू हुआ सामुदायिक शौचालय में केवल खानापूर्ति हो रही है। गांव को खुले में शौच से मुक्त कराने के दावे की खुल रही है पोल और जिम्मेदार ठोस कदम नहीं उठायें जाने पर भी सवाल भी उठ रहें हैं। ताजा मामला विशुनपुर खरहना का ह। जहां लाखों रुपए की लागत से बने सामुदायिक शौचालय का अभी तक सम्पूर्ण निर्माण नहीं हो पाया जिसके कारण बंद रहता है। ताला जिससे जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं वैसे तो विकास खण्ड रेहरा बजार के अधिकतर ग्राम सभा के सामुदायिक शौचालय का काम ही पुरा नही हुआ है या तो बंद ही मिलेंगे। खास बात तो यह है कि जनता पूछती है क्या अधिकारीगण को नहीं पाता है रेहरा ब्लाक के सामुदायिक शौचालयों का हाल क्यों फोन करने पर नहीं उठाते हैं जिम्मेदार जनता को क्यों नही मिलता स्पष्ट जवाब लोगों का कहना है ब्लाक मुख्यालय के जिम्मेदार अधिकारी इसको लेकर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

# ब्लाक प्रमुख की अध्यक्षता में 70 लाख का अनुपूरक बजट पास

▶ क्षेत्र पंचायत की बैठक संपन्न

**रेहराबाजार/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



क्षेत्र पंचायत बैठक में 70 लाख का अनूपूरक बजट ब्लाक प्रमुख पंकज सिंह चौहान के अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत सदस्य/प्रधान ने ध्वनि मत से पास कर दिया। ब्लाक प्रमुख पंकज सिंह चौहान ने बैठक में कहा कि केन्द्र /प्रदेश की मोदी और योगी की सरकार तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर अंतिम पायदान पर खड़े जरूरतमंदों तक योजायें पहुंचा रही है विकास खण्ड के चहुंमुखी विकास में धन की कमी नहीं होने दिया जायेगा।

बीडीओ रेहराबाजार रजनीश कुमार शुक्ला ने बताया कि आज विकास खण्ड मेटिंग हाल में क्षेत्र पंचायत सदस्यों/ग्राम प्रधानों के साथ बैठक की गयी जिसमें कोरम पूरा रहा, 70 लाख का अनूपूरक बजट पास कर कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में इण्टर लाकिंग, ब्लाक आवासों का मरम्मत आदि कार्य कराया जायेगा। राज्य वित्त, मनरेगा, स्वच्छ भारत, पीएम, मुख्यमंत्री आवासों, निःशुल्क बोरिंग, एनआरएलएम, गौशाला, स्वास्थ्य मिशन, शिक्षा, बाल विकास, कृषि आदि योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गयी। बैठक में डॉ. चन्द्रप्रकाश प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, बीडीओ रमेश वर्मा, सीडीपीओ डॉ. संदीप, पशुचिकित्साधिकारी एके पांडेय, पूर्तिनिरीक्षक मन्मथनाथ गुप्त, एडीओ पंचायत इरफान उल्ला खां, एडीओ एजी रणधीर सिंह, एडीओ प्रदीप जैशील सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## घर में घुसकर मारपीट करने वाले चार अभियुक्तों को सजा

**उतरौला (बलरामपुर)।** ऑपरेशन कनविक्शन के तहत बलरामपुर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी से चार अभियुक्तों को तीन वर्ष के सश्रम कारावास और प्रत्येक को रु.3,000 का अर्थदंड की सजा सुनाई गई। यह सजा विशेष जज पॉक्सो कोर्ट, बलरामपुर द्वारा सुनाई गई। दिनांक 7 फरवरी 2019 को पीड़िता ने थाना कोतवाली उतरौला (अब गैंड़ास बुजुर्ग) में तहरीर दी थी। इसमें विपक्षीगण पर घर में घुसकर मारपीट करने, गाली देने और अश्लील टिप्पणी करने का आरोप लगाया गया था। इस आधार पर अभियुक्त बृजेश सिंह, राहुल सिंह उर्फ उमेश सिंह, रोहित सिंह, और गोलू सिंह उर्फ शिवम निवासी शाहपुर के खिलाफ मुकदमा संख्या 31/2019 धारा 354ख, 354ग, 354घ, 452, 323, 504, 506 भादंवि और धारा 7/8 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। अभियोग की विवेचना उ.नि. सैय्यद खादिम सज्जाद द्वारा की गई और आरोपपत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। अभियोग की प्रभावी पैरवी विशेष लोक अभियोजक पवन कुमार वर्मा, मॉनिटरिंग सेल प्रभारी ओम प्रकाश चौहान, और थाना गैंड़ास बुजुर्ग पुलिस टीम ने की। धारा 452, 323 भादंवि. चारों अभियुक्तों को तीन वर्ष का सश्रम कारावास। प्रत्येक अभियुक्त पर रु.3,000 का अर्थदंड। उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक द्वारा संचालित ऑपरेशन कनविक्शन के अंतर्गत बलरामपुर पुलिस ने यह सजा सुनिश्चित की। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन में यह मामला सफलतापूर्वक निपटाया गया।

# उर्वरक और बीज की भारी कमी से अन्नदाता परेशान

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**



उतरौला क्षेत्र के अन्नदाता इस समय उर्वरक और बीज की भारी कमी से जूझ रहे हैं।रब की बुआई के लिए खाद गन्ना सहकारी समिति उतरौला,उतरौला सहकारी समिति , रेडवालिया सहकारी समिति, चिरकुटिया सहकारी समिति और शाहपुर इटई सहकारी समिति जैसी प्रमुख सहकारी समितियों पर खाद की उपलब्धता नदारद है। सैकड़ो अन्नदाताखाद के चक्कर में रोज इन समितियों का चक्कर लगाते हैं, लेकिन उन्हें कहीं से खाद नहीं मिल रही है। राजकीय बीज भंडार उतरौला पर बीज समाप्त हो चुका है, जबकि गेंडास बुजुर्ग में बीज उपलब्ध है, लेकिन गोदाम प्रभारी की तबीयत खराब होने के कारण किसानों को बीज नहीं मिल पा रहा है। गेंडास बुजुर्ग सहकारी समिति में उर्वरक की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है, लेकिन गोदाम प्रभारी विजय कुमार मिश्रा के दूसरे समिति पर कार्य करने की वजह से वहां ताला लटका रहता है, जिससे अन्नदाताओ को बार-बार निराश होकर लौटना पड़ता है। गोदाम प्रभारी विजय कुमार मिश्रा ने बताया कि गेंडास बुजुर्ग में 210 बोरी डीएपी और 313 बोरी यूरिया उपलब्ध हैं, जबकि इटई रामपुर में 100 बोरी डीएपी और 324 बोरी यूरिया उपलब्ध हैं। हालांकि विजय मिश्रा के वितरण कार्य मझौली भवानी में चलने के कारण गेंडास बुजुर्ग और इटई रामपुर में खाद का वितरण प्रभावित हो रहा है। रवि की बुवाई का मौसम जोरों से चल रहा है और ऐसे में उर्वरक और बीज की आपूर्ति न होने से अन्नदाताओ के लिए समस्या गहरी हो गई है। अब सवाल यह उठता है कि किसानों को उर्वरक और बीज कहां से मिलेगा? अगर कहीं उर्वरक उपलब्ध है तो वह जमाखोरों के पास पहुंच चुका है, जहां से उर्वरक की सप्लाई प्राप्त करना अन्नदाताओं के लिए टेढ़ी खीर बन गई है।

# जर्जर सड़क पर यात्री परेशान, विभागीय अनदेखी जारी



**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला-डुमरियागंज मुख्य मार्ग से मिर्जापुर गांव और कंपोजिट विद्यालय जाने वाली लगभग एक किलोमीटर लंबी डामर सड़क पिछले कई वर्षो से जर्जर हो चुकी है। जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं और सड़क की हालत इतनी खराब हो गई है कि बड़ी-बड़ी गिट्टियां और छर्रीयां उखड़कर सड़क पर बिखरी पड़ीं हैं। इन उखड़ी हुई चटों के कारण वाहन चालकों और पैदल चलने वालों के लिए यात्रा करना मुश्किल हो गया है। ग्रामवासी और राहगीर इस टूटे-फूटे रास्ते पर चलने को मजबूर हैं। कई बार गड्ढों में गिरने के कारण लोग चोटिल हो चुके हैं। खासकर रात के समय यह रास्ता और भी खतरनाक हो जाता है, क्योंकि अंधेरे में गड्ढों को देख पाना मुश्किल होता है। स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राएं, ग्रामवासी और राहगीर इस जर्जर सड़क से गुजरने के दौरान जान जोखिम में डालते हैं। सरकार और विभागीय अधिकारियों का ध्यान जर्जर सड़कों की ओर नहीं जा रहा है। नतीजतन, यह सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है और यात्री लगातार परेशान हो रहे हैं।

## अदानी के खिलाफ जांच हो

अपने व्यवसाय के तौर-तरीकों और विशेषकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ अपनी नजदीकियों के चलते हमेशा विवादग्रस्त रहे गौतम अदानी, उनके भतीजे सागर अदानी, विनीत जैन (अदानी ग्रीन एनर्जी के पूर्व सीईओ) सहित 8 लोगों के खिलाफएक अमेरिकी कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। ये सारे अदानी की कम्पनी से जुड़े लोग हैं। यह मामला अदानी एनर्जी की ओर से अमेरिका में सौर ऊर्जा अनुबन्धों से सम्बन्धित है जिस सिलसिले में अभियोजकों ने आरोप लगाया है कि ठेका पाने के लिये भारतीय अधिकारियों को भारी-भरकम रिश्वत दी गयी। मजेदार बात यह है कि इस आरोप के लगने के कुछ ही घंटे पहले इस फर्म ने अमेरिकी निवेश ग्रेड बाजार में 20 वर्षीय ग्रीन बांड बेचा था। बाजार में इसे जबर्दस्त प्रतिसाद मिला था और इस इश्यू के लिये तीन गुना अधिक आवेदन प्राप्त हुए लेकिन मामला अदालत में जाने के बाद इस बॉन्ड को रद्द कर दिया गया। वैसे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि मामला चलता रहेगा। देखना यह होगा कि कोर्ट इस पर क्या कार्रवाई करता है और इधर भारत में निवेशकों के हितों की रक्षा करने के लिये बनी सेक्यूरिटिज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफइंडिया (सेबी) तथा सरकार कौन से कदम उठाती है। हालांकि इसकी सम्भावना नजर नहीं आती क्योंकि सेबी हो या मोदी सरकार- पहले भी अदानी के हितों की रक्षा में सदैव तत्पर दिखाई दिये हैं। यह मामला 25 नवम्बर को शुरू होने जा रहे संसद के सत्र में विपक्ष जरूर उठायेगा। इसकी जांच के लिये संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की मांग अभी से उठने लगी है। गुरुवार की सुबह जैसे ही यह सूचना भारत पहुंची, राजनीतिक व आर्थिक गलियारों में सनसनी फैल गयी। जहां लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में प्रेस कांर्फ्रेस कर आरोप लगाया कि (सेबी) की प्रमुख माधवी बुच और मोदी मिलकर जिस प्रकार अदानी को बचाते आये हैं वैसे ही अब भी बचायेंगे। उन्होंने कहा कि सेबी प्रमुख को तत्काल पद से हटाकर किसी निष्पक्ष व्यक्ति को बिठाना चाहिये और अदानी को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ की जाये। उन्होंने कहा कि वैसे इसकी उम्मीद नहीं की जा सकती क्योंकि श्जब तक वे और मोदी एक हैं तब तक वे (अदानी) सेफहै श् उन्होंने कहा कि अदानी पर कार्रवाई को लेकर कांग्रेस के साथ इंडिया गठबन्धन है और संसद में इस मामले पर जेपीसी की मांग की जायेगी। बुधवार को न्यूयॉर्क में दुनिया के सबसे अमीर कारोबारियों में से एक गौतम अदानी द्वारा अमेरिका में कार्यरत उनके एक व्यवसायिक प्रतिष्ठान को ठेका दिलाने के लिये अधिकारियों को 25 करोड़ डॉलर की घूस की पेशकश करने तथा इस तथ्य को निवेशकों से छिपाने का आरोपपत्र दाखिल किया गया। कम्पनी को अगले 20 वर्षों में दो अरब डॉलर का लाभ मिलने का अनुमान था। अभियोजन के अनुसार इसकी जांच तकरीबन दो साल से चल रही थी। वैसे अमेरिकन जस्टिस डिपार्टमेंट एंड एक्सचेंज कमीशन द्वारा लगाये गये आरोपों को अदानी समूह ने पूर्णतरू बेबुनियाद बतलाया। समूह ने अपने बयान में कानूनी विकल्पों की तलाश करने की बात करते हुए दावा किया कि अदानी समूह कानून का पालन करने वाली कम्पनी है। उधर ईस्टर्न डिस्ट्रिक्ट ऑफन्यूयॉर्क के अभियोजक ब्रायन पीस ने बतलाया कि अरबों डॉलर का कांट्रैक्ट पाने के लिये भारतीय अधिकारियों को रिश्वत देने की योजना बनी थी। वैश्विक निवेशकों से पूंजी जुटाने के लिये उसने घूस देने की इस योजना के बारे में झूठ भी बोला।

# दिल्ली में लगातार गंभीर होता वायु प्रदूषण संकट

-डॉ सत्यवान सौरभ



**दिल्ली के वायु प्रदूषण को दूर करने के लिए निवारक उपाय स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा देना है जैसे सीएनजी, इलेक्ट्रिक वाहन और हाइड्रोजन जैसे स्वच्छ ईंधन पर स्विच करना वाहनों से होने वाले उत्सर्जन को काफ़ी हद तक कम कर सकता है। दिल्ली की इलेक्ट्रिक वाहन नीति के तहत, सभी डिलीवरी सेवा प्रदाताओं को 2023 तक अपने बेड़े का 50 प्रतिशत और 2025 तक 100 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहनों में बदलना होगा। किसानों को बायो-डीकंपोजर और नो-बर्न तकनीक अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने से पराली जलाने में कमी आ सकती है। महाराष्ट्र में सगुना चावल तकनीक पराली जलाने को कम करती है। सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को बढ़ाने से निजी वाहनों पर निर्भरता कम हो सकती है, जिससे उत्सर्जन पर अंकुश लग सकता है।**

भारत अपने विषैले धुएँ को साफ करने में क्यों विफल रहा है? तकनीकी प्रगति और नीतिगत हस्तक्षेपों के बावजूद दिल्ली को अक्सर दुनिया भर में सबसे प्रदूषित शहरों में से एक माना जाता है, जहाँ वायु गुणवत्ता में गंभीर गिरावट का सामना करना पड़ रहा है। नवंबर 2024 में, वायु गुणवत्ता सूचकांक गंभीर स्तर को पार कर गया, जो कुछ क्षेत्रों में 500 तक पहुँच गया, जो 400 की ÷गंभीर÷ सीमा से कहीं अधिक है। यह भयावह स्थिति शहर के बढ़ते प्रदूषण संकट से निपटने के लिए प्रभावी, दीर्घकालिक समाधानों की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करती है। सामान्य वायु प्रदूषण भारत में अपनी आधी से अधिक बिजली बनाने के लिए कोयले को जलाने से जुड़ा है। दिल्ली में, यह लाखों कारों से होने वाले उत्सर्जन और निर्माण उद्योग से निकलने वाले धुएँ के साथ मिलकर काम करता है, जहाँ कोई प्रदूषण नियंत्रण नहीं है।

कुछ लोग दिवाली के दौरान पटाखों के व्यापक उपयोग को भी इसके लिए दोषी ठहराते हैं। अधिकारियों ने 2017 में पारंपरिक पटाखों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया था और लोगों को केवल पर्यावरण के अनुकूल रोशनी का उपयोग करने की अनुमति दी थी, लेकिन नियम को ठीक से लागू नहीं किया गया। पीएम 2.5, प्रदूषित हवा में मौजूद सूक्ष्म कण पदार्थ, फेफड़ों में गहराई तक जाकर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनता है, खासकर बच्चों, बुजुर्गों और श्वसन या हृदय की स्थिति वाले लोगों के लिए। हर साल, भारत में श्वसन सम्बंधी बीमारियों से सैकड़ों हजार लोग मरते हैं। 2021 में विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट में पाया गया कि भारत का कोई भी शहर प्रति घन मीटर हवा में 5 माइक्रोग्राम पीएम2.5 के अद्यतन विश्व स्वास्थ्य संगठन सुरक्षा मानकों को पूरा नहीं करता है। भारत के लगभग आधे राज्य इस सीमा को 10 गुना से भी ज़्यादा पार कर गए हैं।

तेज़ी से बढ़ते शहरीकरण और निजी वाहनों की बढ़ती संख्या कण पदार्थ उत्सर्जन में महत्त्वपूर्ण योगदान देती है। सफ़र इंडेक्स से पता चलता है कि वाहन प्राथमिक प्रदूषक हैं, जो पीएम2.5 उत्सर्जन में लगभग 40 प्रतिशत और नाइट्रोजन ऑक्साइड में 81 प्रतिशत का योगदान करते हैं। पुरानी तकनीक और उचित उत्सर्जन नियंत्रण की कमी के कारण दिल्ली और उसके आसपास के उद्योग ज़हरीली गैसें छोड़ते हैं। एनजीटी ने सीपीसीबी द्वारा प्रस्तुत क्षमता रिपोर्ट के आधार पर जिगजैग तकनीक वाले ईंट भट्टों सहित सभी ईंट भट्टों को बंद करने का निर्देश दिया है। पंजाब और हरियाणा में फ़सल अवशेषों को जलाने से दिल्ली की हवा में भारी मात्रा में धुआं और कण निकलते हैं। एनसीआर में चल रही निर्माण परियोजनाओं से अपर्याप्त नियंत्रण उपायों के कारण बड़ी मात्रा में धूल उत्पन्न होती है। राजमार्गों और मेट्रो लाइनों के निर्माण से परियोजना निष्पादन के दौरान पीएम 10 के स्तर में वृद्धि हुई है। भारत-गंगा के मैदान में दिल्ली का स्थान और सर्दियों के दौरान कम हवा की गति प्रदूषकों को फंसाती है, जिससे घने धुएँ की परत बनती है।

दिल्ली के वायु प्रदूषण को दूर करने के लिए निवारक उपाय स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा देना है जैसे सीएनजी, इलेक्ट्रिक वाहन और हाइड्रोजन जैसे स्वच्छ ईंधन पर स्विच करना वाहनों से होने वाले उत्सर्जन को काफ़ी हद तक कम कर सकता है। दिल्ली की इलेक्ट्रिक वाहन नीति के तहत, सभी डिलीवरी सेवा प्रदाताओं को 2023 तक अपने बेड़े का 50त्न और 2025 तक 100त्न इलेक्ट्रिक वाहनों में बदलना होगा। किसानों को बायो-डीकंपोजर और नो-बर्न तकनीक अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने से पराली जलाने में कमी आ सकती है। महाराष्ट्र में सगुना चावल तकनीक पराली जलाने को कम करती है। सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को बढ़ाने से निजी वाहनों पर निर्भरता कम हो सकती है, जिससे उत्सर्जन पर अंकुश लग सकता है। दिल्ली मेट्रो चरण ढ्ढङ्क का विस्तार कनेक्टिविटी में सुधार और यातायात से सम्बंधित प्रदूषण को कम करने का लक्ष्य रखता है। पूसा द्वारा विकसित बायोडीकंपोजर का उपयोग पराली प्रबंधन के महत्त्वपूर्ण विकल्पों में से एक है।

निर्माण स्थलों पर पानी का छिड़काव और एंटी-स्मॉग गन जैसे धूल दबाने वाले पदार्थों के इस्तेमाल को अनिवार्य करना। 2021 की सर्दियों के दौरान, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने आपातकालीन उपायों की एक श्रृंखला शुरू की, निर्माण पर प्रतिबंध लगाया, तीव्र धूल नियंत्रण उपायों को लागू किया। हरित स्थानों का विस्तार करना और सड़कों के किनारे पेड़ लगाना प्राकृतिक वायु शोधक के रूप में कार्य कर सकता है। नगर वन योजना एनसीआर उप-क्षेत्रों में हरियाली के लिए एक अवसर है। दिल्ली के वायु प्रदूषण को दूर करने के लिए उपचारात्मक उपाय। महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में स्मॉग टावर लगाने से स्थानीय स्तर पर प्रदूषक स्तर को कम करने में मदद मिल सकती है। कॉनॉट प्लेस के स्मॉग टावर ने प्रदूषण के चरम समय के दौरान वायु गुणवत्ता में स्थानीय सुधार दिखाया है।

वास्तविक समय प्रदूषण निगरानी सेंसर जैसे उन्नत निगरानी उपकरण लक्षित हस्तक्षेपों के लिए सटीक डेटा प्रदान कर सकते हैं वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग दिल्ली की वायु गुणवत्ता संकट को दूर करने के लिए अंतर-राज्यीय सहयोग को बढ़ावा देता है। पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं पर जनता को शिक्षित करना, जैसे कि वाहनों को निष्क्रिय रखना, प्रदूषण के स्तर को काफ़ी हद तक प्रभावित कर सकता है। ÷रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ÷ जैसे अभियान उत्सर्जन को कम करने के लिए व्यवहार परिवर्तन को प्रोत्साहित करते हैं।

सामान्य वायु प्रदूषण भारत में कोयले को जलाने से जुड़ा है, जिससे इसकी आधी से ज़्यादा बिजली पैदा होती है। दिल्ली में, यह लाखों कारों से निकलने वाले उत्सर्जन और निर्माण उद्योग से निकलने वाले धुएँ के साथ मिलकर होता है, जहाँ प्रदूषण नियंत्रण नहीं है। अक्टूबर से जनवरी तक यह संकट और गहरा जाता है, जब ठंड के मौसम के साथ-साथ बड़े पैमाने पर फ़सल के ठूंठ जलाए जाते हैं। उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा के पड़ोसी राज्यों से धुआँ आता है, क्योंकि हज़ारों किसान फ़सल के मौसम के बाद कृषि अपशिष्ट जलाते हैं। हालाँकि, सर्दियों की भारी हवा प्रदूषकों को ज़मीन के करीब फँसा देती है, जिससे धुआँ और भी खराब हो जाता है।

## विचार

# जी-20 की घोषणा सकारात्मक, लेकिन ठोस कदम सीमित

डॉ. ज्ञान पाठक




**घोषणा पर सभी सदस्य देशों के बीच आम सहमति बनी, और समूह ने वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने और मजबूत, टिकाऊ और समावेशी विकास को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को मजबूत करने और वैश्विक भविष्य को आकार देने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों को हल करने के लिए संकल्प पर सहमति व्यक्त की। जलवायु परिवर्तन से निपटने, न्यायपूर्ण ऊर्जा संक्रमण को बढ़ावा देने और पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए समन्वित कार्रवाई के महत्व पर जोर दिया गया, हालांकि सही दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।शासन पर ध्यान केंद्रित किया गया। जी-20 नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र को मजबूत करने, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय प्रणाली का आधुनिकीकरण करने, एक समावेशी बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली को बढ़ावा देने और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के नैतिक विकास को बढ़ावा देने सहित इसके व्यापक सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया।**

जी20 मेजबान ने रियो डीजेनेरियो घोषणा को ऐतिहासिक कहा है क्योंकि नेताओं ने अरबपतियों पर कर लगाने, असमानताओं से निपटने और सतत विकास और गरीबी के खिलाफ लड़ाई पर ध्यान केंद्रित करते हुए जलवायु कार्रवाई के लिए समर्थन करने की प्रतिबद्धता जतायी है, लेकिन इसमें सीमित ठोस कदम उठाये गये हैं और ध्यान तात्कालिक कार्रवाई के बजाय दीर्घकालिक लक्ष्यों पर दिया गया।

जीवाश्म ईंधन से दूर जाने का उल्लेख न करना, 1.5 डिग्री के बजाय 2 डिग्री सेल्सियस के लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना, और जलवायु कार्रवाई के लिए धन का भुगतान किसको करना चाहिए, इस बारे में जी-20 देशों के बीच विभाजन इसके ज्वलंत उदाहरणों में से हैं। उन्होंने बहुत ज्यादा प्रतिबद्धताएं नहीं जताईं, हालांकि उन्होंने सिर्फइतना कहा कि जरूरी खरबों डॉलर श्सभी स्रोतों से आयेंगे। चिंता का एक और क्षेत्र जिसके संबंध में जी-20 विफल रहा, वह विनाशकारी यूक्रेन युद्ध को रोकने के लिए ठोस कदम उठाना था, जिसके और बढ़ने का जोखिम है, हालांकि इसने गाजा और लेबनान दोनों में व्यापक युद्धविराम का आह्वान किया। शिखर सम्मेलन यूक्रेन को लेकर मतभेदों से भरा हुआ था। फिर भी, ऐतिहासिक जी-20 नेताओं की घोषणा की केंद्रीय प्रतिबद्धताएं सामाजिक समावेश, भूख और गरीबी के खिलाफ लड़ाई, अरबपतियों पर कर लगाना, ऊर्जा संक्रमण के उपाय, वैश्विक शासन सुधार और जलवायु कार्रवाई में तेजी लाना थीं, साथ ही 2025 में 30 (जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन) का समर्थन करना था, जो बेलेम, ब्राजील में आयोजित किया जायेगा। एजेंडे में सबसे ऊपर ब्राजील के राष्ट्रपति लुइजिनैसियो लूला दा सिल्वा का गरीबी और भूख के खिलाफवैश्विक गठबंधन का प्रस्ताव था, जिसका समर्थन 82 देशों ने किया था, जिसका लक्ष्य 2030 तक आधे अरब लोगों को भोजन उपलब्ध कराना था। शिखर सम्मेलन के वक्तव्य में अत्यधिक धनी व्यक्तियों पर प्रभावी कर लगाने के लिए सहयोगात्मक रूप से संलग्न होने और उन्हें कर अधिकारियों से बचने से रोकने के लिए तंत्र विकसित करने की प्रतिज्ञा शामिल थी। गरीबी-विरोधी समूह ऑक्सफैम ने कहा है, श्ब्राजील ने इस महत्वपूर्ण मोड़ पर दूसरों को चुनौती देते हुए एक अधिक न्यायपूर्ण और लचीली दुनिया की ओर एक रास्ता प्रशस्त किया है। यह अलग बात है कि लूला के प्रगतिशील सामाजिक एजेंडे को चर्चा के दौरान कुछ प्रतिरोध का सामना करना पड़ा, लेकिन अंततरू घोषणा पर सभी ने हस्ताक्षर किये।

घोषणा पर सभी सदस्य देशों के बीच आम सहमति बनी, और समूह ने वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने और मजबूत, टिकाऊ और समावेशी विकास को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को मजबूत करने और वैश्विक भविष्य को आकार देने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों को हल करने के लिए संकल्प पर सहमति व्यक्त की। जलवायु परिवर्तन से निपटने, न्यायपूर्ण ऊर्जा संक्रमण को बढ़ावा देने और पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए समन्वित कार्रवाई के महत्व पर जोर दिया गया, हालांकि सही दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। वैश्विक शासन पर ध्यान केंद्रित किया गया। जी-20 नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र को मजबूत करने, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय प्रणाली का आधुनिकीकरण करने, एक समावेशी बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली को बढ़ावा देने और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के नैतिक विकास को बढ़ावा देने सहित इसके व्यापक सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया। जी-20 शिखर सम्मेलन के महत्वपूर्ण निर्णयों में से एक भूख और गरीबी के खिलाफ वैश्विक गठबंधन के शुभारंभ, प्रगतिशील कराधान के लिए समर्थन और अरबपतियों के उचित कराधान के प्रति प्रतिबद्धता को उजागर करना था। हालांकि, सुपर-रिच और लोकतांत्रिक शासन के प्रगतिशील कराधान के प्रस्ताव वर्तमान वैश्विक राजनीतिक विभाजन को देखते हुए बहुत महत्वाकांक्षी माने जाते हैं।

इसने बुनियादी स्वच्छता और पीने के पानी तक पहुंच के लिए संसाधनों को जुटाने के साथ-साथ नस्लवाद को संबोधित करने और असमानताओं से निपटने के प्रयास के हिस्से के रूप में नस्लीय समानता को बढ़ावा देने के लिए पहली बार प्रतिबद्धता जताकर इतिहास रच दिया। हालांकि, जी-20 देशों को प्रतिबद्धताओं से मेल खाने के लिए अनुवर्ती कार्रवाई की आवश्यकता होगी। जलवायु कार्रवाइयों के लिए पर्याप्त निधि के लिए प्रतिबद्ध न होते हुए भी, उन्होंने सार्वजनिक और निजी दोनों ही तरह के हरित निधि को बढ़ाने के महत्व को रेखांकित किया, और जलवायु कार्रवाई का समर्थन करने के लिए आवश्यक अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संरचना में सुधार के लिए तर्क दिया।

समूह ने केवल जलवायु वित्तपोषण के लिए एक नये परिमाणित सामूहिक उद्देश्य के लिए समर्थन प्रदर्शित किया। घोषणापत्र में विकासशील देशों की सहायता के लिए निवेश का आह्वान किया गया और निष्पक्ष, स्वच्छ और संधारणीय ऊर्जा संक्रमण में तेजी लाने के लिए अक्षम जीवाश्म ईंधन सब्सिडी को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की गयी।जी-20 के स्थायी सदस्य के रूप में अफ्रीकी संघ को शामिल करने से मंच की विविधता का विस्तार हुआ है।

## साहित्य की तीन पीढ़ियां और ज्ञानरंजन 88 के हो गए

रविकान्त वर्मा

कथाकार ज्ञानरंजन 88 के हो गए। नई पीढ़ी की डिजिटल समझ शायद यह पढ़कर उन्हें गूगल में सर्च करने लगेगी। पर जबलपुर और देश-विदेश में उनके समकालीन और आगे-पीछे की तीन पीढ़ियां उनके अवदानों से ज्यादा उनके करिश्माई व्यक्तित्व के प्रभामंडल से आज तक नहीं उबर पाई हैं। एक जीवन कितना सहेज सकता है, बांट सकता है, लिपिबद्ध कर सकता है ज्ञानरंजन इसके एक बेशकीमती उदाहरण हैं। एक गांधीवादी साहित्यसेवी परिवार की संतान हैं ज्ञानरंजन।

बचपन में चंचल स्वाभाव के थे तो किशोर वय और युवा अवस्था में उनका स्वर विद्रोही रहा। विचारों में विद्रोह, सामाजिक पैमानों के प्रति विद्रोह, अंतरंग रिश्तों के प्रति दृष्टिगत विद्रोह। उनके सारे नजरिए बिलकुल अलहदा थे। उसी से निकलकर आया कथाकार ज्ञानरंजन। जिनकी रचनाधर्मिता ने पिछली सदी के साठ के दशक की कहानियों को क्रांतिकारी मोड़ दिया। काल्पनिक कहानियों के दौर में उनके कथानक की साफगोई लेखन में परिवर्तन के संकेत बन गए जो आज भी दिशासूचक यंत्र बने हुए हैं। वैसे उनके जीवन का बड़ा हिस्सा हिन्दी की प्रोफेसरी में गुजरा। शेष पत्रिका पहल के संकलन संयोजन और संपादन में। इन्हीं के समानांतर उनकी कलम साहित्य और पत्रकारिता में प्रयोगधर्मिता और बोधगम्यता के साथ चलती रही। उम्र के इस पड़ाव पर किसी भी व्यक्ति का आकलन बहुत आसान हो जाता है। जीवन को टुकड़ों में नही देखा जा सकता है। और ये कसौटी समय सापेक्ष खरी भी नहीं उतरेगी। जीवन का समग्र आकलन ही व्यक्ति का सच्चा और निष्पक्ष आकलन होता है। ज्ञानरंजन का आरंभ एक अनगढ़ता और उनकी वैचारिक ऊहापोह के बीच होता है जो शनैः शनैः स्थिरता प्राप्त करता चला गया।

स्वाध्याय के प्रति उनके आग्रह, उत्सुकता और प्रयासों से वे वैश्विक साहित्य के प्रति आर्कषित हुए वहीं पारिवारिक परिवेश और पिता रामनाथ सुमन का लेखकीय दृष्टिकोण उनका मार्गदर्शक बना रहा। अध्ययन और अध्यापन उनका प्रिय शगल है। अध्यापन की उनकी अपनी एक विशिष्ट शैली थी जो उन्हें अपने समकालीन शिक्षकों से इतर एक वैशिष्ट्य प्रदान करती है। बिना किताबी सहारा लिए धारा प्रवाही अभिव्यक्ति उस पीढ़ी के छात्रों को आज भी चमत्कृत करती है। अनुभवों का एक ठोस धरातल उन्होंने अपने सिनैमेटिक विजन से तैयार किया और यथार्थ की कसौटी पर कसा तभी उनके शब्द उनके विचार उनकी शैली लेखन और वाचन निराला और मर्मस्पर्शी होता है। कह सकते हैं ये रेयरेस्ट आफ रेयर के पास होता है। कभी कामरेड कहलाने वाले ज्ञानरंजन मार्क्सवादी चिंतन के थिंक टैंक थे। मार्क्स, लेनिन और अन्य रूसी लेखकों के अनुगामी भी थे। लेकिन आज वे समाजवादी जीवन शैली का हिस्सा प्रतीत होते हैं। पर ये यू टर्न नहीं है वरन उनके वैचारिक परिवर्तन का क्रमिक सोपान है। पिता सुमनजी देश के श्रेष्ठ अनुवादकों में एक थे। घर पर उनके समकालीन शब्द शिल्पियों का आना जाना लगा रहता था उन्हीं के सानिध्य में ज्ञानरंजन खुद को तराश रहे थे। निखर रहे थे प्रखर हो रहे थे।

अकोला में वे पैदा हुए। इलाहाबाद (प्रयागराज) में परवरिश। फिर जबलपुर को कृतित्व और व्यक्तित्व से पहचान दी फिर इसी शहर की पहचान बन गए और अंततः यहीं के हो गए। पहल का संपादन उनकी स्वतः स्फूर्त पहल था जो आज संग्रहालयीन संपत्ति बन चुका है। उत्कृष्टता इस पत्रिका की पहचान है। देश और काल की सीमाओं का अतिक्रमण, नव लेखकों की पड़ताल ज्ञानरंजन की एकाकी साधना से ही संभव हो सका। उनका श्रेष्ठतम जनसंपर्क भी इसके प्रकाशन में सहभागी बना। एक दौर उनकी पत्रकारिता का भी लोगों ने देखा जब शहर में ज्ञानयुग अखबार निकला तब सोशल मीडिया का दौर नहीं था कंधे पर थैली, जीन्स पर खड़े कॉलर वाला कुर्ता पैरों में सामान्य चप्पलें पहने ज्ञानरंजन आर्कषण का केन्द्र हुआ करते थे। मिलनसारिता, लोगों की हौसला अफजाई करना, उनके तार्किक ज्ञान से ऊपर नजर आता था। कुछ लोगों की बहस का विषय होता है ज्ञानरंजन कथाकार अच्छे हैं या संपादक। कथानक अनुभवों से बेहतर बनता है और संपादकत्व समीचीन हो तो अच्छा लगता है।



## राशिफल

**मेषः-** आपकी महत्वाकांक्षाए सफ्लता की राह पर संघर्ष हेतु प्रेरित करेंगी। अच्छी भावनाऐं आपके मकसद सफ्लता दिलाऐंगी। कार्य क्षेत्र में अपनें बौद्धिक क्षमता का लाभ उठाऐंगे।

**बृषभः-** परिश्रम द्वारा आर्थिक क्षेत्र में सफ्लता अर्जित करेंगे। समय बड़ा मूल्यवान है। अतः इसे व्यर्थ न गंवायें। किसी नए सम्वेदना का प्रभाव नए रिश्ते को जन्म देगा। अभिभावकों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुनः-** परम्पराओं व संस्कारों कें प्रति आस्था बढ़ेगी। निर्थक हीनभाव एवं कुछ साथ के प्रगतिशील व्यक्तियों से ईष्या भाव ठीक नही। अस्थिर मन लक्ष्य के प्रति केन्द्रित होने मे असमर्थ होगा।

**कर्क :-** किसी महत्वपूर्ण कार्य वश घर से दूर रहना अरुचिकर लगेगा। आपका मिलनसारिता के कारण सम्बन्धो का बिस्तार होगा। कमजोर मनोबल के कारण लक्ष्य के प्रति दृढ़ता का अभाव रहेगा।

**सिंहः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में थोड़ी कठिनाई का अभास होगा। संवेदनशील मन पूरानी मर्मस्पर्शी घटनाओं से ओत-प्रात होगा। परिवारिक दायित्वों को समयानुकूल पूर्ति हेतु मन चिन्तित होगा।

**कन्याः-** प्रयासरत क्षेत्रों में अवरोध तथा दाम्पत्य जीवन में कष्ट संभव। परन्तु ईरीय आस्था हर परीस्थिती पर बिजय प्राप्त करेंगे। धैर्यपूर्वक महत्वपूर्ण योजनाओं को क्रियान्वित करें।

**तुलाः-** घर-परिवार में खुशी का वातावरण रहेगा। पिछले दिनों उत्पन्न व्यवसायिक अवरोध के हल ढूंढने में मन केंद्रित होगा। किसी पुराने मित्र की मध्यस्तता से बिगड़े हुए सम्बन्धों में सुधार होगा।

**वृश्चिकः-** मनोवांछित सफ्लता न मिलने से उत्साह में कमी होगी। भौतिक चका-चौंद से प्रभावित मन अभाव की अनुभूति से दुखित होगा। धैर्यहीनता व परिवर्तनशीलता लक्ष्य से दिग्भ्रमित करेगा।

**धनुः-** परिजनों व मित्रों का सनिध्य से मन प्रसन्न रहेगा। कार्य-पेशे में कोई अवरोधित कार्य सार्थक होने के आसार हैं। मांगलिक एव सास्कृतिक आयोजनों में सम्मलित होंगे। महत्वपूर्ण कायरे में आलस्य ना करे।

**मकरः-** कुछ नये सम्बन्द बनेंगे। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद सम्भव। कर्तव्य व जिम्मेदारियों से घिरा मन अपनी कल्पनिक आकांक्षाओं से समझौता करने में सक्षम होगा।

**कुंभः-** मन को खराब विचारो से दूर रखते हुए अच्छे कायरे में केन्द्रित करें। नई स्थितियाँ आप मे नई प्रतिभाओं का संचार करेगा।

**मीनः-** अपनी वाणी पर नियंतणरखते हुए सम्बन्धों को मधुर बनाने की चेष्टा करें। प्रतिभा व आत्मबल कुछ महत्वपूर्ण सफ्लताओ के प्रति आशान्वित करेगा।

# युवा भारतीय महिलाओं की उभरती आकांक्षाएं

-प्रियंका सौरभ



पिछले एक दशक में युवा भारतीय महिलाओं की आकांक्षाओं में एक परिवर्तनकारी बदलाव देखा गया है, जो उनकी बढ़ती स्वायत्तता, शिक्षा और कार्यबल में भागीदारी को दर्शाता है। यह विकास भारत के सामाजिक परिदृश्य को महत्त्वपूर्ण रूप से पुनर्परिभाषित कर रहा है। उच्च शिक्षा और कौशल विकास में लड़कियों की अब लड़कों के बराबर शैक्षिक उपलब्धि है, जिसमें 50त्न से अधिक युवा महिलाएँ कक्षा 12 पूरी कर रही हैं और 26त्न कॉलेज की डिग्री प्राप्त कर रही हैं।

राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (2017-18) उच्च शिक्षा में महिलाओं के बढ़ते नामांकन पर प्रकाश डालता है, जिसमें महिला सकल नामांकन अनुपात 27.3त्न तक पहुँच गया है। युवा महिलाएँ विभिन्न कैरियर पथों और डिजिटल कौशल प्लेटफ़ॉर्म तक पहुँच से प्रभावित होकर पेशेवर महत्त्वाकांक्षाओं को तेज़ी से प्राथमिकता दे रही हैं। स्किल इंडिया मिशन और स्टेम फ़ॉर गर्ल्स इंडिया जैसे कार्यक्रमों ने तकनीकी क्षेत्रों में युवा महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा दिया है। विवाह की औसत आयु 2005 में 18.3 वर्ष से बढ़कर 2021 में 22 वर्ष हो गई है, जिसमें अधिक युवा महिलाएँ अनुकूलता के आधार पर साथी चुनती हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार 52 प्रतिशत महिलाओं ने साथी चयन में अपनी बात रखी, जो 2012 में 42 प्रतिशत थी।

कई युवा महिलाएँ आर्थिक स्वतंत्रता के लिए प्रयास कर रही हैं, विशेष रूप से उद्यमिता के माध्यम से, क्योंकि सरकार महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप के लिए समर्थन दे रही है। उदाहरण के लिए नीति आयोग द्वारा महिला उद्यमिता मंच ने 10,000 से अधिक महिला उद्यमियों के नेटवर्क को बढ़ावा दिया है। युवा महिलाएँ स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय शासन में बढ़ती भागीदारी के साथ राजनीतिक रूप से अधिक सक्रिय हैं। ग्रामीण महिलाओं के बीच स्वयं सहायता समूह सदस्यता 2012 में 10त्न से बढ़कर 2022 में 18त्न हो गई। ये आकांक्षाएँ पारंपरिक सामाजिक संरचनाओं और मानदंडों को चुनौती दे रही हैं। जैसे-जैसे अधिक महिलाएँ करियर बना रही हैं, घरों में पारंपरिक लैंगिक अपेक्षाएँ बदल रही हैं। मनरेगा पुरुषों और महिलाओं के लिए समान वेतन प्रदान करता है, जो ग्रामीण घरेलू गतिशीलता को प्रभावित करता है। अधिक शिक्षा और आय के साथ, युवा महिलाओं का अब परिवार के वित्तीय और सामाजिक निर्णयों में अधिक प्रभाव है। स्वयं सहायता समूहों ने ग्रामीण महिलाओं को सामूहिक रूप से घरेलू वित्त का प्रबंधन करने के लिए सशक्त बनाया है। बाद में विवाह करने और साथी चुनने में सक्रिय भागीदारी की ओर बदलाव ने अरेंज मैरिज की पारंपरिक संरचना को चुनौती दी है। बाल विवाह में कमी और बाद में विवाह करने को प्राथमिकता देने की रिपोर्ट करता है। बढ़ती स्वतंत्रता ने सामाजिक प्रतिबंधों को चुनौती देते हुए शिक्षा या काम के लिए महिलाओं की अकेले यात्रा को सामान्य बना दिया है। 2012 में 42 प्रतिशत की तुलना में अब 54 प्रतिशत महिलाएँ बस या ट्रेन से अकेले यात्रा करने में सहज महसूस करती हैं। युवा महिलाएँ पेशेवर सेटिंग्स में लैंगिक समानता के बारे में तेज़ी से मुखर हो रही हैं, कानूनी और सामाजिक सुधारों को बढ़ावा दे रही हैं। पोष अधिनियम (कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम), 2013 ने महिलाओं को कार्यस्थल के मुद्दों को प्रभावी ढंग से सम्बोधित करने के लिए सशक्त बनाया है। स्वयं सहायता समूह और ग्राम सभाओं में युवा महिलाएँ शासन में महिलाओं की भूमिका पर पारंपरिक विचारों को चुनौती दे रही हैं। केरल कुदुम्बश्री मिशन महिला-नेतृत्व वाले शासन को बढ़ावा देता है, जिसने राज्यों में इसी तरह के मॉडल को प्रेरित किया है।

भारतीय महिलाएँ ऊर्जा से लबरेज, दूरदर्शिता, जीवन्त उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हैं। गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के शब्दों में, हमारे लिए महिलाएँ न केवल घर की रोशनी हैं, बल्कि इस रौशनी की लौ भी हैं। अनादि काल से ही महिलाएँ मानवता की प्रेरणा का स्रोत रही हैं। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई से लेकर भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले तक, महिलाओं ने बड़े पैमाने पर समाज में बदलाव के बड़े उदाहरण स्थापित किए हैं। 2030 तक पृथ्वी को मानवता के लिए स्वर्ग समान जगह बनाने के लिए भारत सतत विकास लक्ष्यों की ओर तेजी से बढ़ चला है। लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण करना सतत विकास लक्ष्यों में एक प्रमुखता है। वर्तमान में प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, समावेशी आर्थिक और सामाजिक विकास जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विशेष ध्यान दिया गया है। महिलाओं में जन्मजात नेतृत्व गुण समाज के लिए संपत्ति है। प्रसिद्ध अमेरिकी धार्मिक नेता ब्रिघम यंग ने ठीक ही कहा है कि जब आप एक आदमी को शिक्षित करते हैं, तो आप एक आदमी को शिक्षित करते हैं। जब आप एक महिला को शिक्षित करते हैं तो आप एक पीढ़ी को शिक्षित करते हैं। स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के माध्यम से महिलाएँ न केवल खुद को सशक्त बना रही हैं बल्कि हमारी अर्थव्यवस्था की मजबूती में भी योगदान दे रही हैं। सरकार के निरन्तर लगातार आर्थिक सहयोग से आत्मनिर्भर भारत के संकल्प में उनकी भागीदारी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। पिछले 6-7 वर्षों में महिला स्वयं सहायता समूहों का अभियान और तेज हुआ है। आज देश भर में 70 लाख स्वयं सहायता समूह हैं। महिलाओं के पराक्रम को समझने की ज़रूरत है, जो हमें महिमा की अधिक ऊंचाइयों तक पहुँचाएगी। आइए हम उन्हें आगे बढ़ने और फलने-फूलने में मदद करें। महिलाओं के सर्वांगीण सशक्तिकरण के लिए अमृत काल इन्हें समर्पित हो।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। **मो. नं.** 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# खाद लेने को तड़के सुबह से उमड़ी किसानों की भारी भीड़

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।** बुन्देलखण्ड के महोबा जिले में खाद किल्लत से जूझ रहे किसानों को राहत देने के उद्देश्य से बीती रात खाद की रैक आने के बाद आज तड़के सुबह से ही खाद वितरण का कार्य शुरू कर दिया गया। समिति में खाद वितरण की सूचना मिलते ही हजारों की संख्या में पहुंचे किसान खरीद केंद्र पर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए तो वहीं तड़के सुबह से खाद के लिए परेशान हो रहे किसान जिम्मेदारों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए भी नजर आए हैं। दरअसल आपको बता दें कि कुलपहाड़ क्षेत्र में डीएपी खाद की कमी से जूझ रहे किसानों के लिए शुक्रवार को राहत की खबर सामने

**कुलपहाड़ क्षेत्र में डीएपी की कमी से जूझ रहे हैं किसान**

आई। गुरुवार खाद की रैक आने के बाद शुक्रवार को खाद वितरण होने की सूचना के बाद तड़के सुबह से किसानों की भीड़ समिति एकत्र हो गई। किसान एक बोरी खाद के लिए परेशान नजर आ रहे हैं। दरअसल आपको बता दें कि इस समय रबी की फसल की बुवाई का सीजन चल रहा है और किसान डीएपी खाद के लिए दर-दर भटक रहे हैं। हालत यह है कि किसानों की 10 ट्रक डीएपी खाद की डिमांड है और आपूर्ति मात्र दो ट्रक की गई है। जिस कारण किसान खाद उपलब्ध न हो पाने कारण बुवाई नहीं कर पा रहे हैं। वहीं बिचौलिए भी खाद की कालाबाजारी व ब्लैक में बिक्री कर लाभ उठाने में लगे हुए हैं। मुढारी गांव के किसान रिंकू कुशवाहा ने बताया कि पिछले एक माह में मात्र दो ट्रक डीएपी खाद समिति में आया है। अभी भी समिति में सैकड़ों किसानों की चेक और पासबुक जमा है। भुजपुरा गांव की महिला किसान शांति एवं तारा देवी राजपूत महिला किसान भी खाद को लेकर खासी परेशान नजर आई। खाद की कमी को देखते हुए समिति में किसानों की उमड़ी भीड़ की खबर पाकर समिति में पहुंचे नायब तहसीलदार पंकज गौतम एवं एसएचओ कुलपहाड़ नरेन्द्र प्रताप सिंह ने किसानों को समझाबुझाकर कतार बद्ध करवा कर किसानों को खाद वितरण कराने के निर्देश दिए हैं। लेकिन सवाल यह है कि हजारों किसानों के बीच मात्र 300 बोरी खाद किस तरह से वितरित की जाएगी, यह एक बड़ा सवाल है।

**प्रायवेट दुकानदार मनमानी पैसे लेकर खाद की कर रहे कालाबाजारी**

**मौदहा, हमीरपुर।** दो सप्ताह से सरकारी संस्थानों में डीएपी खाद न आने पर किसानों के चेहरो पर मायूसी झलक रही है वहीं कस्बे के फुटकर व्यापारी डीएपी खाद खुले बाजार में ड्रेढ़ गुना कीमत पर खाद बेचकर किसानों की जब खाली कर रहे हैं। मजबूरी में किसान खेत की बुवाई के लिए उर्वरक खरीद रहे हैं। सरकारी संस्थानों में दो सप्ताह से रासायनिक उर्वरक न आने पर किस दर.दर ठोकरे खाते हुए घूम रहे है। फुटकर व्यापारी भारत डीएपी अठ्ठारह सौ रुपए नवरत्ना डीएपी1600रुपये, एनपी के1500 रुपये में बेंचकर किसानों के जेब से अतिरिक्त पैसा लेकर बल्ले बल्ले कर रहे हैं। वहीं किसान सीताराम बद्री यादवएराम भवनए शुभमए चुनू बादएरतिराम आदि लोगों ने बताया कि बुवाई का समय निकाला जा रहा है खेत पलेवा करके बुवाई के लिए तैयार कर दिया गया है सरकारी समितियां में दो सप्ताह से लगातार खाद नहीं आ रही है मजबूरन एक बोरी डीएपी खाद पर 18 सौ रुपए प्रति बोरी के हिसाब से खाद खरीद कर मजबूरन बुवाई रहे हैं वहीं अधिकारियों के नाक के नीचे फुटकर व्यापारी जबरन किसनो की जेब से अतिरिक्त पैसा निकाल कर अपनी जेब भर रहे हैं किसान बेसहारा अन्नदाता दर.दर ठोकरे खाते हुए समिति एवं सरकारी गोदाम के चक्कर काटता हुआ घूम रहा है। इस संबंध में जिला कृषि अधिकारी डाक्टर हरीशंकर ने बताया कि जांच पड़ताल कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# कोरी समाज महासम्मेलन में ज्यादा से ज्यादा लोगों के आने की अपील की

**बीरांगना झलकारी बाई की मनायी गयी जयंती, लोगों ने बढ़ चढ़ कर लिया हिस्सा**

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।** कोरी समाज महासंस्थान उत्तर प्रदेश जनपद शाखा हमीरपुर ने विरांगना झलकारी बाई की 194वी जयंती रामबहादुर नयन जिला अध्यक्ष जी के आवास पर मनाई गई जिसके मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष डा सुरेश कुमार कोरी रहे सभा की अध्यक्षता भोला ने किया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि डा सुरेश ने कहा कि विरांगना झलकारी बाई का जन्म 22 नवम्बर 1830 में झांसी के निकट भोजला ग्राम में एक कोली



परिवार में हुआ था इनके पिता एक किसान थे माता बचपन मे ही म्रत्यु हो गई थी इनका पालन पोषण एक लड़के के रूप किया और पिता जी ने घुड़सवारी और तलवार बाजी सिखाई इनकी शादी रानी लक्ष्मी बाई के यहाँ कार्यरत तोपखाने में पूरन सिंह से हुई झलकारीबाई के पति ने रानी लक्ष्मीबाई से मुलाकात कराई तभी लक्ष्मी बाई ने महिला दुर्गा सेना की सेना पति बना दी गई और 1857 में झांसी में जब ब्रिटिश सेना ने बड़ी सेना के साथ झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई के किले को घेर लिया था तब झलकारी बाई ने रानी का भेष दर कर किले के मेन गेट से आकर अंग्रेजो से लड़ाई लड़ कर गुमराह करके रानी लक्ष्मीबाई को पीछे के गेट से निकाल दिया था, इस तरह रानी लक्ष्मीबाई को बचाया था जिला अध्यक्ष रामनयन ने कहा कि 8 दिसम्बर 2024को कोरी समाज महासम्मेलन होने जा रहा है उसमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में आये और रामबाबू जिला उपाध्यक्ष व भगवान दास टेलर जी ने गीत के माध्यम से समा बाद दी अध्यक्षता कर भोला भईया ने शिक्षा को बढ़ावा दिया सभी लोग शिक्षित हो इस कार्यकम में मुकेश तूफानी विजय अनुरागी आनंद शीतल प्रसाद भगवान दास आदि लोग उपस्थित रहे।संचालन रामहेत अनुरागी जी ने किया।

## खबरें एक नजर में

### सड़क दुर्घटना में तीन घायल, जिला अस्पताल रेफर

**मौदहा, हमीरपुर।** क्षेत्र में हुई अलग.अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग घायल हो गये, सभी घायलों को लहू लुहान हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सभी घायलों को सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। कस्बा निवासी सिद्धार्थ वर्मा शुक्रवार की सुबह सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था, राहगीरों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत में सुधार न होते देख चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया दूसरी घटना गुरुवार की शाम हमीरपुर निवासी साथ में बाइक में सवार रवि कुमार रीवन गांव निवासी रीवन गांव से कस्बे की ओर आ रहे थे तभी अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सहित सड़क पर गिर गंभीर रुप से घायल हो गए दोनों घायलों को लहू लुहान हालात में राहगीरों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### पिटाई के बाद युवक ने तीन दिन बाद दम तोड़ा

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे में दो युवकों के बीच हुई मारपीट की घटना से एक युवक ने दम तोड़ दिया वही परिजनों ने कोतवाली में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। कस्बा निवासी रविंद्र कुमार व अशोक पुत्र बचानी के बीच आपसी झगड़ा एवं मारपीट की घटना बीते 19 नवंबर को हो गई थी जिसमें अशोक के गंभीर चोट आने पर परिजनों ने प्राथमिक इलाज हेतु कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था युवक के गंभीर चोटे होने पर चिकित्सकों ने रेफर करते हुए बाहर उपचार करने की सलाह दी थी लेकिन पैसे के अभाव के कारण मृतक का उपचार बाहर नहीं करा सके और घर में ही दवा करवाते रहे इस दौरान अशोक पुत्र बचानी गुरुवार की आधी रात मौत हो गई मृतक के भाई सोहनलाल ने कोतवाली में तहरीर देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया की तहरीर प्राप्त हुई है शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जांच पड़ताल शुरू कर दी है पीएम की रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### प्रधानाचार्या पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप, प्रभार छोड़ने का आदेश

**मौदहा, हमीरपुर।** कस्बे के एकमात्र सरकारी इण्टर कालेज की प्रधानाचार्या पर भ्रष्टाचार के साथ ही उनके पति पर स्कूल में हस्तक्षेप करने के आरोप लगे थे जिनकी जांच के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक ने प्रधानाचार्या को प्रभार छोड़ने का आदेश दिया है। कस्बे के राजकीय बालिका इण्टर कालेज की प्रधानाचार्या अंजली प्रिया गौतम के विरुद्ध अभिभावकों ने छात्रवृत्ति आवेदन में अधिक शुल्क लेने के साथ ही रशीद नहीं देने प्रयोगात्मक परीक्षा के नाम पर वसूली तथा स्कूल के कामों में प्रधानाचार्या के पति का हस्तक्षेप और स्कूल में ही कैंटीन खुलवाने और प्रधानाचार्या द्वारा स्कूल के कामों में रुचि नहीं लेने जैसे आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र दिया था जिसके बाद जिला विद्यालय निरीक्षक ने तीन सदस्यीय जांच टीम गठित कर जांच कराई थी जिसपर जांच टीम द्वारा अपनी रिपोर्ट पेश करने के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक महेश कुमार गुप्ता ने एक पत्र जारी कर अंजली प्रिया गौतम से प्रधानाचार्या का प्रभार अग्रिम आदेश तक गणित की प्रवक्ता दीपिका शर्मा को सौंपने का आदेश दिया है हालांकि अभी तक प्रधानाचार्या द्वारा आदेश का उल्लंघन करते हुए प्रभार नहीं सौपा गया है।

### गुटखा न देने पर दुकानदार ने दिव्यांग को बेरहमी से पीटा

**राठ(हमीरपुर)।** गुटखा न खिलाने पर कोटेदार ने दिव्यांग को दुकान के अंदर बंद करके बेहरमी से मारा–पीटा। पीड़ित दिव्यांग ने कोतवाली में लिखित शिकायत की है। कोतवाली के धमना गांव निवासी उदित कुमार ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार की दोपहर करीब 12 बजे गांव के कोटेदार की दुकान के पास से निकला। राशन की दुकान पर सामग्री का वितरण कर रहे युवक ने उसे बुलाया और गुटखा खाने के लिए रुपए मांगने लगा। जब उसने गुटखा खिलाने के लिए मना किया तो वह गाली गलौज करने लगा। आरोप लगाया कि उसे राशन की दुकान के अंदर ले गया और उसे एक राय होकर तीन लोगों ने मारा.पीटा। मारपीट से उसके शरीर में चोटें आईं हैं। आरोप लगाया कि शिकायत करने पर राशन न देने की धमकी दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पत्रकारों के साथ मारपीट के मामले में अदालत ने चेयरमैन समेत तीन अभियुक्तों की जमानत अर्जी खारिज की

**हमीरपुर।** सरीला चेयरमैन व उनगे गुर्गो द्वारा दो पत्रकारों को बंधक बनाने के बाद निर्वस्त्र कर मारपीट के मामले में शुक्रवार को जनपद न्यायाधीश की अदालत ने चेयरमैन समेत तीन अभियुक्तो की जमानत खाारिज कर दी है। दो सप्ताह पहले नगर पंचायत सरीला के चेयरमैन पवन अनुरागी व छह सहयोगियों ने मिलकर पत्रकार अमित दिवेदी व शैलेंद्र मिश्रा को बंधक बनाकर निर्वस्त्र कर जमकर मारपीट की थी जिसका बीडियो वायरल हुआ था। इसके बाद पुलिस ने सभी आरोपियो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था जो अभी भी जेल में निरुद्ध है। आज तीन अभियुक्तों पवन अनुरागी, गंगाबाबू व विक्रम यादव की जमानत अर्जी जिला जज के न्यायालय में डाली गयी जिसमे शासकीय अधिवक्ता ने मामले की बहस की बचाव पक्ष को भी सुनते हुये अदालत ने तीन अभियुक्तों की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

### मानसिक स्वास्थ्य एवं तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**महोबा।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशाराम तथा नोडल अधिकारी डॉ. वीके चौहान के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार कक्ष में मानसिक स्वास्थ्य एवं तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. वीके चौहान एवं श्री प्रेमदास (मनोचिकित्सीय समाजिक कार्यकर्ता) तथा अंकिता गुप्ता (नैदानिक मनोवैज्ञानिक) आदि द्वारा मानसिक स्वास्थ्य एवं तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम का कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गयी तथा कोटपा एक्ट 2003 एवं तम्बाकू से होने वाले स्वास्थ्य पर प्रभाव जैसे कैंसर, हृदय रोग, मानसिक अवसाद, चिंता, तनाव आदि के विषय में बताया गया। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य टेली मानस हेल्प लाइन नम्बर 18008914416 टोल फ्री के बारे में जानकारी दी गयी एवं –हेल्पलाइन 7309724176 के विषय में भी बताया गया।

### बटुक भैरव नाथजी मंदिर में महाअभिषेक एवं भण्डारा आज



**चरखारी (महोबा)।** नगर चरखारी के प्राचीनतम मंदिर श्री बटुक भैरव नाथ जी में आज भैरव अष्टमी पर प्रतिवर्ष की भांति भगवान भैरव नाथ जी का महाभिषेक एवं भण्डारे का आयोजन किया जा रहा है पंचम रुद्रावतार भगवान भैरव नाथ जी के सात्विक स्वरूप भगवान बटुक भैरव नाथ जी का मंदिर नगर में पुरातन काल से ही सभी की श्रद्धा और आस्था का स्थल रहा है, उपरोक्त मंदिर के सजीव और सिद्ध स्थल होने की अनेकों कथाएं आज भी प्रचलन में हैं, कहते हैं जिसने भी इस सिद्ध स्थल पर आकर श्रद्धा भाव के साथ भगवान की साधना की उसकी हर मनोकामनाएं पूर्ण होती है एवं भगवान भैरवनाथ जी के मंदिर पर गलत सोच से ग्रसित होकर भगवान की अवहेलना करने वाले का हर तरह से पतन हो जाता है, भैरव का अर्थ होता है भय का हरण कर सभी का भरण करने वाला,, भय से ग्रसित लोगों को अभय देने वाले भगवान भैरव नाथ जी आराधना, उपासना की दृष्टि से बेहद दयालु और शीघ्र प्रसन्न होने वाले देवता का नाम है भगवान भैरवनाथ, भगवान भैरवनाथ शिव के पंचम रुद्रावतार हैं, धर्म ग्रंथों में भैरव नाथ जी के अनेकों स्वरूपों का वर्णन है जिसमे 2 मुख्य है, प्रथम भगवान का शुद्ध सात्विक स्वरूप भगवान बटुक भैरव दूसरा भगवान के विकराल स्वरूप भगवान श्री महाकाल भैरव, उपरोक्त दोनों भैरव की उपासना ही अधिक प्रचलन में है।

## लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार का आयोजन

**राठ(हमीरपुर)।** कृषि क्षेत्र में कृषि निवेशों की उत्पादक कंपनी ईकोसेफ एग्री साइंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा महाविद्यालय में आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव के अंतर्गत बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर तथा एमएससी एग्रीकल्चर के पास आउट हो चुके छात्र–छात्राओं से ट्रेनी असिस्टेंट ट्रेनिंग सुपरवाइजरए फार्मर असिस्टेंट आदि पदों के लिए लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार का आयोजन किया गया। जिसका परिणाम आगामी एक सप्ताह में आने की संभावना है। यह कार्यक्रम ब्रह्मानंद महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ सुरेंद्र सिंह के निर्देशन में महाविद्यालय के शिक्षा संकाय भवन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के तहत इकोसेफ एग्री साइंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कंपनी के नेशनल सेल्स मैनेजर डॉ अशोक कुमार सिंह ने छात्रों को कंपनी के बारे में तथा जिन पदों पर छात्रों का चयन किया जाना है उनके बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

# उत्तराखंड में नियुक्त सिपाही की लंबी बीमारी के चलते मौत, बेटी का पुलिस लिखित परीक्षा हुआ चयन

**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस में पुत्री के चयन होने के दिन उत्तराखंड में सिपाही पद पर तैनात पिता की बीमारी के चलते मौत हो गई है। जरिया पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। जरिया थाने के पचखुरा गांव निवासी रोबिन सिंह ने बताया कि उसके पिता 52 वर्षीय रोशन सिंह उत्तराखंड के रुद्र प्रयाग में सिपाही पद पर तैनात थे। दो वर्ष से वह बीमार थे। बताया कि तीन दिन पहले उसके पिता ऋषिकेश के एम्स से इलाज कराकर घर आए थे। गुरुवार की रात करीब साढ़े ग्यारह बजे उसके पिता की मौत हो गई। मृतक के पुत्र ने बताया कि उनके पिता को लंग्स डेमिज की बीमारी थी। जिसका इलाज चल रहा था। गुरुवार को निकले यूपी



पुलिस के रिजल्ट में उसकी बहन नेहा का सिपाही पद पर चयन हुआ है। बहन के पुलिस में चयन होने पर स्वजनों में खुशी लहर दौड़ी थी। लेकिन पिता की मौत पर माहौल गम में बदल गया है। मृतक अपने पीछे दो पुत्र रोबिन लोकेंद्र दो पुत्री नेहा अभनी को छोड़ गया है। पति की मौत पर पत्नी श्रीदेवी मां गेंदा रानी का रो रोकर बुरा हाल है। जरिया थानाध्यक्ष भरत कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# वरिष्ठ लिपिक की संदिग्ध मौत से विभाग में मचा हड़कंप

**हार्ट अटैक पड़ने के लगाये जा रहे है कयास**

**मौदहा हमीरपुर।** नगर के विद्युत उपखंड कार्यालय में तैनात वरिष्ठ लिपिक की देर रात अचानक कमरे में हुई मौत के बाद विद्युत विभाग में हड़कंप मच गया सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। उन्नाव निवासी मनीष शर्मा (39) की तैनाती विद्युत विभाग मौदहा में वरिष्ठ लिपिक के पद पर थी जो मौदहा के मराठीपुरा मोहल्ले में जमुना प्रसाद प्रजापति के मकान में किराए से रहते थे। बीती गुरुवार को ऑफिस से काम निपटा अपने आवास गए थे और शुक्रवार की सुबह अपने कमरे से न निकलने पर मकान मालिक ने दरवाजा खटखटाया मगर अंदर से कोई आवाज न आने के बाद उन्होंने उनकी पत्नी को फोन कर मामले की जानकारी दी जिस पर पत्नी ने उपखंड अधिकारी विमलेश श्रीवास्तव को फोन लगा जानकारी करने को कहा जिस पर मौके पर पहुंचे अवर अभियंता राजू प्रसाद ने भी काफी देर दरवाजा खटखटाया मगर अंदर से जब कोई आवाज नहीं आई तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर अंदर देखा तो वह बिस्तर पर मृत अवस्था में पाए गए और शरीर अकड़ा हुआ था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। बताया जाता है कि मृतक को मिर्गी के दौरे आते थे जिसके कारण कयास लगाए जा रहे हैं कि अटैक पड़ने के कारण ही उनकी मौत हुई है।वरिष्ठ लिपिक की हुई अचानक मौत से विद्युत विभाग के कर्मचारियों में शोक की लहर दौड़ गई है।

# नेताजी के समाजवादी और अम्बेडकरवादी विचारों को आगे बढ़ाएं: राजपूत चंद्रवती वर्मा

**सपा संस्थापक की जायंती पर राठ से टूड़ा तक निकाली गई साइकिल यात्रा**

**राठ(हमीरपुर)।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती पर राठ से टूडा तक राजपूत चंद्रावती वर्मा के नेतृत्व में एक साइकिल यात्रा निकाली गई जिसे पूर्व मंत्री रामाधार दद्दा ने झंडी दिखा कर रवाना किया और टूंडा में गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं ने नेताजी मुलायम सिंह यादव के फोटो पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। गोष्ठी में चंद्रावती वर्मा ने कहा कि श्रद्धय नेताजी जी के जन्मदिवस संकल्प लेना चाहिए कि हम सभी मिलकर उनकी विचारधारा को आगे बढ़ाएंगे तभी श्रद्धेय नेता जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। नेता जी देश के बड़े नेता थे उन की सोच ने ही दबे कुचले दलित और पिछड़े समाज के लोगों को नेता बनाया और सम्मान दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रामाधार दद्दा पूर्व मंत्री जिला महासचिव सुरेंद्र राजपूत विधानसभा अध्यक्ष गोकुल राजपूत युवजन सभा मानसिंह यादव लोहिया वाहिनी के अध्यक्ष मुलायम लोधी, मनप्यारे निषाद, नीलम यादव, मोती लाल यादव, नरेश राजपूत, महेंद्र प्रधान, जय पाल राजपूत, राजेश विश्कर्मा, संतपाल यादव, पूर्व ब्लॉक प्रमुख रामसहोदर जगदीश मिश्रा अनीश अहमद उमेश चौधरी शेलेन्द्र राजपूत कमल पाल आदि समाजवादी नेता शामिल थे।

# पं सियाराम मिश्र पब्लिक स्कूल के बच्चों को प्राथमिक चिकित्सा एवं संभावित बीमारियों से बचाव को किया जागरूक

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

पंडित सियाराम मिश्र मेमोरियल पब्लिक स्कूल महोबा में कोटा राजस्थान से पधारी राजदीप फर्टिलिटी रिसर्च एवं आई वी एफ सेंटर की संस्थापक श्री मती राजश्री दीपक गोहड़कर के द्वारा बच्चों को प्राथमिक चिकित्सा एवम् संभावित बीमारियों से बचाव के उपाय बताते हुए कहा कि आज के बच्चे कल का भविष्य है। किन्तु वर्तमान में जिस तरह से बच्चो का रुझान पाश्चात्य भोज्य पढ़ार्थो की ओर बढ़ रहा है यह बच्चों के लिए घोर संकट का कारण है ।

उन्हौने बच्चों एवं उनके अभिभावकों से आग्रह किया तथा बताया कि भोजन में फल सब्जिया



प्रोटीन तथा कम बसा वाले भोजन का सेवन करें साथ ही अध्यापकों को सुझाव दिया कि बच्चों को विद्यालय आने पर उन्हे कुछ देर धूप में खड़ा रखा जाए तथा व्यायाम कराया जाए ।मध्यावकाश में बच्चों के भोजन करने के तरीके पर गौर करते हुए उन्हे अधिक चबा चबा कर खाने के लिए प्रेरित किया जाए । तथा उन्हे भोजन करने के कम से कम 15 मिनट बाद में पानी पीने की सलाह भी दी जाना चाहिए ।इसके उपरान्त अध्यापको को सम्मान पत् 'दिया गया।अंत में संस्था के प्रधानाचार्य अंकिता उदैनिया द्वारा सभी आगंतुको का आभार व्यक्त किया गया ।कार्यक्रम का संचालन श्री मती किरण द्वारा किया गया ।कार्यक्रम में तीन सैकड़ा बच्चों के अलावा उनके अभिभावक तथा गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। अंत में प्रधानाचार्या द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## दिनेश भार्गव समेत पांच को मिला शंकर लाल मेहरोत्रा सम्मान

**महोबा।** बुंदेलखंड राज्य आंदोलन के जनक स्व. शंकर लाल मेहरोत्रा की 23वीं पुण्यतिथि पर आज बुंदेली समाज ने उनके पुराने साथी बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय महामंत्री दिनेश भार्गव, बुंदेलखंड क्रांति दल के अध्यक्ष सत्येन्द्र पाल सिंह, बुंदेली सेना के प्रमुख डॉ. आश्रय सिंह व बुंदेलखंड संघर्ष समिति के अध्यक्ष रमेश दुबे को सम्मानित किया। आल्हा चौक के अंबेडकर पार्क में आयोजित समारोह में यूपी के पूर्व पुलिस महानिदेशक सुलखान सिंह, पूर्व सांसद गंगा चरण राजपूत, पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल समेत तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे। सम्मान ग्रहण करने के बाद दिनेश भार्गव ने कहा कि शंकर भैया के अधूरे सपने को अब हम सब मिलकर पूरा करेंगे। पूर्व सांसद गंगा चरण राजपूत ने कहा कि भाजपा छोटे राज्यों की पक्षधर है और बुंदेलखंड राज्य भी भाजपा बनाएगी। पूर्व सांसद पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल ने भी कहा बुंदेलखंड राज्य तो भाजपा ही बनाएगी। संघर्ष बेकार नहीं जाएगी। दिल्ली से आये प्रवासी बुंदेलखंड संगठन के अध्यक्ष देवीदीन प्रजापति ने कहा कि अभी अच्छा मौका है यूपी, एमपी व केंद्र में अपनी सरकार है। आश्रय सिंह ने बुंदेलखंड की गांव–गांव पांव–पांव यात्रा पर प्रकाश डाला। पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह ने कहा कि बुंदेलों को फिर अपनी ताकत दिखानी होगी। सत्ताधीश हम बुंदेलों को कमतर आंक रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन करते हुए बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर ने कहा कि बुंदेलखंड राज्य बने बगैर सही मायने में बुंदेलखंड का भला नहीं होने वाला। पूर्व फौजी कृष्णा शंकर जोशी, कैप्टन मोहन सिंह, कैप्टन देवीदीन यादव ने इन विभूतियों को सम्मान प्रदान किया। इस मौके पर बुंदेली समाज के महामंत्री डा. अजय बरसैया, विनोद पुरवार, गया प्रसाद, राकेश सिंह, बृजेन्द्र सिंह, डा. देवेन्द्र पुरवार, दिलीप जैन, जागेश्वर चौरसिया, सिद्धाधव खरे, दिलीप जैन, जागेश्वर चौरसिया, गया प्रसाद व केपी राजपूत समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# गौ माता के लिए एक-एक रोटी एकत्र करने का अभियान चलाएं: अपर जिला अधिकारी

**महोबा।** कान्हा गौशाला में संरक्षित गौवंशों के लिए मण्डलायुक्त के आदेशानुसार नगर के वार्डो में घर-घर जाकर हर घर से एक-एक रोटी एकत्रित करने के अभियान को अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) ने हरी झण्डी दिखाकर शुरुआत की।

गुरुवार को आयुक्त चित्रकूट धाम मण्डल बांदा के आदेश पर नगर पालिका परिषद महोबा द्वारा अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार के कुशल निर्देशन में हर घर एक रोटी संकलन अभियान को अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) रामप्रकाश ने सुभाष चौक में हरी झण्डी दिखाकर अभियान का शुभारम्भ किया। अभियान का उद्देश्य



कान्हा गौशाला में संरक्षित गौवंशों के लिए रोटियां एकत्रित करना है। अभियान का श्रीगणेश नगर के वार्ड कस्बाथाई एवं वार्ड मलकपुरा से किया गया। कार्यक्रम के दौरान कस्बाथाई सभासद श्रीमती संजना सेन, मलकपुरा सभासद प्रतिनिधि जागेश्वर चौरसिया एव नारूपुरा वार्ड सभासद नरेन्द्र कुशवाहा सहित पालिका कर्मी भारी संख्या में उपस्थित रहे। पालिका कर्मियों ने वार्डो में घर-घर जाकर रोटियां संकलित की, जिन्हें एकत्रित कर कान्हा गौशाला भेजा गया।

# पैसों के लेनदेन में चले लाठी डंडे, दबंगों के हमले में पुत्र सहित दंपति घायल

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

यूपी के महोबा जिले में बेख़ौफ दबंगों ने पैसे के लेनदेन को लेकर हुए विवाद के बाद पुत्र सहित दंपति को बेरहमी से पीट कर लहूलुहान कर दिया। दबंगों के हमले में घायल तीनों लोगों को इलाज के लिए जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया है तो वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की गहनता से जांच पड़ताल शुरू कर दी है। दरअसल मामला शहर कोतवाली कस्बा क्षेत्र के आलमपुरा इलाके के पास का है जहां के रहने वाले श्रीचंद सुल्लेरे और उनकी पत्नी दीपा एवं पुत्र हीरा सुल्लेरे को पड़ोसी दबंगों ने पैसे के लेनदेन को लेकर हुए विवाद के



बाद लाठी डंडों से बेरहमी से पीट कर लहूलुहान कर दिया। दबंगों के हमले में घायल हुए दम्पत्ति और पुत्र को गम्भीर अवस्था में इलाज के लिए जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया है। जहां तीनों घायलों को डॉक्टर द्वारा उपचारित किया जा रहा है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित परिवार की तहरीर के आधार पर मामले की गहनता से जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# खेत पर कृषि कार्य करते समय सर्पदंश से किसान की मौत


**महोबा।** खेत में कृषि कार्य करते समय जहरीले सर्प ने किसान को अपना शिकार बना लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत नाजुक होने पर डॉक्टर ने उसे हायर सेंटर पर कर दिया परिजन उसे लेकर हायर सेंटर जा रहे थे कि रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मामला अजनर थाना क्षेत्र के आरी गांव का है जहां का रहने वाला मिथिलेश कुमार पुत्र रामचरण उम्र करीब 37 वर्ष अपने खेत में कृषि कार्य कर रहा था तभी जहरीले सर्प ने उसे अपना शिकार बना लिया सर्पदंश से किसान मिथलेश की हालत बिगड़ने पर आनन फानन में परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए मध्य प्रदेश के सीमावर्ती छतरपुर जिले के नौगांव कस्बा स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार न होने पर डॉक्टर ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर छतरपुर मुख्यालय जा रहे थे कि रास्ते में उसकी मौत हो गई। किसान की असामयिक मौत के बाद परिजन शव वापस लेकर घर पहुंचे और पुलिस को घटना की सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक किसान के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# माधव इंटरनेशनल स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरूकता बैठक

**स्कूली वाहनों की फिटनेस को लेकर भी किया जागरूक**

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

माधव इंटरनेशनल स्कूल, छतरपुर रोड, महोबा मे सड़क सुरक्षा और स्कूल वाहनों की फिटनेस पर केंद्रित एक महत्वपूर्ण जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में एआरटीओ दया शंकर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल मिश्रा, जिला विद्यालय निरीक्षक, और आल्हा प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुबोध बिदुआ समेत जिले के कई स्कूल प्रबंधक शामिल हुए। *सड़क सुरक्षा पर एआरटीओ का सख्त रुख बैठक में एआरटीओ दया शंकर ने स्कूल प्रबंधकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि बिना फिटनेस प्रमाणपत्र के स्कूल वाहनों का संचालन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने सभी स्कूल प्रबंधकों को निर्देश दिया कि



वे आगामी दो सप्ताह के भीतर अपनी गाड़ियों की फिटनेस पूरी कराएं, अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। नाबालिग वाहन चालकों पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री राहुल मिश्रा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि 18 वर्ष से कम आयु के छात्रों को वाहन चलाकर स्कूल आने की अनुमति न दी जाए। उन्होंने कहा कि यदि कोई अभिभावक अपने बच्चे को वाहन चलाने के लिए मजबूर करता है, तो इसकी सूचना स्कूल प्रबंधन द्वारा जिला कार्यालय को दी जाए। ऐसे मामलों में संबंधित अभिभावकों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**सड़क सुरक्षा पर विद्यालयों में विशेष पहल:** जिला विद्यालय निरीक्षक ने सुझाव दिया कि सभी स्कूल अपने परिसरों में सड़क सुरक्षा संबंधी प्रेरणादायक स्लोगन लिखवाएं और प्रार्थना सभा के दौरान बच्चों को सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में रोज़ाना 15 मिनट जागरूक करें। यह पहल बच्चों में सड़क पर सुरक्षित व्यवहार करने की आदत विकसित करेगी।

**अधिकारियों के निर्देशों का समर्थन:** आल्हा प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुबोध बिदुआ ने अधिकारियों द्वारा दिए गए सभी निर्देशों का पूर्ण समर्थन करते हुए कहा कि एसोसिएशन के सभी सदस्य इनका पालन सुनिश्चित करेंगे। *सम्मान एवं आभार व्यक्त बैठक के समापन पर माधव इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक डॉ. उर्मिण कौशल ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों और प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुबोध बिदुआ को शाल भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने इस सार्थक पहल के लिए अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

# बारह करोड़ किसानों को सरकार दे रही सम्मान निधि : सतीश चंद्र शर्मा

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

सरकार बारह करोड़ किसानों को 6 हजार रुपए सालाना दे रही है। चार करोड़ लोगों को मुख्यमंत्री आवास देने जा रहे हैं जिसमें कोई छूटेगा नहीं। यह बात ग्राम विरौली में नवनिर्मित अन्नपूर्णा राशन गोदाम का लोकार्पण करने के उपरांत जनसभा को सम्बोधित करते हुए प्रदेश के खाद्य रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कही है। उन्होंने ने कहा कि सपा कांग्रेस के लोग कहते है कि हम आएंगे तो ये कर देंगे वो कर देंगे। लेकिन जब इनको काम करने का मौका मिला तो ये लोग सैफई और रामपुर को चमकाने में लगे रहे। खटा खट वाले जो वादा किए थे वो अब ढूंढें नहीं मिल रहे।



चुनाव तो झूंठ बोलकर जीत सकते हो लेकिन जनता का दिल जीतने के लिए काम करना पड़ता है। वो काम योगी मोदी कर रहे हैं। सपा सरकार के समय गरीबों के हक पर डांका डालने का काम होता था। जिसकी जांचें अभी तक चल रही है।


उन्होंने ने कहा विकास के काम लगातार चल रहे हैं। सड़कें जब बनती है तो प्रगति अपने आप होने लगती है। अयोध्या के लिए बनने वाला चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग दरियाबाद विधानसभा से गुजरेगा। आप के सही निर्णय के कारण क्षेत्र का विकास तेजी के साथ हो रहा है। आज अपराधी कांप रहे हैं। बड़े बड़े अपराधियों को यमराज से मिलाने का काम किया जा रहा है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अनिल वर्मा भाजपा मंडल अध्यक्ष मुलायम यादव, एसडीएम प्रति सिंह, डीसी मनरेगा, बीडीओ अदिति श्रीवास्तव, पूर्ति निरीक्षक अनुज कुमार, एडीओ पंचायत शंभुनाथ पाठक, सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# अम्बेडकर पार्क व प्रतिमा का लोकार्पण आज

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

सतरिख नाका पर स्थित संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ0 भीमराव अंबेडकर पार्क का सांसद निधि से कराए गए उच्चीकृत निर्माण कार्य का लोकार्पण एवं जन सहयोग से स्थापित डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण दिनांक 23 नवम्बर,2024 को दोपहर 02 बजे प्रदेश के कारागार राज्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री सुरेश राही द्वारा किया जा रहा है।

नि0 सांसद श्री उपेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि जनता की मांग पर वर्ष 2023-24 में मेरी स्थानीय सांसद क्षेत्र विकास निधि से डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क का उच्चीकृत निर्माण कार्य कराया गया है। पार्क में जन सहयोग से बाबा साहब की अद्वितीय प्रतिमा स्थापित की गई जिसका लोकार्पण एवं अनावरण प्रदेश के



कारागार राज्यमंत्री/प्रभारी मंत्री सुरेश राही के कर कमलों से 23 नवम्बर शनिवार को होने जा रहा है। इस लोकार्पण समारोह में ज्यादा से ज्यादा की संख्या में लोगों भाग लेने की अपील की जाती है।

# नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश सरकार की मंशानुरूप समाज कल्याण विभाग द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान एवं मिशन शक्ति के अन्तर्गत मादक पदार्थों का सेवन को करने से रोकने जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन डा0 के0एन0एस0 कालेज ऑफ नर्सिंग (मेयो हास्पिटल परिसर) निकट सफेदाबाद कासिंग, बाराबंकी में आयोजित किया गया, जो कि आर0जगत सांई (आई0ए0एस) ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नबावगंज बाराबंकी, की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में पुलिस उप अधीक्षक नगर सुमित त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुषमा वर्मा, डिप्टी सी0एम0ओ0 डा0 आफताब अंसारी एवं डा0 सुरेन्द्र कुमार, जिला मद्यनिषेध अधिकारी नीतू वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक राधे श्याम (प्रतिनिधि), महिला थानाध्यक्ष मुन्नी सिंह, औषधि



निरीक्षक सीमा सिंह, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन पुरूषोत्तम विश्वकर्मा उप निरीक्षक ए0एन0टी0एफ0, डा0 एन0के0 मोहेन्द्र डीन एवं रंजीत कुमार, रजिस्ट्रार डा0 के0एन0एस0 कालेज ऑफ नर्सिंग, डा0 सिवांगी अग्रवाल असिस्टेन्ट प्रोफेसर, प्रदीप सारंग समाज सेवी, नागेश कुमार, अध्यक्ष बंशगोपाल राष्ट्रीय पुनर्वास ट्रस्ट, समाज कल्याण के समस्त कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। जिला समाज कल्याण अधिकारी महोदया द्वारा सभी अतिथियों का तुलसी के पौधे देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा नशामुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत चित्रकला प्रतियोगिता में विजयी 12 छात्र/छात्राओं को शील्ड एवं प्रमाण-पत्र वितरित करते हुए परिसर में उपस्थित छात्र/छात्राओं एवं अन्य अतिथियों को नशामुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत शपथ दिलायी गयी। अन्त में जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों, शिक्षण संस्थान एवं हास्पिटल के समस्त शिक्षकों तथा अन्य स्टाफ का आभार व्यक्त किया गया।

## खबरें एक नजर में

### हाईवे पार कर रहे किशोर की ट्रैक्टर की टक्कर से मौत

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर शुक्रवार की सुबह सड़क पार करते समय भिखरा गांव के निकट मोटरसाइकिल में अज्ञात ट्रैक्टर द्वारा टक्कर मार देने से 16 वर्षीय किशोर की उपचार के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस द्वारा पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत गोसूपुर गांव निवासी कमलेश साहू का 16 वर्षीय पुत्र शिवम शुक्रवार की सुबह साढ़े 10 बजे मोटरसाइकिल से भिखरा गांव स्थित हेयर कटिंग सैलून पर जा रहा था जब वह भिखरा गांव के निकट सड़क पार कर रहा था कि तभी सुल्तानपुर की ओर से आया अज्ञात ट्रैक्टर टक्कर मारते हुए फरार हो गया जिसके चलते किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुंचाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था के चलते शिवम को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया जहां पर देर शाम उपचार के दौरान किशोर की मौत हो गई। जिसके बाद पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। एकलौते पुत्र शिवम की मौत का समाचार से मां बाप एवं उसकी दोनों बहनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### समाधान अभियान में सुनी गई समस्याएं

**सिरौलीगौसपुर-बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** दक्षेत्र के ग्राम पंचायत जगदीशपुर व मौलाबाद के पंचायत भवन में गांव की समस्या गांव में समाधान अभियान के तहत पंचायत सचिव के नेतृत्व में चौपाल बैठक आयोजित की गई।इस चौपाल में सैकड़ो लोग मौजूद रहे,नाली, रास्ता ,साफ सफाई ,परिवार रजिस्टर नकल सहित अन्य समस्याओं से सम्बंधित 8 शिकायत आई जिसमे 3 का निस्तारण किया गया। शुक्रवार को मौलाबाद पंचायत भवन में ग्राम प्रधान राजू वर्मा व जगदीशपुर में रेखा रावत की अध्यक्षता में आयोजित चौपाल में गांव के सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे। जिसमें ग्राम पंचायत में नाली साफ सफाई सहित विभिन्न समस्याओं को उठाया गया। जिस पर सचीव के द्वारा सभी को आश्वासन दिया गया कि गांव में साफ सफाई के साथ ही जो अन्य समस्याएं हैं उनका निस्तारण एक सप्ताह में किया जाएगा। इस अवसर पर पँचायत सचिव धर्मेंद्र वर्मा,मनीष शुक्ला जगदीशपुर प्रधान प्रतिनिधि सतीश कुमार रावत, रोजगार सेवक पँचायत सहायक सफाई कर्मी सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

### बेकाबू कार की टक्कर से युवक की मौत, साथी घायल




**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** तीन दिन पूर्व बेकाबू कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई थी साथ ही उसका साथी घायल हो गया था। इस मामले में मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कार व उसके चालक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उरगांव निवासी कल्लू पुत्र मुन्नीलाल ने पुलिस को बताया कि बीती 19 नवंबर को उनका बेटा संजय (28) गांव के ही अंशू (23) के साथ जालौन खाद लेने के लिए गया था। शाम करीब छह बजे वह दोनों बाइक पर खाद की बोरी लादकर वापस गांव लौट रहे थे। तभी बगिया के पास सामने से आ रही कार के चालक ने बेकाबू होकर उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में संजय व अंशू दोनों बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जब तक उन्हें अस्पताल ले जाया जाता उससे पहले ही बेटे संजय की मौत हो गई। वहीं, गंभीर रूप से घायल अंशू का इलाज चल रहा है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कार व उसके चालक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मेघा कैम्प में की गई बिजली बिल की वसूली

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

विद्युत विभाग के मेगा कैंप में करीब 2 लाख की बकाया वसूली के साथ लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया। इसके साथ ही बकाया विल पर 22 लोगों के कनेक्शन काटे गए। विद्युत उपकेंद्र सूरतगंज के अंतर्गत शुक्रवार को सूरतगंज कस्बा में अवर अभियंता शैलेंद्र कुमार यादव की मौजूदगी में बिजली कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में 105 उपभोक्ताओं ने अपने बकाया बिजली बिल जमा किया। जिसमे करीब 2 लाख रुपये का राजस्व जमा किया गया। एक दर्जन से अधिक उपभोक्ताओं ने अपने बिजली के बिल को सही कराया। गांव में चेकिंग के दौरान बिजली बिल न जमा करने वाले 22 लोगों के विद्युत कनेक्शन काटे गए। शिकायतकर्ताओं ने बताया की बिजली बिल आवश्यकता से अधिक आ रहे हैं। जिसे कैंप में एप्लीकेशन देकर सही कराकर बिल जमा किया है। अवर अभियंता शैलेंद्र यादव ने बताया की उपकेंद्र से संबंधित सभी गांव की चेकिंग कराई जाएगी। उन्होंने विद्युत बकायेदार उपभोक्ताओं से अपील किया कि अपना अपना बिजली बिल जमा कर दे अन्यथा उनकी बिजली का कनेक्शन काट दिया जाएगा। साथ ही साथ उन्होंने बताया कि जिन्होंने अभी तक एक बार भी बकाया बिल का भुगतान नहीं किया है वह अपना बिल अवश्य जमा कर दें। इस कैंप में टीजीटू मोहम्मद अलीम इरसाद प्रदीप प्रजापति,निरंकार यादव, प्रवेश सिंह, सचिन गुप्ता लाइनमैन बहादुर सहित विद्युत विभाग के अधिकारी,कर्मचारी मौजूद रहे।

# सपा नेताओं ने मुलायम सिंह यादव को किया नमन

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

सपा नेताओं ने सपा संस्थापक नेता स्व मुलायम सिंह यादव की जयंती मनाई। इस अवसर पर पूर्व मंत्री राकेश वर्मा ने कहा कि गांव गरीब गुरबत मे रहने वाले जनमानस की बुलंद आवाज थे श्रद्धेय नेता मुलायम सिंह यादव नेता जी जैसा ना तो कोई हुआ है न कोई होगा। सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव पूर्व सांसद रामसागर रावत ने जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता एवं जिला महासचिव हिमांशु यादव के संचालन में जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव की जयंती एवं समाजवादी पुरोधा स्वर्गीय रामसेवक यादव की पुण्यतिथि पर आयोजित




विचार गोष्ठी में स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव और स्वर्गीय रामसेवक यादव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के पश्चात पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद रामसागर रावत ने भी सम्बोधित किया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व एमएलसी राजेश यादव राजू ने आदरणीय नेता मुलायम सिंह यादव जी को नमन करते हुए उनकी स्मृतियों को याद करते हुए कहा नेताजी हमेशा कमजोर से कमजोर कार्यकर्ता को भी आगे बढ़ने का काम करते थे उनके ही विचारों और सिद्धांतों पर चलकर अखिलेश यादव जी निरंतर सभी जाति धर्म संप्रदाय के कार्यकर्ताओं को निरंतर पार्टी संगठन से लेकर सदन तक प्रतिनिधित्व देने का काम कर रहे हैं।

इसी क्रम में पूर्व सांसद रामसेवक यादव की समाधि स्थल पर स्वर्गीय रामसेवक यादव जी के पुत्र अमिताभ यादव पौत्र समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव हिमांशु यादव द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं पदाधिकारियों ने सम्मिलित होकर स्वर्गीय रामसेवक यादव जी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसके पूर्व जिला महासचिव हिमांशु यादव ने छाया चौराहा धनोखर चौराहा स्थित स्वर्गीय रामसेवक यादव की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# ग्राम चौपाल लगाकर सुनी गई ग्रामीणों की समस्याएं

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

विकासखंड हैदरगढ़ की सतरही ग्राम पंचायत में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा, कन्या सुमंगला, आत्मा सहित सभी सरकारी योजनाओ की जानकारी ग्रामीणों को उपलब्ध कराई और योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने की अपील की। पंचायत सचिव हर्षित श्रीवास्तव ने स्वयं सहायता समूह के गठन के साथ-साथ सभी सरकारी योजनाओं का लाभ कैसे प्राप्त करना है, इस बारे में विस्तृत जानकारी दी। ग्राम प्रधान राजन सिंह ने खंड विकास अधिकारी की कार्यशैली की



सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में विकासखंड की सभी ग्राम पंचायत में रुके हुए विकास कार्य शुरू कराये गए हैं।इस अवसर पर ग्राम प्रधान द्वारा सतरही के ग्रामीणों के आवगमन के प्रमुख मार्ग, जो कि बुरी तरह से जर्जर हो गया है, को बनवाने के आग्रह पर बी डी ओ ने त्वरित स्वीकृति प्रदान की हैं। ग्राम चौपाल में एडीओ पंचायत कौशल कुमार के अलावा विजय सिंह, रामलाल, गया प्रसाद, धनीराम, हौसला, दिनेश कुमार, रामवती, छोटका, इंद्राणा, कलावती मौजूद रहे।

## तहसीलदार की कार्यशैली से क्षुब्ध वकीलों ने डीएम से की मुलाकात, स्थानांतरण की मांग

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** तहसीलदार के स्थानांतरण को लेकर हैदरगढ़ के अधिवक्ताओं के एक प्रतिनिधि मंडल ने डीएम से मुलाकात की। दिए गए ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने बताया कि तहसीलदार की कार्यशैली के चलते अधिवक्ता और वादी दोनों क्षुब्ध हैं। इसीलिए पिछले कई दिनों से तहसील के सभी अधिवक्ता उनके न्यायालय पर न्यायिक कार्य नहीं कर रहे हैं और ना ही आगे भी उनके साथ कार्य करना चाहते हैं। अधिवक्ताओं ने जनहित और न्याय हित में तहसीलदार सीमा भारती का अविलंब स्थानांतरण किए जाने की मांग की है। प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष राम प्रताप सिंह महामंत्री कुंवर बहादुर यादव,पूर्व महामंत्री हरिश्चंद्र सिंह, संजय सिंह, बृजेंद्र प्रताप सिंह बिज्जू, मित्रसेन वर्मा, सियाराम यादव आदि शामिल रहे।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा सार्वजनिक शौचालय

- अजपुरा गांव में सालों से अधूरा पड़ा है सार्वजनिक शौचालय
- ग्रामीण बाहर शौंच जाने को विवश

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

सरकार की लाख कोशिशो बावजूद लोग आज भी खुले मे शौंच जाने को मजबूर हैं दरअसल सरकार द्वारा चलाई गईं योजना स्वच्छ भारत मिशन को पलीता लगाने मे जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे है।ताज़ा मामला बाराबंकी जिले के हरख ब्लाक अंतर्गत अजपुरा ग्राम पंचायत का है जहाँ अजपुरा गांव मे करीब दो साल पहले सार्वजनिक शौचालय निर्माण कार्य शुरू कराया गया था लेकिन अभी भी अधिकांश कार्य अधूरा ही पड़ा है और बजट भी ख़त्म हो गया जिससे लोग बाहर शौंच जाने को मजबूर है।वहीं इस सम्बन्ध मे ग्राम प्रधान रामफेर रावत का कहना है की पूर्व मे रहे सचिव के द्वारा बिना काम कराये ही पैसे का गमन किया गया था और अब बजट मे सिर्फ 40 हजार रूपये शेष बचे है जबकि कार्य अधिक है।कार्य पूरा कराने के लिए और बजट की जरूरत है।वहीं इस सम्बन्ध मे खंड विकास अधिकारी प्रीती वर्मा का कहना है कि मामला संज्ञान मे आया है जाँच कराने के बाद कार्य पूरा करा दिया जायेगा लेकिन सवाल इस बात का है। सालों से चल रही यह जाँच कब पूरी होगी और क्या बिना कार्य कराये पैसा निकालने वाले ऐसे भ्रष्टाचारियों पर कार्यवाही भी होगी या फिर से मामले को ठन्डे बस्ते में डाल दिया जाएगा।

# डीएम की अनोखी पहल, 11 गायें गौपालकों को की गई दान

- अटल स्मृति वाटिका को देख डीएम ने बाउंड्री वॉल निर्माण करने के दिए निर्देश
- ग्रामीणों ने तालाब की बाउंड्री वॉल और सौंदर्यीकरण की मांग की

**कुठौंद (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी जालौन ने कुठौंद ब्लॉक के ग्राम सलेमपुर कालपी का निरीक्षण किया। निरीक्षण करने गए जिलाधिकारी ने गौशाला के साथ बनी स्मृति वाटिका को देखकर इतना प्रभावित हुए कि वहां पर मौजूद औषधीय पौधे और फलदार के साथ साथ सारे वृक्षों को एक साथ देख



मन मोहित हो गया।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने तत्काल मौजूद वृक्ष की सुरक्षा के लिए बाउंड्री वॉल का निर्माण करने के लिए खण्ड विकास अधिकारी को आदेश दिया गौशाला में गौपूजन कर मौजूद गायों को गुड और चना खिलाया ग्राम के 11 किसानों को गौ दान किया और उनके खर्चे के लिए प्रशासन से 50 रुपए प्रति गायें भुगतान देने का खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिया ग्राम पंचायत के ऐसे किसान जो गायें पाले हुए है। उनको प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व विधायक कालपी नरेन्द्र पाल सिंह जादौन ने किसानों को बताया सरकार का मुख्य उद्देश्य है। गौ पलक को हर हाल में वरीयता दी जाए गायें पालने वाले को अनुदान दिया जाये और गाय के गोबर से बनी खाद का उपयोग कर फसल उपज की जाय जिससे लोग निरोगी रहे। कार्यक्रम में गांव की महिलाओं ने जिला अधिकारी से मांग की हमारे गांव के तलब का सौंदर्यीकरण करा दिया जाय। तो गांव का भला हो जाएगा डीएम ने तत्काल प्रभाव से गांव के सौंदर्यीकरण कराने का संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी गजेंद्र प्रताप सिंह सहायक अवकाश अधिकारी पंचायत गिरजा शंकर निरंजन एडीओ आईएसबी रामकुमार कुशवाहा, ग्राम विकास अधिकारी अरुण कुमार सहित विकासखंड के सभी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## तीन दिवसीय उर्स का आयोजन 28 से

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** तकिया मैदान स्थित हजरत सैयद सुखचौन शाह की दरगाह पर तीन दिवसीय 71वां सालाना उर्स 28 नवंबर से शुरू होगा। समिति के अध्यक्ष अफरोज शाह व सादिक आली ने जानकारी देकर बताया कि 28 नवंबर की सुबह फातिहा होगी, 29 नवंबर को बाद नमाज इशां जलसा होगा। 30 नवंबर को बाद नमाज जुहर दोपहर दो बजे शाहगंज से चादर उठेगी। चादर तकिया मैदान होकर नजर बाग स्थित दरगाह पहुंचेगी। वहां से वापस आकर हजरत सुखचौन शाह दरगाह पर चादर पेश की जाएगी। शाम को लंगर का इंतिजाम होगा।

# डीपीएस में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

- सड़क पर सुरक्षा नियमों का पालन सभी लोग करें : द्रविण कुमार (सीओ सिटी)

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



दिल्ली पब्लिक स्कूल इटावा में यातायात पुलिस इटावा द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का विशेष आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीओ सिटी द्रविण कुमार द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया गया । तत्पश्चात प्रिंसिपल भावना सिंह ने कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम के शुभारंभ में विद्यालय के बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि सीओ सिटी द्रविण कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि, बच्चों हमारा मानव जीवन बेहद ही अनमोल है और हमारी जरा सी नासमझी से हम सड़क पर किसी बड़ी दुर्घटना का शिकार भी जाते है। अतः इस परेशानी से बचने के लिए हमे यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि,हमारे देश में प्रति वर्ष हजारों लाखों लोग सड़क दुर्घटना में अपनी जान गंवा देते है जिसमे से 70 प्रतिशत लोग बाइकर्स होते है और मौत के मुख्य कारणों में शराब पीकर गाड़ी चलाना,सीट बेल्ट न बांधना, मोबाइल पर बात करते हुए गाड़ी चलाना और हाई स्पीड के साथ बाइक पर हेलमेट न पहनना प्रमुख कारण होते है। उन्होंने बच्चों को मोटिवेट करते हुए स्वास्थ्य पर ध्यान देने के साथ सोशल मीडिया से दूर रहने के लिए भी प्रेरित किया। कार्यक्रम मैं पधारे यातायात पुलिस इटावा के टीएसआई सूबेदार सिंह ने बच्चों को सड़क सुरक्षा के नियमों की विस्तार से जानकारी सड़क सुरक्षा से जुड़ी एक शॉर्ट फिल्म के माध्यम से दी। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि द्वारा सभी बच्चो को रोड सेफ्टी की शपथ भी दिलाई गई और दिल्ली पब्लिक स्कूल को यह जानकर बधाई दी की उनके यहां कोई भी 18 वर्ष से कम उम्र का बच्चा कभी भी बाइक से स्कूल पढ़ने नही आता है। अंत में प्रिंसिपल भावना सिंह ने सभी अतिथियों का बच्चों को महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिए आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षिका श्रृष्टि सिंह ने किया।

# छात्रों ने तैयार किया एंटी एयर पोल्यूशन मास्क

**सहजनवा गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**

राजधानी दिल्ली समेत पूरे एनसीआर के साथ देश में कई जगह बढ़ते प्रदूषण से लोगों की सांसें फूलने लगी हैं। एक्यूआई (एयर क्वालिटी इंडेक्स) की स्थिति बेहद खतरनाक हो गई है, जिससे लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है और आंखों में जलन भी हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली के कई इलाकों में जहरीली हवा चल रही है, जो सेहत के लिए ठीक नहीं है। इस बढ़ते प्रदूषण के कारण लोग कई तरह की सांस संबंधित बीमारियों का शिकार हो सकते हैं।

इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड



मैनेजमेंट गीडा गोरखपुर के बीटेक के चार छात्र-छात्राओं ने मिलकर एक ऐसा एंटी एयर पोल्यूशन मास्क तैयार किया है, जो प्रदूषित हवा को शुद्ध करके उपयोगकर्ता तक सुरक्षित हवा पहुंचाने में मदद करता है। इस मास्क को बनाने वाले छात्र हैं–अंशित श्रीवास्तव, शाम्भवी मिश्रा, तान्या प्रजापति और शीतल गुप्ता। शाम्भवी मिश्रा ने बताया कि प्रदूषण की स्थिति बहुत गंभीर हो गई है। इस प्रदूषण से आंखों में जलन हो रही है और सांस लेने में कठिनाई आ रही है। हमारी टीम ने एक ऐसा मास्क तैयार किया है, जो प्रदूषित हवा से सुरक्षा प्रदान करता है और आंखों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करता है। इस मास्क में लगे खास एयर फ़िल्टर प्रदूषित हवा को शुद्ध कर आपके साँसों तक सुरक्षित हवा पहुंचाते हैं। तान्या प्रजापति ने मास्क की विशेषताओं के बारे में बताया, ÷हमारा मास्क प्रदूषण रहित हवा प्रदान करने के साथ-साथ, इसमें एक एंटी पोल्यूशन सेंसर भी है, जो प्रदूषण स्तर बढ़ने पर अलर्ट करता है। इससे उपयोगकर्ता को समय रहते प्रदूषित क्षेत्रों से बाहर निकलने का संकेत मिलता है।

अंशित श्रीवास्तव ने कहा कि मास्क के अंदर एक विशेष एयर फ़िल्टर है, जो हवा को शुद्ध करता है और जब हम सांस लेते हैं तो यह साफ हवा हमारे शरीर में प्रवेश करती है।÷ शीतल गुप्ता ने कहा, ÷मास्क को बनाने में हमें एक सप्ताह का समय लगा और 750 रुपये का खर्च आया। इसे बनाने में हमने एयर पोल्यूशन सेंसर, 3.7 वोल्ट की बैटरी, अलार्म, मास्क, और आई सेफ्टी चश्मे का इस्तेमाल किया है। संस्थान के निदेशक डॉ. एन के सिंह ने कहा कि यह मास्क प्रदूषण से लड़ने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, लेकिन साथ ही हमें यह समझने की आवश्यकता है कि प्रदूषण किस कारण से बढ़ रहा है और इसे रोकने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं। हमारे छात्रों ने इस समस्या को ध्यान में रखते हुए एक अभिनव समाधान प्रस्तुत किया है। छात्रों की इस उपलब्धि पर पर पर संस्थान के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया, सचिव श्यामबिहारी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल साहित्य संस्थान के सभी शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दिया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत नेकपुरा वि.ख. पनवाड़ी, महोबा

### निर्माण आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

स्वच्छ भारत मिशन योजना 2024-25 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 23.11.2024 से 29.11.2024 तक सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जायेंगी व उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे उपस्थित निविदायें खोली जायेगी। निविदा शुल्क-100 रुपए

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर धनराशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नेकपुरा | आर आर सी सेंटर का निर्माण सामुदायिक शौचालय के पास | 379400 लाख | 2% | सीमेन्ट, सरिया, पाइप चददर, गिट्टी, बालू आदि | 6X 8मी. | 6 माह |

शर्ते-1. ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टैम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3 निविददाताओं को धरोहर धनराशि के एवज में एनएससी एफडीआर संलग्न करना होगा
4.निविदा स्वीकृत या अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

सचिव — ग्राम प्रधान

# बीसीजी वैक्सीनेशन में स्थिति संतोषजनक न मिलने पर डीएम ने जताई नाराजगी

▸ डीएम बोले- कैम्प लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाएं इस कार्य में लापरवाही न करें

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी

यू विन पोर्टल पर समस्त प्रकार की फीडिंग समय से होनी चाहिए। जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों का भुगतान समय से किया जाएं। यह बात जिलाधिकारी ने कही।

जिलाधिकारी ने शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति के संबंध में बैठक हुई।

उन्होंने समीक्षा करते हुये कहा कि 0 से 1 वर्ष के बच्चों का पंजीकरण के कार्य में गति लाएं। बीसीजी वैक्सीनेशन में स्थिति संतोषजनक न मिलने पर नाराजगी प्रकट करते हुये कहा कि चिकित्सा अधिकारी देखे कि जो डिलीवरी हो रही है। नवजात बच्चों का बीसीजी का वैक्सीनेशन हो रहा है अथवा नही अगर नही हो रहा है। तो सम्बन्धित एएनएम की जाबबदेही तय करें तथा संबंधित से स्पष्टीकरण लिया जाये। कहा कि विकास खण्ड स्तर पर 70 प्लस के 11000 लाभार्थियों की सूची तैयार की गयी है कैम्प लगाकर तत्काल आयुष्मान कार्ड बनाये जाये। इस कार्य में लापरवाही न की जाये। उन्होने निर्देश दिये कि मलीन बस्तियों में लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर टीबी के मरीजों को चिह्नित करें। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ स्वदेश गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ शक्ति बसु, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ पूरन सिंह सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनाएं संविधान दिवस

जिलाधिकारी ने संविधान दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाये जाने के संबंध में बैठक की। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने पर स्वतंत्रता का अमृत काल चल रहा है। जिसके अन्तर्गत 26 नवम्बर को संविधान दिवस के अवसर पर सरकारी संस्थान व निजी संस्थानों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएं।

## पुलिस व बाल श्रम टीम ने दो बाल किशोर को सकुशल किया बरामद

### ढाबा संचालक को नोटिस जारी कर की कार्रवाई

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम थाना प्रभारी कोतवाली कपिल दुबे के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस व बाल श्रम संयुक्त टीम द्वारा होटल ढाबा चेकिंग के दौरान न्यू कन्नौज राजा फैमिली ढाबा बलारपुर, रौनी हाइवे पाल चौराहा में दो बाल किशोर फैजान पुत्र नईम उम्र 13 वर्ष, आशीष पुत्र सुखवासी उम्र 12 वर्ष समस्त निवासीगण सटियापुर पाल चौराहा को हेल्पर का कार्य करते हुए पाया गया। बाल एवं श्रम किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के अन्तर्गत निरीक्षण प्रतिष्ठान उपरोक्त को श्रम परिवर्तन अधिकारी द्वारा नोटिस जारी कर कार्यवाही की। बाल किशोर के परिजनो को सूचनार्थ कर उचित कार्यवाही हेतु न्यायालय सीडब्ल्यूसी के समक्ष पेश किया व अन्य विधिक कार्यवाही की।



# एसपी ने साप्ताहिक परेड का किया निरीक्षण, ली सलामी

▸ शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए लगवाई दौड़
▸ पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं व पुलिस आवासों का निरीक्षण कर दिए निर्देश

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज, समृद्धि न्यूज।**


परेड की सलामी लेते पुलिस अधीक्षक

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली तथा परेड का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के पश्चात शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड की दौड़ लगवाई। परेड को एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाई। ड्रिल देखकर उसे और बेहतर तरीके से कराने के लिए प्रभारी पुलिस लाइन को निर्देशित किया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा दंगा नियंत्रण में उपयुक्त होने वाले टियर गैस गन व रबर गन का अभ्यास किया तथा सभी अधिकारी/कर्मचारियों से शस्त्र अभ्यास करवाया गया। पुलिस अधीक्षक ने पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर उपलब्ध समस्त आपातकालीन उपकरणों को चलवाकर चेक किया तथा प्रभारी यूपी 112 को निर्देशित किया कि पीआरवी वाहनों व उसके उपकरणों की लगातार चेकिंग करें। पीआरवीकर्मी अपने- अपने स्थान पर सतर्क दृष्टि रखते हुए पब्लिक की सुरक्षा और सेवा में समर्पित रहें। पुलिस लाइन निरीक्षण के दौरान जीडी कार्यालय, पुलिस कैंटीन, शस्त्रागार, बैरक, स्टोर रूम, भोजनालय, लॉन टेनिस ग्राउंड व परिवहन शाखा,कन्ट्रोल रूम, आरओआईपी, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम यूपी 112 आदि को चैक कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक, यातायात प्रभारी व अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण रहे ।

## खबरें एक नजर में

### दंपति को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** घर के बाहर बैठी महिला से गांव के ही लोगों ने बेवजह गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली में आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करवाई है। ग्राम डिगसरा निवासिनी किरन देवी पत्नी मंगली प्रसाद ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 11 नवंबर की सुबह 09 बजे गांव के ही रामकुमार, प्रताप, सत्यपाल व संतरी देवी आए और उससे बेवजह गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता के शिकायती पत्र पर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### किशोरी को भगाने की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** रात्रि में परिवार वाले जब सभी सो रहे थे उसी समय गांव का युवक किशोरी को बहला फुसला कर भगा ले गया। जब इस बात की जानकारी परिजनों को हुई तो किशोरी की खोजबीन की। जब कहीं पता नहीं लगा तो परिजनों ने आरोपित युवक के विरुद्ध कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। क्षेत्र के ग्राम निवासी महिला ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहां है कि 21 नवंबर की रात लगभग दो बजे घर में सभी लोग सो रहे थे तभी गांव का मनु उसकी 17 वर्षीय किशोरी को पहले बहला फुसलाकर भगा ले गया। पीड़ित पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** थाना तालग्राम के ग्राम टिकुरियन (सलेमपुर) निवासी गुड्डू कश्यप (32) पुत्र नरेश का शव शुक्रवार की सुबह गांव के पास तालाब किनारे आम के पेड़ में गमछे से लटका मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजनों में शव देख चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंचे उप निरीक्षक कामता प्रसाद पाल ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक गुड्डू कश्यप गुरुवार की रात पत्नी मीना ने नाराज होकर तालाब में सिंघाड़े की रखवाली के लिए गया था। शुक्रवार की सुबह उसका शव तालाब किनारे पेंड से लटका मिला। थाना प्रभारी शशिकांत कनौजिया ने बताया कि पोस्मार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### तेज रफ्तार लोडर ने मारी मोटर साइकिल में टक्कर, तीन घायल

**कुठौंद (जालौन), समृद्धि न्यूज।** कुठौंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत उरई औरैया स्टेट हाईवे पर फौजी ढाबा के पास औरैय्या की ओर से आ रही तेज रफ्तार लोडर नंबर यूपी 92 एटी 6575 ने फौजी ढाबा के पास बाइक सवार तीन लोगों को जोरदार टक्कर मार दी जिसकी सूचना थाना पुलिस को मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची उसके उपरांत लोडर चालक लोडर लेकर मुख मार्ग को छोड़कर धर्मपुरा मार्ग की ओर भाग गया जिसका पीछा पुलिस द्वारा किया गया तभी लोडर पुलिस के कब्जे में आई। पुलिस द्वारा सभी घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जिनकी हालत नाजुक होने की वजह से डॉक्टर द्वारा मेडिकल कॉलेज उरई के लिए रेफर कर दिया गया। जिसमें कल्लू उर्फशकील पुत्र साजिद उम्र 40 वर्ष निवासी महातेपुर, फिरोज पुत्र नाजिर अली उम्र 34 वर्ष निवासी औरैया, गगन पुत्र सीताराम उम्र 40 वर्ष निवासी सिंम्हारा को आयुष गुप्ता पुत्र सतीश चंद्र गुप्ता ने पीछे से टक्कर मार दी जो औरैया से वापस घर की ओर जा रहे थे जिसमें दो की हालत गंभीर है। लोडर चालकों का इतना कहर देखने को मिल रहा है तेज गति को अपनाते हुए किसी की भी जान की परवाह नहीं करते हैं। अपने स्वार्थ को देखते हुए दूसरे के परिवार को उजाड़ रहे हैं। इसलिए परिवहन विभाग के अनुसार लीडर चालकों के ड्राइवर लाइसेंस चेक कर इनको हिदायत दी जाए कि सीमा के अनुसार ही वाहन को चलाएं अन्यथा ऐसे चालकों के ऊपर कानूनी कार्रवाई करना बाजिव बनता है।

### चेक बाउंस मामले में लाखों का अर्थदंड व सजा

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** वर्ष 2019 में दर्ज चेक बाउंस के मामले में न्यायालय जेएम के यहां से मुकदमे का निर्णय हुआ है। जिसमें प्रतिवादी पर दो मुकदमों में क्रमश: 26 लाख और आठ लाख रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। साथ ही दोनों मुकदमों में एक एक वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई। अधिवक्ता राघवेंद्र सिंह निरंजन व संतोष यादव ने बताया कि वर्ष 2018-19 में अटरा कला निवासी विष्णुपाल सिंह नन्हू राजा ने हरी मटर हिड़ोखरा निवासी व्यापारी इंद्रवीर को बेची थी। मटर बेचने के एवज में मटर व्यापारी ने किसान विष्णुपाल सिंह को 17 लाख 53 हजार रुपये की चार चेक और पांच लाख रुपये की एक अन्य चेक दी थी। लेकिन यह सभी चेक बैंक में जमा कराने पर बाउंस हो गई। चेक बाउंस होने के बाद भी व्यापारी द्वारा रुपये न देने पर उन्होंने इंद्रवीर के खिलाफ वर्ष 2019 में मुकदमा दर्ज कराया था। पांच साल चले मुकदमे के बाद न्यायालय जेएम जालौन जावेद खान ने निर्णय सुनाया। जिसमें उन्होंने प्रतिवादी पर दोनों मुकदमों में क्रमश: 17 लाख 53 हजार रुपये और आठ लाख रुपये का अर्थदंड लगाया है। इसके साथ ही दोनों मुकदमों में एक एक वर्ष के कारवास की भी सजा सुनाई गई।

# जेवरात व नगदी चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**




चोरों ने घर के ताले तोड़कर जेवरात व नगदी पार कर दी। जब गृह स्वामी को इस बात की जानकारी हुई तो उसके पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

नगर के मोहल्ला रामगंज निवासी दीपक पुत्र रामनारायण पाल ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह 19 नवंबर की शाम करीब 07 बजे चोरों ने उसके घर का ताला तोड़कर बक्सा एवं अलमारी में रखें जेवरात व रुपये चोरी कर लिए। जानकारी होने पर उसने काफी खोजबीन की। लेकिन पता नहीं लग सका। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही कोतवाली प्रभारी आलोक कुमार दुबे ने बताया मामले में सीसीटीवी कैमरा फुटेज से चोरों की तलाश की जा रही है। जल्दी ही चोरी की घटना का खुलासा किया जाएगा।

# कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाई मुलायम सिंह यादव की जयंती

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



पूर्व विधायक अरविन्द सिंह यादव के आवास पर नेताजी की जयंती मनाई गयी नेताजी को कोटि-कोटि नमन! विधानसभा अध्यक्ष उमेश पाल ने कहा नेताजी की जयंती, हम सबके लिए 'समाजवादी मूल्यों' के प्रति अपने संकल्पों को दोहराने का 'शपथ-दिवस' होती है।

जन-जन में जो सामाजिक चेतना और जागरूकता आई है, उसकी ज़मीन नेताजी और उनके साथ के समर्पित लोगों ने ही तैयार की थी। आज हम सबकी ये ज़िम्मेदारी है कि उनके बोये सैद्धांतिक बीजों और उनके रोपे हुए वैचारिक पौधों को और भी अधिक सकारात्मक वातावरण दें, जिससे समानता-समता, सौहार्द और सबकी संवृद्धि का मार्ग प्रशस्त हो सके और विकास की दिशा सब भेदभाव मिटाते हुए, देश के अंतिम व्यक्ति से प्रथम व्यक्ति की ओर हो जाए। नेताजी ने ही हम सबको ये समझाया और सिखाया कि सच्चे लोकतंत्र की सच्ची दिशा नीचे-से-ऊपर की ओर होती है। जब पंक्ति का अंतिम व्यक्ति सशक्त होगा तभी समाज और देश सशक्त होगा। यही 'समाजवादी सकारात्मक राजनीति' का बुनियादी सिद्धांत है, हम सब आज फिर से नेताजी के संकल्पों-सिद्धांतों पर चलने व उनके लिए लड़ने का वचन उठाते हैं।

नेताजी को पुनः नमन और सार्थक स्मरण! इस मौके पर अमन खान मिडिया प्रभारी अंकुर सिंह यादव मोनू सिंह हिमांशु सिंह मुकेश शाक्य भोला यादव रामबीर कठेरिया मैजूद रहे।

# नगर पालिका के स्थापना दिवस समारोह के द्वितीय दिन लूडो, कैरम व शतरंज प्रतियोगिता आयोजित

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर पालिका के स्थापना दिवस समारोह के द्वितीय दिन लूडो कारण शतरंज प्रतियोगिता में नगर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने दिमाग की कसरत की

लूडो जूनियर वर्ग में हीरालाल कॉलेज से कक्षा 8 की आयशा और अनम नाज को हराकर म चिश्ती स्कूल के कक्षा 6 से फैज और कक्षा 7 से इरफान ने प्रथम स्थान हासिल कियाऔर कैरम में टैगोर पब्लिक स्कूल के कक्षा 6 से वाहिद और समीर शर्मा को हराकर अंकुर इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा 8 के प्रतीक और अर्पित ने प्रथम स्थान हासिल किया। सीनियर वर्ग के शतरंज में टैगोर पब्लिक स्कूल के कक्षा 11 के वेदांत अवस्थी को हराकर सिटी चिल्ड्रेन अकादमी के कक्षा 11 की नंदिनी ने प्रथम स्थान हासिल किया।।

जूनियर वर्ग के शतरंज में सेंट पॉल स्कूल के कक्षा 8 की शुभि तिवारी को हराकर सिटी चिल्ड्रेन अकादमी के कक्षा 8 के यश ने प्रथम स्थान हासिल किया।।

# आग लगने से गृहस्थी का सामान जलकर राख

▸ इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के विसैनेपुर्वा गांव का मामला

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**


आग के बाद जले पड़े सामान को देखते ग्रामीण

इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के विसैनेपुर्वा गांव में गुरूवार की देर रात एक घर में अचानक आग लग गई। आग लगने से घर में रखा गृहस्थी का सारा सामान जल गया। ग्रामीणों ने किसी तरह पानी डालकर आग बुझाई।

विसैनेपुर्वा गांव निवासी श्यामू पुत्र नन्दराम ने घर में गुरूवार की रात अचानक सिलेंडर लीक हो जाने के कारण आग लग गई। आग की लपटों को देख आसपास के ग्रामीण दौड़ पड़े। ग्रामीणों ने किसी प्रकार आग पर काबू पाया। करीब एक घण्टे की कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने किसी प्रकार आग पर काबू पाया। गृहस्वामी ने बताया कि आग लगने से उसका करीब 40 हजार रूपए का नुकसान हुआ है। मामले की जानकारी पर क्षेत्रीय लेखपाल ने भी मौके पर पहुंचकर हुए नुकसान का जायजा लेकर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी है।

# हत्या के मामले में युवक को उम्रकैद

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



बहन की हत्या कर देने के सम्बन्ध में थाना छिबरामऊ में युवक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया।

पंजीकृत अभियोग में न्यायालय द्वारा अभियुक्त को दोषी पाते हुये आजीवन कारावास व 25000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

अभियुक्त द्वारा वादी की बहन की हत्या कर देने के सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत हुआ था। जिसकी विवेचना सम्पादित कर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया।

पुलिस टीम एवं अभियोजन पक्ष तथा मॉनीटरिंग सेल व कोर्ट पैरोकार के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी कराते हुए न्यायालय जिला जज द्वारा अभियुक्त सत्यभान पुत्र हरसहाय निवासी सलेमपुर थाना छिबरामऊ को आजीवन कारावास व 25000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

# बिजली का पोल पैदल जा रहे अधेड़ पर गिरा, मौत

▸ ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लगाया लापरवाही का आरोप
▸ ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से मांगा 10 लाख का मुआवजा
▸ पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**



ठठिया थाना क्षेत्र के धूरपुर गांव में गुरूवार की देर शाम एक अधेड़ ग्रामीण पर बिजली का जर्जर पोल गिर गया। जिससे ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। मौत को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए मुआवजे की मांग रखी है।

धूरपुर गांव निवासी अवधेश कुमार (55) गुरूवार की शाम 07 बजे के करीब अपने घर से डेरी पर दूध लेकर जा रहे थे। उनके घर से करीब 100 मीटर की दूरी पर रास्ते में एक जर्जर बिजली पोल खड़ा था। जैसे ही वह उधर से गुजरे, तभी अचानक बिजली का पोल उनपर जा गिरा। जिसमें दबकर उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मौत की जानकारी मिलते ही गांव के दर्जनों लोग मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने बताया कि यह विद्युत पोल पिछले एक सप्ताह से जर्जर हालत में खड़ा था। जिसकी शिकायत भी बिजली विभाग के अधिकारियों से की गई थी, लेकिन इसके बाद भी विद्युत विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। उधर हादसे से परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से परिजनों को 10 लाख रूपए का मुआवजा दिए जाने की मांग रखी है। उधर ठठिया थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच कराई जा रही है। प्रकरण से विद्युत विभाग को भी अवगत करा दिया गया है।

# नर्स ने काटी महिला की छोटी आंत, हालत बिगड़ी

**सौरिख कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा में स्थित एक निजी अस्पताल में नर्स की लापरवाही के चलते एक महिला की हालत बिगड़ गई अल्ट्रासाउंड करने के बाद महिला को पेट में बच्चों के मरने की जानकारी हुई तो उसने नगर के एक निजी अस्पताल में दिखाया जहां पर नर्स ने उसकी सफाई कर दी जिससे महिला के पेट की छोटी आत बच्चेदानी को काट दिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई इसके बाद नर्स की सलाह पर परिजन कानपुर उपचार के लिए ले गए

क्षेत्र के कायमपुर नगरिया निवासी अमित कुमार पुत्र विजय सिंह ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया था 11 अक्टूबर को मेरी बहन राधा देवी पत्नी विशाल प्रेग्नेंट होने के कारण उसकी तबीयत बिगड़ गई थी जिसको लेकर हम लोग बिधूना रोड स्थित खाटू श्याम हॉस्पिटल में ले गए जहां पर नर्स ने इलाज करने के नाम पर पैसे लेने के बाद महिला को शुक्रवार रोड स्थित एक क्लीनिक पर ले गई जहां पर महिला की सफाई कर दी जिससे महिला की छोटी आंत वी बच्चेदानी को काट दिया जिसके चलते महिला की हालत बिगड़ गई परिजनों ने जब उनसे बात की तो नर्स नीलमपाल पत्नी वीरू पाल ने कानपुर निजी अस्पताल में इलाज कराने की बात की और कानपुर में जांच करने के बाद उसे वापस ले आए जब नीलम पाल से इलाज के बारे में कहा तो वह इधर-उधर घूमांने लगी तबीयत बिगड़ने पर मोती झील इटावा में भर्ती कराया जहां जांच के उपरांत छोटी आंत बच्चेदानी के काटने की जानकारी हुई पुलिस ने भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल प्रारंभ कर दी



### सीएमओ ने अस्पताल पहुंच की जांच-पड़ताल

महिला की घटना को लेकर शुक्रवार को सीएमओ ने पीड़ित महिला के घर पहुंच जानकारी की वहीं अस्पताल पहुंचने के बाद नर्स के बारे में जानकारी की तो वहां के डॉक्टर अमित कुमार ने बताया कि नीरज पाल नाम की कोई भी नर्स हमारे यहां काम नहीं कर रही है और ना ही कभी काम किया है सीएमओ सुदेश गुप्ता ने जांच के आदेश दिए इस मौके पास एसीएमओ ए के जाटव बाई के मंजुल सौरिख स्वास्थ्य प्रभारी डॉक्टर अजहर सिद्दीकी मौजूद रहे

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत किया बालक को सकुशल बरामद


परिजनों के सुपुर्द बालक व मौजूद पुलिस

▸ पुलिस ने बालक को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन में थाना तालग्राम पुलिस टीम द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के दृष्टिगत सराहनीय कार्य किया।

थाना तालग्राम पर मोहल्ला नक्कालान निवासी राजीव कुमार शर्मा द्वारा प्रार्थना पत्र दिया। उनका 15 वर्षीय पुत्र राजप्रताप जो 15 नवम्बर को बिना बताये घर से कहीं चला गया। जिसके सम्बन्ध मे थाना तालग्राम पर अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत करते हुये गुमशुदा बालक की तलाश हेतु थाना स्थानीय से कई टीमे गठित कर गुमशुदा राजप्रताप उपरोक्त की पतारसी हेतु पम्पलेट छपवाकर DCRB/ SCRB/ NCRB भेजा गया व कस्बा तालग्राम, रेलवे स्टेशन गुरसहायगंज, बस स्टॉप गुरसहायगंज आदि जगहों पर गुमशुदा की फोटो दिखा कर तलाश के क्रम में गुमशुदा राजप्रताप उपरोक्त को कस्बा क्षेत्र तालग्राम से सकुशल बरामद कर ऑपरेशन मुस्कान के तहत परिजनों के सुपुर्द किया।

# मुलायम सिंह की जयंती पर सपाजनों ने मरीजों को बांटे फल

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**


सीएचसी में फल वितरित करते सपाई।

समाजवादी पार्टी के संस्थापक, पूर्व रक्षा मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की 84वीं जयंती सपाइयों ने गांधी स्मारक पर मनाई। पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ता ने उन्हें याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

बस स्टैंड स्थित गांधी स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद श्रीराम पाल ने कहा कि नेताजी एक जुझारू व कर्मठ नेता थे। वह हर व्यक्ति को साथ लेकर चलने की कला थी। पहले एक शिक्षक थे लेकिन शिक्षण कार्य छोड़कर उन्होंने राजनीति में कदम रखा। वर्ष 1992 में राजनीतिक पार्टी समाजवादी पार्टी की स्थापना की। नेताजी को 26 जनवरी 2023 की पूर्व संध्या पर पद्म विभूषण से भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाजवादियों ने नेताजी को याद कर उन्हें श्रृद्धांजलि दी। कार्यक्रम के बाद समाजवादियों ने सीएचसी पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किए। इस मौके पर नगर अध्यक्ष गौरीश द्विवेदी, मानसिंह वर्मा, थोपन यादव, हरिश्चन्द्र यादव, नारायण सिंह, विनय श्रीवास्तव, जिला पंचायत सदस्य रामेंद्र त्रिपाठी, बबलू वर्मा, रमाकांत निरंजन, रामदास यादव, नरसिंह यादव, अरविन्द यादव, भरत वर्मा, इमरान अंसारी, प्रबल प्रताप सिंह भदौरिया, राजू यादव, जाकिर सिद्दीकी, कफील कुरैशी, सानू पाठक, अनुराग यादव, शिवम यादव, दीपेंद्र सिंह, दीपक पाथरे, देवेश द्विवेदी, आशीष गुप्ता, जीतू साहू, प्रदुम्न यादव, हरीसिंह, मानसिंह दोहरे, राज मंसूरी, अंसार खान, दुर्गेश यादव आदि मौजूद रहे।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़





# परम श्रद्धेय नेताजी मुलायम सिंह यादव को जयंती पर किया नमन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे के नयागनीपुर में टीम डॉक्टर जितेंद्र सिंह यादव के पदाधिकारियों ने परम श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव की जयंती मनायी तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के कस्बा नयागनीपुर निवासी सदर बली मोहम्मद कल्लू भाई के आवास पर टीम डॉक्टर जितेंद्र सिंह यादव के पदाधिकारियों ने परम श्रद्धेय नेताजी मुलायम सिंह यादव की जयंती के शुभ अवसर पर नेताजी को याद करके उनके चित्र पर माल्यार्पण कर सभी सदस्यों ने पुष्पांजलि अर्पित कर नेताजी के याद किया। साथ ही उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। टीम के सदस्यों ने कहा कि नेताजी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए बताया की नेताजी हम सबके बीच नहीं रहे, लेकिन अभी भी नेताजी की यादें जब ताजा होती हैं तो समाजवादी पार्टी ताजा हो जाती है और नेताजी के ही मार्गदर्शन में पार्टी दिनोंदिन आगे बढ़ रही है। टीम डॉक्टर जितेंद्र सिंह यादव के कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से उनकी जयंती को मनाया तथा नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि कर उनको नमन किया। इस मौके पर नवाबगंज के सदर बली मोहम्मद खान, अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष साजिद अली खान, जिला उपाध्यक्ष डॉ0 नवरंग सिंह यादव, आफाक अली, समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा फारूक अली, असगर अली, अब्दुल रहमान, अब्दुल शहीद, फारूक अली, जमील खान, राजा मुशाहिद, मोहम्मद राजा, जान मोहम्मद आदि तमाम नेतागणों एवं कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण पुष्पांजलि में शिरकत की।



नेताजी की जयंती मनाते टीम डॉक्टर जितेंद्र सिंह यादव के पदाधिकारी

## आबकारी निरीक्षकों ने छापा मारकर पकड़ी कच्ची शराब

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 सचिन त्रिपाठी ने मय स्टाफ ग्राम.नगरिया देवधरापुर में दबिश दी। जहां से 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर दो के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किए गए।

आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 राजेश कुमार चौबे, मय स्टाफ तथा कायमगंज पुलिस टीम द्वारा आईजीआरएस शिकायत का निस्तारण किया गया।

आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। स्टाक रजिस्टर, ऑनलाइन पेमेंट, सीसीटीवी कैमरा का परीक्षण किया गया। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्र/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

## शहीद सम्मान यात्रा लेकर आये पूर्व विधायक का हुआ स्वागत

**▸ अम्बेडकर प्रतिमा अन्यत्र स्थानान्तरित न किये जाने पर जताया रोष**

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रथयात्रा लेकर निकले पूर्व विधायक बृजेश कुमार प्रजापति ने मोहम्मदाबाद में अम्बेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

शहीद सम्मान रथयात्रा लेकर निकले बांदा के पूर्व विधायक बृजेश कुमार प्रजापति ने मोहम्मदाबाद पहुंचकर डॉ0 अम्बेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर डॉ0 अम्बेडकर मूर्ति स्थापना समिति के अध्यक्ष डॉ0 रामदास सागर से बातचीत करते हुए कहा है कि शासन प्रशासन को अभी तक सम्मानजनक स्थिति में प्रतिमा को अन्यत्र स्थानांतरित कर देना चाहिए था। जिसे अभी तक न करके अम्बेडकर अनुयायियों की आस्था से खिलवाड़ करना महंगा साबित होगा। मालूम हो कि मोहम्मदाबाद अम्बेडकर प्रतिमा स्थल नेशनल हाइवे के सड़क चौड़ीकरण के जद में आ गया है। लगभग दो वर्ष से डॉ0 रामदास सागर लगातार शासन प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि प्रतिमा को सम्मानजनक स्थिति में अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया जाये, लेकिन किसी के कानों में जूं नहीं रेंगी। उल्टे नेशनल हाइवे ने अम्बेडकर विरोधी अपनी मानसिकता के तहत प्रतिमा स्थल की बाउंड्री व फर्श तोड़कर प्रतिमा तक सड़क बिछा दी है। मजबूरन डॉ0 रामदास सागर हाईकोर्ट की शरण में चले गए। पूर्व विधायक बृजेश कुमार प्रजापति ने शासन प्रशासन के रवैये की घोर भर्त्सना की है। प्रतिमा स्थल पर मोहम्मदाबाद के प्रमुख समाज सेवी डॉ0 अवनीश प्रजापति ने बृजेश का माल्यार्पण कर स्वागत किया। फर्रुखाबाद में रथयात्रा की अगुवाई अधिवक्ता सर्वेश कुमार प्रजापति कर रहे थे।



प्रतिमा पर माल्यार्पण करते पूर्व विधायक बृजेश कुमार प्रजापति

## जिले में पहली बार चालू हुई इलेक्ट्रॉनिक ट्रैफिक सिग्नल व्यवस्था



उद्घाटन करते डीएम व लगाया गया इलेक्ट्रानिक सिग्नल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

इलेक्ट्रॉनिक ट्रैफिक सिग्नल का जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह, एसपी आलोक प्रियदर्शी ने फीता काटकर उद्घाटन किया।

शिलापट्ट की नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल की पूजा अर्चना की तथा जिलाधिकारी डॉ0 वीके सिंह परदा हटाकर शुभारंभ किया। बड़ा चौराहा पर नगर पालिका परिषद द्वारा लगाई गई ट्रैफिक लाइट का यातायात व्यवस्था के लिए उपयोग किया जाएगा। अब जनपदवासियों को फतेहगढ़ के बड़ा चौराहा पर लगाये गये इलेक्ट्रॉनिक ट्रैफिक सिग्नल के नियमों का पूरी तरह से पालन करना होगा। अब ग्रीन लाइट जलने पर ही वाहन चालक चौराहा क्रॉस कर सकेंगे।

सिग्नल के नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। साथ ही जुर्माना भी लगाया जा सकता है। इलेक्ट्रॉनिक ट्रैफिक सिग्नल व्यवस्था लागू होने से लोगों को काफी सहूलियत होगी।

## विज्ञान क्विज प्रतियोगिता के विजेता बच्चे सम्मानित

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र, कायमगंज पर किया गया। जिसमें उच्च प्राथमिक विद्यालय तथा कंपोजिट विद्यालय स्तर पर पूर्व चयनित प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान विजेता के बच्चों ने प्रतिभाग किया।

आज राष्ट्रीय विज्ञान आविष्कार परीक्षा के अंतर्गत कुल 74 उच्च प्राथमिक एवं संविलयन विद्यालयों के छात्र एवं छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें से प्रथम चरण की लिखित परीक्षा में 25 छात्र एवं छात्राओं का चयन किया गया। प्रथम चरण की परीक्षा सामान्य ज्ञान विज्ञान के प्रश्नों पर आधारित थी। द्वितीय चरण के अंतर्गत प्रथम चरण के विजेता टॉप 25 बच्चों का साक्षात्कार कराया गया। जिसमें टॉप 10 बच्चों का चयन किया गया। टॉप 10 बच्चों में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त करने वाले 5 बच्चों का चयन जनपद स्तर के लिए हुआ।

जनपद स्तर पर पर आयोजित राष्ट्रीय अविष्कार अभियान परीक्षा के लिए राजन (संविलयन विद्यालय सिवारा खास), अशी (संविलयन विद्यालय कादरदादपुर सराय), उपासना (उच्च प्राथमिक विद्यालय अताईपुर जदीद), दिव्यांशी (उच्च प्राथमिक विद्यालय झब्बूपुर) तथा शिवम यादव संविलयन विद्यालय नगला विधि का चयन किया गया। बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु प्रमाण पत्र, शील्ड एवं विज्ञान किट का वितरण अनुपम अवस्थी डायट प्राचार्य रजलामई एवं ओमप्रकाश पाल खंड शिक्षा अधिकारी कायमगंज के द्वारा किया गया।

पुरस्कार पाकर बच्चे काफी उत्साहित थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से निर्देश गंगवार ब्लॉक अध्यक्षए प्राथमिक शिक्षक संघ, संदीप वर्धन ए0आर0पी0 अश्वनी चतुर्वेदी, मुकेश कुमार, उदय यादव, जुल्फिकार अहमद, अमीर सिंह, राहुल सिंह गंगवार, जितेंद्र, अनुराग, अभिषेक, बृजेश आदि का विशेष सहयोग रहा।




बच्चों को पुरस्कृत करते आयोजकगण

## गैंगेस्टर के मामले में आरोपी को छः वर्ष का कारावास

**दस-दस हजार रुपये का लगाया गया जुर्माना**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज विशेष गैंगेस्टर न्यायाधीश रीतिका त्यागी ने ऋषिपाल पुत्र शिवरतन सिंह निवासी बिरसिंहपुर थाना राजेपुर को दोषी करार देते हुए छः वर्ष का कारावास व दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

बीते 23 वर्षो पूर्व थानाध्यक्ष अमृतपुर एम0ए0 काजी मय हमराही कांस्टेबिल विजय प्रकाश, नीरज सिंह सरकारी जीप चालक राजवीर के साथख थाना क्षेत्र में भ्रमण कर गैंग लीडर ऋषिपाल के विरुद्ध समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत मुकदमा दर्ज करवाया। जिसमें विवेचक ने विवेचना कर न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता शैलेश सिंह परमार की पैरवी की आधार पर न्यायाधीश रीतिका त्यागी ने ऋषिपाल को दोषी करार देते हुए छः वर्ष का कारावास व दस हजार दस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## वार्षिक संगोष्ठी में विभिन्न गतिविधियों पर हुई चर्चा



संगोष्ठी के दौरान शिक्षिकाओं द्वारा बनायी गयी रंगोली

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के जटवारा रोड स्थित सीपी गेस्ट हाउस मे वार्षिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी खण्ड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश पाल के निर्देशन में हुई।

मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अनुराधा दुबे, पति अरुण दुबे, विशिष्ठ अतिथि उपेन्द्रनाथ, खण्ड विकास अधिकारी कायमगंज ओम कालेश्वर पाठक, एसआरजी यदुराज, रुचि एवं वन्दना रानी ने विभाग की समस्त गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष अर्मेन्द्र यादव, निर्देश गंगवार उपास्थित रहे। कार्यक्रम में नीबलपुर ग्राम प्रधान नरेन्द्र सिंह, मुड़ौल प्रधान पति पिन्टू कटरा रहमत खॉ उपास्थित रहे। रंगोली सज्जा में उदय यादव के निर्देशन में अशमीनाज, रुचि गंगवार, सुनैना यादव, कंचन गंगवार, किरन सागर द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में साज सज्जा अनुराग पाठक, रजत यादव, अमीर सिंह, जितेन्द्र, अभिषेक कौशल, अश्वनी चतुर्वेदी, मोहिन शुक्ला, जय गोपाल, अवधेश गुप्ता, मुकेश, अश्वनी चतुर्वेदी, मोहित शुक्ला आदि शिक्षक द्वारा की गयी।

## आलू के शोधन में खराब दवा मिलने से नहीं जमा आलू

**▸ पीड़ित किसान बोला हम तो बर्बाद हो गये, शिकायत पुलिस से**

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

आलू के शोधन में खराब दवा मिलने से नहीं जमा आलू। पीड़ित किसान ने पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगायी है।

जानकारी के अनुसार कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव पूरनपुर निवासी पिंकू सिंह पुत्र अरविंद सिंह ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया की लगभग 1 महीने पहले 1,33,350/- रुपये का आलू का बीज लिया था। आलू के शोधन के लिए दवाई मिलाई गई थी जो की 20 अक्टूबर को गहरवार बीज भंडार खुदागंज से खरीदी थी। जिसके प्रोपराइटर अर्जुन सिंह, राजकुमार व रंजीत हैं। दवाई मिलने के बाद में खेत में गड़ा देने के बाद में आज लगभग 25 दिन से ज्यादा हो चुके हैं फिर भी फसल के नाम पर खेत में पौधा रोपण भी नहीं हुआ। वहीं किसान पिंकू सिंह ने बताया कि जिसके चलते मेरा लगभग 2,00,000/- का नुकसान हो गया है और जुताई, खुदाई, बुवाई, बीज खाद सिंचाई आदि इन सब का पैसा अलग से गया है, बल्कि यही नहीं आलू पैदा होने पर जो भी प्रॉफिट होती वह भी मारी गई। पीड़ित किसान ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी है।



पच्चीस दिन में जमी आलू की फसल, जानकारी देता पीड़ित किसान

## रंगदारी न देने पर दबंगों ने विकलांग दुकानदार को पीटा

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रंगदारी न देने पर दबंगों ने विकलांग दुकानदार के सर में लोहे की राड से हमला कर घायल कर दिया और हजारों की नकदी ले गये। पीड़ित दुकानदार ने शमशाबाद थाना पुलिस को को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम भुकसी खरेटा निवासी विकलांग संतराम पुत्र राम भजन ने यहीं के निवासी निवासी दबंग विद्याराम तथा सुरजीत पुत्रगढ़ जयराम के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा था कि पीड़ित विकलांग व्यक्ति है और गांव में छोटी सी दुकान खोखा रखकर अपना तथा अपने घर परिवार की रोजी रोटी चलता है। शिकायती पत्र के अनुसार 21 नवंबर की शाम 7 बजे के करीब जब पीड़ित विकलांग युवक दुकान बंद कर घर वापस जाने की तैयारी कर रहा था उसी दौरान आरोपी दुकान पर आ गए और रौब झाड़ते हुए रुपए की मांग करने लगे। पीड़ित के इनकार करने पर दबंग गाली-गलौज करने। लगे यहां तक आरोपियों ने दुकान में रखी लोहे की रॉड उठाकर पीड़ित के सर में मार दी। जिससे वह लहूलुहान हो गया। जाते-जाते आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना किसी तरह जब पीड़ित के परिवार के लोगों को हुई, तो परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और घायल को घर ले आए। घटना के संबंध में पीड़ित ने परिजनों के साथ दबंग भाइयों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पीड़ित के अनुसार उसकी जेब में 7 हजार की नगदी रखी थी। आरोपी वह भी छीन ले गए। साथ ही जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दे गए। दबंग भाइयों की दबंगई से पीड़ित परिवार दहशत में है।

## जानलेवा हमले में दो भाइयों समेत सात को चार-चार वर्ष का कारावास

**▸ प्रत्येक आरोपी को चार-चार हजार रुपए के अर्थदंड से किया गया दंडित**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज कक्ष संख्या-7 न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने कुलदीप गुप्ता, सचिन गुप्ता पुत्रगण रामनिवास, गोलू चौहान पुत्र भगोल सिंह, संजय सिंह पुत्र शिवरतन, राजू पुत्र रविशंकर समस्त निवासीगण ग्राम राजेपुर राठौरी थाना राजेपुर, सोनू पुत्र विनोद, चंदन सिंह पुत्र अनिल कुमार निवासीगण हरिहरपुर राजेपुर को जानलेवा हमले के मामले में दोषी करार देते न्यायिक हिरासत में लेकर चार-चार वर्ष के कारावास व चार-चार हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

जानकारी के अनुसार विगत 12 वर्षो पूर्व थाना राजेपुर पुलिस को वीरपाल सिंह ने लिखित तहरीर दी। जिसमें बताया की 14 अगस्त 2012 को बदायूं रोड राजेपुर तिराहा पर अपनी जगह पर दुकानों का निर्माण करवा रहा था। इसी बीच विपक्षी बहन की गाली देते हुए कुलदीप गुप्ता, सचिन, गोलू चौहान, संजय सिंह, राजू, सोनू, चंदन इन लोगों ने तमंचा और बन्दूकों से जान से मारने की नियत से ताबड़तोड़ फायरिंग करना शुरू कर दिया। गोली मजदूर के जा लगी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता संजीव कुमार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने कुलदीप, सचिन, गोलू, संजय सिंह, राजू, सोनू, चंदन को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर चार वर्ष के कारावास व चार- चार हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।




जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद

## जब एंबुलेंस खुद बीमार, तो वह बीमार को कैसे पहुंचायेगी अस्पताल



एंबूलेंस में धक्का लगा रहे चाकक व ईएमटी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सूबे की सरकार ने करोड़ों रुपया खर्च कर 108 एंबूलेंस खरीदीं। जिससे जनता को समय रहते समुचित उपचार मिल सके और गम्भीर मरीजों की जान बच सके, लेकिन जब एंबूलेंस खुद ही बीमार हो, तो वह जनता को अस्पताल तक पहुंचाने का कार्य कैसे करेगी?

जानकारी के अनुसार ब्लाक राजेपुर में शुक्रवार को एंबूलेंस का एक फोटो तेजी से वायरल हुआ। जिसमें कुछ लोग धक्का लगा रहे हैं। जब एक कलमकार की नजर इस दृश्य पर पड़ी, तो उसने इस दृश्य को अपने कैमरे में कैद करना चाहा। जिससे एंबूलेंस का चालक भड़क गया और वह कल्मकार से गाली-गलौज करने लगा। जब इस सबंध में सीएमओ डॉ0 अवनींद्र कुमार से बात करनी चाही, तो उनका फोन कई घंटे जाने के बाद भी नहीं उठाया। इससे यह जाहिर है कि जिम्मेदार अपने कार्य के प्रति कितने वफादार हैं। वहीं कुछ ग्रामीणों का कहना था कि सरकार तो जनता को सभी सुविधायें देना चाहती है, लेकिन निचले स्तर पर बैठे अधिकारी जनता को लाभ देना नहीं चाहते हैं। जिससे यह बीमार व्यवस्था देखने को मिल रही है। इसमें काफी हद तक निचले स्तर के अधिकारी ही दोषी है।

## सीएमओ को लोहिया के निरीक्षण में मिलीं खामियां, दिये निर्देश



लोहिया का निरीक्षण करते सीएमओ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आवास विकास स्थित डॉ0 राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल का शुक्रवार शाम करीब 6:30 बजे सीएमओ डॉक्टर अवनींद्र कुमार ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने झांसी की घटना को देखते हुए सबसे पहले सनक वार्ड का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर कृष्ण कुमार से घटनाएं दुर्घटना होने पर वार्ड से किस तरह से बच्चों को सुरक्षित निकाला जा सके इसके संबंध में जानकारी ली और उन्होंने वहां पर किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। जिसके बाद सीएमओ ने एनआरसी वॉर्ड का निरीक्षण किया। जहां उन्हें 14 बच्चे भर्ती मिले। वहीं बच्चों को दिए जा रहे पौस्टिक भोजन के संबंध में एनआरसी वॉर्ड के प्रभारी डॉ0 विवेक सक्सेना से फोन पर जानकारी ली, तो वह नहीं बता सके कि बच्चों को कौन सा खाना दिया जा रहा है। इसके बाद उन्होंने व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए। वहीं वॉर्ड में भर्ती खुदागंज निवासी पूजा पत्नी नंदकिशोर के डेढ़ वार्षिक पुत्र शिवांश के दिल में छेद होने की जानकारी पर बच्चों की हिस्ट्री जानी और महिला को बच्चे का निःशुल्क उपचार कराने का आश्वासन दिया। वहाँ पर मौजूद जिला अस्पताल लोहिया पुरूष इमरजेंसी प्रभारी डॉक्टर अभिषेक चतुर्वेदी, डॉक्टर कृष्ण कुमार व अन्य लोग मौजूद रहे।

## सर्दी बढ़ने के साथ ही चोरी की घटनाओं में इजाफा



टूटी सेफ व बिखरा पड़ा सामान

**▸ चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए जेवरात किये पार**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** सर्दी बढ़ने के साथ ही चोरी की घटनाओं में इजाफा होने लगा है। एक मकान का ताला तोड़कर चोर सोने चांदी के जेवरात चोरी कर फरार हो गये। घटना की सूचना कोतवली पुलिस को दी गयी। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव मददूपुर निवासी धीरेन्द्र पुत्र रामरतन ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि मेरे दो मकान है जिसमें से एक मकान का निर्माण लगभग 15 दिन से हो रहा था। मैंने कुछ दिन पूर्व केले व धान बेचे थे। जिसके लगभग 2 लाख 90 हजार रुपये मेरे पुराने मकान की अलमारी में रखे थे तथा उसमे जेवर, दो सोने की चैन, एक सोने का हार, सोने के झाले, पाँच अंगूठी सहित अन्य जेवरात रखे थे। मेरे नये मकान का लेन्टर पड़ा था। जब मैं दिनांक 22.11.2024 को सुबह लगभग 6 बजे अपने पुराने मकान में गया, तो मकान के गेट का ताला टूटा देखा। जिसे देखकर मैं परेशान हो गया और अन्दर जाकर देखा तो अलमारी का लॉक खुला हुआ था और सारा सामान बिखरा पड़ा था। यह सब देख मैंने डायल 112 नम्बर पुलिस को फोन द्वारा सूचना दी। जिस पर डायल 112 पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाँच पड़ताल की।

## आलू की फसल को उजाड़ रहे आवारा गोवंश



आलू के खेतों में घुसे आवारा जानवरों को भगा रहा किसान

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

सरकार के आदेश के बाद भी आवारा जानवरों को गौशाला में बंद नहीं किया जा रहा है। जिससे वह किसानों की मेहनत से तैयार की गयीं फसलों को उजाड़कर उन्हें नष्ट कर रहे हैं। जिससे किसानों में रोष है।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र की नगर पंचायत क्षेत्र में घूम रहे आवारा गौवंशों को अखबार में खबर छपने के बाद भी गौशालाओं में कैद नहीं किया जा रहा है। जिससे वह किसानों की मेहनत से तैयार की गयीं फसलों उजाड़कर नष्ट कर रहे हैं। नगर पंचायत कर्मचारी तथा जिम्मेदार इस और कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। नगर पंचायत क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज के आसपास आवारा गोवंशों का इतना आतंक बढ़ गया है कि राहगीरों का निकलना भी दूभर हो रहा है। बताते चलें कि इस समय खेतों में आलू की कच्ची फसल खड़ी हुई है। जिसे आवारा जानवर घुसकर खा रहे है। कई बार इस संबंध में अखबारों में खबरें भी प्रकाशित हो चुकी हैं, लेकिन नगर पंचायत अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी का ध्यान इस ओर नहीं जा रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह से आवारा गौवंशों को पकड़वाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि आवारा गौवंशों को शीघ्र गौशाला में बंद नहीं किया गया, तो वह अपने स्तर से ब्लाक परिसर में जानवरों को बंद करेंगे।

# मुलायम सिंह यादव के जन्मदिन पर भण्डारे का हुआ आयोजन, मरीजों को बांटे गये फल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

समाजवादी पार्टी के संस्थापक व पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 मुलायम सिंह यादव का जन्मदिन धूमधाम से आवास विकास स्थित सपा कार्यालय में मनाया गया। इस अवसर पर भण्डारे का आयोजन हुआ। पार्टी कार्यालय पर बड़ी संख्या में समाजवादियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

स्वर्गीय नेताजी मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया। साथ ही कार्यालय के बाहर भण्डारे का आयोजन किया गया और लोहिया अस्पताल में नेता जी के जन्मदिन पर मरीजों को फल वितरित किये गये। पार्टी कार्यालय पर गोष्ठी की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव ने की। पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी डॉ0 नवल किशोर शाक्य, प्रदेश सचिव सर्वेश अंबेडकर, प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य विजय यादव, जिला प्रवक्ता विवेक सिंह यादव, युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव एवं कार्यक्रम के प्रभारी जितेंद्र सिंह यादव सिरोली वाले व समीर यादव मौजूद रहे। सभी ने मुलायम सिंह यादव के जीवन परिचय एवं कार्यों पर विचार व्यक्त किये और संघर्षों का स्मरण किया।

संचालन जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने किया। इस मौके पर रामजी बाजपेई, मुन्ना यादव, रामपाल सिंह यादव, चंद्रेश राजपूत, केके यादव, सुभाष चंद्र शाक्य, सौरभ कटियार, अनुराग यादव, हर्ष गंगवार, पूजा कठेरिया, विनीत परमार, नंद किशोर दुबे, डॉ0 अजय पाल सिंह यादव, अंकुर शाक्य, अजीत यादव, अर्चित मिश्रा, मंदीप यादव, संजीव मिश्रा, अवधेश पांडे, समीर मिर्जा, अजय यादव, अमन सूर्यवंशी, नागेंद्र यादव, अंशुल यादव, प्रिंस गंगवार, रोहित यादव, विमल कुमार, मोहम्मद नफीस, रवि यादव, बलराम सिंह यादव, अभय यादव, नफीस प्रधान, अमीर सिंह यादव, धर्मेंद्र यादव, आजाद यादव, अजय पाल, अरविंद यादव, मोहम्मद इजहार खान, लालमन यादव, पीयूष यादव, सोनू यादव, सुनील यादव, राजन यादव, सुधीर यादव, अफजाल अंसारी, तस्लीम खान, रामाधार सिंह यादव, अमित कुमार यादव, आयुष यादव, मुख्तार आलम, अंकुर चक, अशोक अंबेडकर, विमलेश शर्मा, आशीष शर्मा, शिव शंकर शर्मा, अतुल शर्मा, मुन्नालाल, दीप सिंह यादव, कृष्ण कुमार, ज्ञानचंद राजपूत, राजेंद्र सिंह, वेद प्रकाश, बंटी यादव, अरुण कठेरिया, सुमित शाक्य, धीर सिंह राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।


मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित करते सपाई



भण्डारे में मौजूद सपा नेता

### सपा महानगर कमेटी ने भी मनायी नेता जी की जयंती

फर्रुखाबाद। समाजवादी पार्टी महानगर द्वारा भारत के रक्षा मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा के आवास बजरिया सालिगराम में मनाई गई। सभी समाजवादियों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा ने की एवं संचालन महानगर के महासचिव रजत क्रांतिकारी ने किया। राघव दत्त मिश्रा ने कहा आज हम सभी समाजवादी साथी नेताजी को श्रद्धांजलि देने के लिए इकट्ठे हुए हैं। सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब देश के युवा प्रधानमंत्री अखिलेश यादव बने और युवाओं को रोजगार मिले। उन्होंने कहा कि २०२७ के चुनाव में समाजवादी पार्टी को जिताकर अखिलेश यादव को पुनः मुख्यमंत्री बनाना है। इस मौके पर प्रवेश कटियार, खुर्शीद खान, अमित यादव, कुलदीप भारद्वाज, अभिषेक गुप्ता, अमन भारद्वज, दिलीप कुमार, सत्यम अवस्थी, विमल गुप्ता, अमित यादव, रफी अहमद, अतुल वर्मा, ऋषि अवस्थी, अफजल खान, नफीस, जयवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## खूंखार बंदरों के हमले से युवक घायल

### ग्रामीणों ने अधिकारियों से की बंदरों को पकड़वाने की मांग


खूंखार बंदर

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र में बंदरों का आतंक व्याप्त है, बंदर घरों में घुसकर लोगों पर हमला कर घायल कर देते है। थाना क्षेत्र के बैरमपुर में बदंरों ने एक युवक पर हमला कर घायल कर दिया। परिजनों ने उसे स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। गांव बैरमपुर निवासी अनुभव मिश्रा पुत्र सुनील कुमार मिश्रा शुक्रवार को अपने घर में खाना खाने जा रहे थे। इस दौरान कुछ बंदर नीचे उतरने का प्रयास करने लगे। ललकारने पर बंदर आक्रोशित हो गये और अनुभव पर हमला कर दिया। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग आये। जिन्होंने लाठी-डंडों से बंदरों को भगाकर युवक को बचाया और उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद ले गये। जहां उपचार जारी है। स्थानीय लोगों की माने तो यह बंदर अभी तक कई लोगों को घायल कर चुके है। कई बार इनसे बचने के लिए लोग भागे तो छत से नीचे गिर गये और गंभीर रुप से घायल हो गये। जब भी यह किसी पर हमला करते है तो अकेले नहीं, इनके साथ अन्य बंदरों का भी झुंड होता है। जिसके चलते एक या दो व्यक्ति इन्हें नहीं भगा पाते है और तब तक यह अपना काम कर देते है। कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया गया और बंदरों को पकड़वाने के लिए कहा। जब भी शिकायत की गई, लेकिन संबंधित अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया गया, लेकिन आज तक क्षेत्र में बंदरों को पकड़वाने का अभियान नहीं चलाया गया। जिसके चलते बंदरों का आतंक जारी है।

## केंद्रीय विद्यालय में यातायात नियमों के प्रति छात्र-छात्राओं को किया गया जागरुक


यातायात नियमों की जानकारी देती सीओ सिटी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

यातायात पुलिस द्वारा केंद्रीय विद्यालय फतेहगढ़ में यातायात नियमों की जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी ऐश्वर्या उपाध्याय व यातायात प्रभारी टीएसआई सतेन्द्र कुमार द्वारा आरआरसी केंद्रीय विद्यालय फतेहगढ़ में यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया गया। उन्होंने कहा सड़क पर स्टंट न करें, सेफ्टी बेल्ट का प्रयोग करें, हेलमेट लगाकर वाहन चलाये, ट्रिपलिंग न करें आदि के बारे में जागरूक किया। साथ िह यातायात नियमों से संबंधित पम्पलेट, स्टिकर वितरित किए गये। क्षेत्राधिकारी यातायात तथा प्रभारी यातायात यातायात ने नियमों का पालन करने के लिए अपील की। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं छात्र-छात्रायें मौजूद रही।

## फुटपाथ पर अतिक्रमण, जाम से नहीं मिल रहा निजात

- स्थानीय लोगों ने ईओ से की अतिक्रमण हटवाने की मांग

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।


जाम में फंसे वाहन

नगर में लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण से आये दिन जाम लग जाता है। जिससे आम लोगों का गुजरना भी मुश्किल होता है। अतिक्रमण तथा जाम की समस्याओं को लेकर अधिवक्ता ने अधिशाषी अधिकारी को शिकायती पत्र दिया।

शमसाबाद नगर की शायद कोई ऐसा मार्ग हो जिस पर जाम जैसे हालात न हो, शायद ही कोई ऐसा फुटपाथ हो, जिस पर अतिक्रमण न हो। अतिक्रमण का दायरा इतना बढ़ गया है कि अब लोगों को अवागमन में भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अतिक्रमण और जाम की समस्याओं को लेकर आए दिन वाहन फंसते रहते है। कभी-कभी तो मरीजों को ले जाने वाली एंबुलेंस भी काफी समय तक जाम में फंसी रहती है जिससे गंभीर मरीजों की जान पर बन आती है। हालात इतने गंभीर हो गये है कि आम लोगों को जाम के झाम से निजात मिल पाना मुश्किल हो रहा है। बताते हैं नगर में कुछ प्रमुख स्थान है, जहां सर्वाधिक संख्या में राहगीरों का आवागमन होता है। इससे पूर्व में भी समाजसेवी, जनप्रतिनिधियों ने नगर पंचायत कार्यालय शमशाबाद के अधिशाषी अधिकारी को पत्र भेजकर पुलिस प्रशासन के सहयोग से व्याप्त अतिक्रमण हटाए जाने की मांग की थी। लोगों का कहना था कस्बे के व्यापारियों द्वारा अतिक्रमण को इतना बढ़ा दिया गया है कि अब सड़कों का फुटपाथ भी नजर नहीं आ रहा है। अतिक्रमण और जाम की समस्याओं को लेकर शमशाबाद नगर के मोहल्ला हरियानिया टोला निवासी अधिवक्ता पारस चतुर्वेदी पुत्र शैलेंद्र चतुर्वेदी ने नगर पंचायत शमशाबाद के अधिशाषी अधिकारी से लिखित शिकायत कर अतिक्रमण हटवाये जाने की मांग कर नगर को जाम से मुक्त कराये जाने की मांग की है।

## प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह आज विभागों की करेंगे समीक्षा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


मंत्री जयवीर सिंह

पर्यटन व सांस्कृति विभाग के मंत्री एवं जनपद प्रभारी जयवीर सिंह आज जनपद दौरे पर आ रहे है। पर्यटन एवं सांस्कृति विभाग मंत्री के निजी सचिव मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह शनिवार को कार द्वारा आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे से होते हुए सुबह 9:30 बजे फर्रुखाबाद स्थित पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में पहुंचेगें। 9:45 से 11:45 तक कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक करेगें। दोपहर 12 बजे बद्री विशाल डिग्री कालेज में आयोजित जिला स्तरीय ताईक्वांडो मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में मुख्यअतिथि के रुप में शामिल होगें। 12:20 पर सांसद मुकेश राजपूत के निवास पर जायेगें। 1 बजे भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता के आवास पर पहुंचकर उनकी मां स्व0 सुषमा गुप्ता के निधनोपरान्त आयोजित त्रयोदशी संस्कार कार्यक्रम में भाग लेंगे। 1:45 पर सर्किट हाउस पहुंचेगें और 2:30 से 3:30 बजे तक औचक निरीक्षण करेगें। मंत्री के कार्यक्रम की जानकारी होते ही जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरु कर दी है। जनपद प्रभारी बनने के बाद यह मंत्री जयवीर सिंह का दूसरा दौरा है।

## सीएमओ ने सारथी वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

सेवा प्रदायगी पखवाड़ा के अन्तर्गत परिवार नियोजन की जनपद में सेवायें दी जा रही है। जिसके अन्तर्गत जिले में मोबिलाजेशन चरण 21 नवंबर से 27 नवंबर तक चल रहा है और 28 नवंबर से 4 दिसंबर के मध्य सेवा प्रदायगी पखवाड़ा चलेगा। परिवार नियोजन के प्रति लोगों में जागरुकता लाने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार से शुक्रवार को सीएमओ डॉ0 अवनीन्द्र कुमार ने सारथी वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कुल 23 सारथी वाहन जनपद के सातों ब्लाकों में और नगरीय क्षेत्र में भ्रमण कर परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता फैलाएंगे। छोटे परिवार के फायदे बताते हुए परिवार नियोजन के स्थाई व अस्थाई साधन अपनाने के लिए जनमानस को जागरूक किया जाएगा।

सीएमओ ने बताया कि ऐसे पुरुष जिनके दो या उससे अधिक बच्चे हैं, उन्हें नसबंदी के लिए प्रेरित किया जाएगा। इन वाहनों के माध्यम से सभी एएनएम और सीएचओ ऐसे योग्य दंपति से संपर्क कर काउंसिलिंग करेंगे, जिनका परिवार पूरा हो गया है या जो दो बच्चों में अंतर रखना चाहते हैं। लाभार्थियों को माला, नए छाया, कंडोम, अंतरा इंजेक्शन, पुरुष नसबंदी, महिला नसबंदी, कापर टी आदि के बारे में जानकारी दी जाएगी। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 दलवीर सिंह ने बताया कि प्रति ब्लॉक तीन यानी सातों ब्लाकों में कुल 21 और नगरीय क्षेत्र में दो सारथी वाहन शुक्रवार से 25 नवंबर तक चलेंगे। जिला परिवार नियोजन सलाहकार विनोद कुमार ने बताया कि सारथी वाहन जिले के सभी ब्लाकों से रवाना किए गए जो गांव और शहर में लोगों को परिवार नियोजन के साधनों के प्रति जागरूक करेंगे। इस मौके पर एसीएमओ डॉ0 सर्वेश यादव, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 दीपक कटारिया, डीपीएम कंचन बाला, डीसीपीएम रणविजय प्रताप सिंह, पीएसआई से नौसद अली सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


सारथी वाहन को झंडी दिखाकर रवाना करते सीएमओ

## भाकियू अखण्ड प्रदेश ने उठायी क्षेत्र की समस्यायें, सौंपा ज्ञापन

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।

भारतीय किसान यूनियन अखण्ड प्रदेश के राष्ट्रीय महासचिव राजेश कुमार बबलू दीक्षित के नेतृत्व में किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। एसडीएम सम्बोधित दस सूत्रीय ज्ञापन में दर्शाया कि अन्न मवेशी पशु खुलेआम सड़क पर छुट्टा घूम रहे है। शीतकाल में किसानों की फसलों की रखवाली करने के दौरान मौत हो जाती है। ऐसे में आवारा गौवंशों को पकड़ा जाये। पांचाल घाट से ढाई घाट तक बांध बनवाने को लेकर संगठन द्वारा आंदोलन किया गया था। टोपोग्राफी सर्वे कराया गया था। शासन को रिपोर्ट भी भेजी गयी थी। संगठन को जानकारी उपलब्ध करायी जाये। पिथनापुर में पूर्ति निरीक्षक अमित चौधरी ने किसान भोले मिश्रा को थप्पड़ मारा व अभद्रता की उन पर कार्यवाही की जाये। ब्लाक राजेपुर के हर चौराहे पर स्ट्रीट लाइटे लगवायी जाये। जिससे दुर्घटनायें बंद हो। तहसील अमृतपुर में अत्याधिक गंदगी है साफ-सफाई की जाये। ब्लाक राजेपुर क्षेत्र में दो राजकीय इंटर कालेज है। एक भी राजकीय महाविद्यालय नहीं है। विद्यालय स्थापित हो, जिससे छात्रों को शिक्षा के लिए जनपद के दूसरे विद्यालयों में दूर तक जाना न पड़े। किसानों की रवी फसल हेतु पर्याप्त मात्रा में डीएपी, एनपीके उपलब्ध करायी जाये। निजी दुकानों पर तय मूल्य से अधिक कीमत पर खाद बेंची जा रही है, प्रशासन कार्यवाही करें। अमृतपुर तहसील क्षेत्र के लोगों के साथ अधिकारी सम्मानित रवैया अपनाये। ब्लाक राजेपुर में बाढ़ ग्रस्त सड़कों की मरम्मत की जाये, आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव राजेश कुमार बबलू दीक्षित, नरेन्द्र सोमवंशी, अवधेश सोमवंशी, इंतजार खान, नेत्रपाल सिंह, दलवीर सिंह, छन्नू सोमवंशी, गंगा विष्णु, मेघराज, कुलदीप चौहान, धर्मेन्द्र सिंह, शुभम अवस्थी आदि लोग मौजूद रहे।


ज्ञापन सौंपते भाकियू नेता

## सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसो0 ने उठायी समस्यायें

- मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विष्णु भगवान कटियार व जिला महासचिव अफजल हुसैन एवं राजेश निराला के नेतृत्व में मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा गया।

सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने धरना देकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में दर्शाया राशिकरण की धनराशि की वसूली 10 वर्ष से बंद करने व अधिक वसूल की गई धनराशि को पेंशनर्स के खाते में वापस करने और पेंशनर्स को अवधि के आधार पर पेंशन में बढ़ोत्तरी किये जाने की मांग की है। उच्च न्यायालय में अनेक याचिकायें दाखिल हो चुकी है और प्रतिदिन याचिकायें दाखिल हो रही है। अनेक याचिकाओं में कटौती रोकने का आदेश भी हुआ है। वित्त विभाग ने याचीगण की कटौती भी रोकी है। सामान्य शासनादेश जारी कर इस प्रकरण पर पटाक्षेप हो। मुकदमों से बुजुर्गों व पेंशनरों पर भार बढ़ रहा है। दस वर्ष से अधिक कटौती करना पेंशनरों के साथ अन्याय है। पेंशनर्स की 65, 70, 75 वर्ष आयु पर 5, 10, 15 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी किया है।

वर्तमान में 80, 85, 90, 100 वर्ष की आयु होने पर प्रतिशत की बढ़ोत्तरी का प्रावधान है। पेंशनरों की अधिकांश संख्या 65 से 80 वर्ष है। लम्बे समय से निर्णय न होने के कारण पेंशनरों में असंतोष है। इस समस्या से गंभीरता से उठाया जाये। इस मौके पर अध्यक्ष बीडी कटियार, अफजल हुसैन, राजेश निराला, प्रभु दयाल, राजीव बाजपेयी सहित बड़ी संख्या में पेंशनर्स मौजूद रहे।


नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते सेवानिवृत्त कर्मचारी

## रुक्मिणी विवाह व वामन भगवान की कथा सुना श्रोता हुए भाव विभोर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

ग्राम चुरसाई में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथाव्यास देवेश मिश्रा ने बलि महाराज एवं वामन भगवान व रुक्मिणी विवाह की कथा सुनाई। पाली हरदोई से आये कथाव्यास देवेश मिश्रा ने राधा माधव रासलीला, बलि महाराज कथा, वामन भगवान कथा, रुक्मिणी विवाह, कंस वध, सुदामा चरित्र की कथा जिसमें मित्र सुदामा जी की दीनदशा पर करुणानिधि कैसे रोये, मार्मिक कथा का चित्रण करते हुए कुछ श्रद्धालुओं की आंखों से अश्रुधारा बहने लगी। कथाव्यास ने बताया कि जहां तक हो सके बच्चों को मोबाइल से दूर रखें और आज के युग में सभी लोग अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दें तथा सत्संग की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि बिनु सत्संग विवेक न होई, राम कृपा बिनु सुलभ न सोई। संगीतमय आयोजन में साथ रहे। ढोलक पर जगदीश, पैड पर चन्द्रपाल सिंह, आर्गन पर सदा कुमार राजपूत, नित्य हवन पूजन करवा रहे। यजमान राजकिशोर शुक्ला, संतोषी देवी रहीं। इस अवसर पर रामाधीन राजपूत, भीमसेन राजपूत, लक्ष्मन सिंह, अनमोल राजपूत, सूरज राजपूत, गोविन्द राजपूत, बीपी सिंह, मदनलाल राजपूत, मंगलेश राजपूत, अरविन्द राजपूत, खुशीराम राजपूत, राजपाल सिंह राजपूत, डा0 बलवीर सिंह, रामफेरे राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।


कथा सुनाते आचार्य देवेश मिश्रा, मौजूद श्रोता

## युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने दी तहरीर में बताया कि लगभग दो सप्ताह पूर्व बेटी घर पर अकेली थी। पति फेरी लगाने दूसरे गाँव में चले गए थे। उसी समय जिजौटा खुर्द निवासी अजय घर पर आ गया और बेटी को बहला फुसलाकर साथ ले गया। स्वजनों के विरोध करने पर युवक ने युवती को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


### सूचना

मेरा इंटर मीडिएट वर्ष 2010 जिसका अनुक्रमांक 0607555 का प्रमाणपत्र-सह-अंकपत्र जो वास्तव में कहीं खो गया है।

**आशुतोष पुत्र उददेव सिंह ग्राम व पोस्ट बरखिरिया, जनपद फर्रुखाबाद**


## कार से आये चोर आधा दर्जन से अधिक बकरियां लेकर फरार, ग्रामीणों में दहशत

- पीड़ित पूर्व प्रधान ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को दी तहरीर

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।

पशु चोर आधा दर्जन से अधिक बकरियां ओमिनी कार में लादकर फरार हो गये। जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल देखा जा रहा है। घटना की सूचना डायल 112 को दी गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर वापस लौट गयी। घटना के संबंध में पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर दी है।

बीते दिवस की रात्रि शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बेला सराय गजा निवासी पूर्व ग्राम प्रधान राम प्रकाश पुत्र रामचंद्र तथा उनके भाई वेदराम की सात बकरियों को अज्ञात चोर ओमनी कार के सहारे चोरी कर ले गये। घटना के संबंध में पूर्व ग्राम प्रधान ने बताया घर के बाहर टीनशेड पड़ा है। टीनशेड के अंदर रोज की भांति जानवर बकरियों को बांधा गया था। 21 नवंबर की रात्रि 12 बजे के करीब अज्ञात चोरों ने ओमनी कार के सहारे दस्तक दी। मौका पाकर जानवरों को खोलकर ओमनी कार में डालने लगे। संदेह होने पर जब पीड़ित पूर्व प्रधान ने बाहर निकलकर देखा तो कार घर के पास खड़ी थी और जब उसने बंधे जानवरों के स्थल को देखा तो उसके होश उड़ गए, क्योंकि जहां पर बकरियों को बांधा गया था वहां पर बकरियां नहीं थीं। पूर्व ग्राम प्रधान द्वारा शोर मचाया गया तो अज्ञात चोर ओमनी कार से जानवरों को लेकर फरार हो गए। पूर्व ग्राम प्रधान द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से काफी देर तक कार सवार अज्ञात चोरों की तलाश की गई, लेकिन अज्ञात चोरों का कोई पता नहीं चल सका। घटना की सूचना डायल 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को दी गई। सूचना के बाद पुलिस में मौके पर पहुंची तथा जांच पड़ताल कर वापस लौट आई। घटना के संबंध में पूर्व ग्राम प्रधान ने कार सवार अज्ञात चोरों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पूर्व ग्राम प्रधान ने बताया चोरी हुए सभी जानवरों की कीमत लगभग 1 लाख रुपए के आसपास होगी।

## क्या यही है सरकार का महिला सशक्तिकरण अभियान...

### चार अबोध बच्चों की मां को ससुरालीजनों ने गाली-गलौज कर पीटा

- विरोध करने पर धक्के मारकर घर से निकाला, दी जानमाल की धमकी
- पीड़िता अबोध बच्चों के साथ पटेल प्रतिमा के निकट बेहोश पड़ी रही
- पुलिस कर्मियों ने उपचार के लिए ई-रिक्शा से अस्पताल भिजवाया

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सरकार जहां एक ओर महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए महिला सशक्तिकरण जागरुकता अभियान चला रही है, लेकिन सरकार की यह योजनायें हवा हवाई साबित हो रही हैं। ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है। जिसमें ससुरालीजनों ने महिला को अबोध बच्चों सहित मरपीट कर घर से निकाल दिया। बेचारी महिला घर के बाहर स्थित एक पटेल प्रतिमा के निकट सर्दी में रात भर ठिठुरती रही। वहीं पिकेट पर निकली पुलिस ने महिला को ई-रिक्शा अस्पताल भिजवाया।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम मलू का नगला निवासी सुधा पत्नी नरेंद्र को शुक्रवार की सुबह कस्बा फैजबाग स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल प्रतिमा स्थल के निकट बेहोशी की अवस्था में पड़ी मिली। उक्त महिला को एक वाहन का चालक पटेल प्रतिमा स्थल के निकट बेहोशी की अवस्था में उतारकर चला गया। यहां आधे घंटे तक महिला बेहोशी की अवस्था में पड़ी रही। छोटे-छोटे अबोध बच्चे जिन्हें भूख से तड़पते हुए देखा गया। एक बच्चे के हाथ में एक शिकायती पत्र भी था। जिसमें परिवार के लोगों द्वारा उत्पीड़न करने व विरोध करने पर मारपीट का उल्लेख था। अर्थात महिला ससुरालीजनों के खिलाफपुलिस को तहरीर देने आई थी, लेकिन वाहन चालक महिला को कस्बा फैजबाग में बेहोशी व्यवस्था में छोड़कर चला गया। घटना की सूचना के बाद एक्टिव हुई पुलिस ने महिला को एक ई-रिक्शे के सहारे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। शिकायती पत्र के अनुसार सुधा पत्नी नरेंद्र सिंह निवासी मलू का नगला थाना शमशाबाद ने ससुर राकेश कुमार, सास देवी, जेठ जोगेंद्र सिंह, पत्नी सविता देवी, देवर गौरव तथा देवरानी मानसी आदि ससुरालीजन पीड़िता का उत्पीड़न करते हैं। उसके पति को ससुरालीजन घर से निकाल चुके हैं। जिस पर उसका पति दिल्ली में रहकर मेहनत मजदूरी करता है। पीड़िता किसी तरह चार अबोध बच्चों के साथ गुजारा कर रही थी। ससुरालीजनों द्वारा मकान का बंटवारा किया गया। बना हुआ मकान आरोपियों ने ले लिया, जबकि खुला हुआ उसको दे दिया। जिसमें वह पॉलिथीन तानकर परिवार के साथ गुजारा कर रही थी। उसकी तरफ ससुरालीजन गंदा पानी बहाते थे। जिसके उसने विरोध किया। जिस पर ससुरालीजनों ने मारपीट करते हुए उसे बच्चों सहित घर से निकाल दिया। पीड़िता थाना शमशाबाद जाना चाहती थी, लेकिन एक वाहन संचालक बेहोशी की अवस्था में फैजबाग चौराहे पर स्थित पटेल प्रतिमा के निकट छोड़कर चला गया। कुछ लोगों की सूचना पर पुलिस ने बेहोश महिला को उपचार के शमशाबाद अस्पताल भिजवा दिया।


### सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2020 जिसका अनुक्रमांक 1325609 व इंटर मीडिएट वर्ष 2022 जिसका अनुक्रमांक 2225983219 का प्रमाणपत्र-सह-अंकपत्र जो वास्तव में कहीं खो गया है।

**प्रद्युमन यादव पुत्र पवन कुमार यादव निवासी भूड़नगरिया, सितौली, फर्रुखाबाद।**

### सम्बन्ध विच्छेद

मैने अपने पुत्र संदीप उर्फ अनुज कुमार के गलत चाल-चलन के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा, मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा।

**रीता देवी पत्नी स्व0 सर्वेश चन्द्र निवासी ग्राम खुड़ना धमगवां थाना शमशाबाद, तहसील कायमगंज, जनपद फर्रुखाबाद।**

# लोकमंथन जैसे कार्यक्रमों से संस्कृति व परंपराएं होंगी सुदृढ़ : राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु

▸ अहिल्याबाई, रानी रुद्रमादेवी व लक्ष्मीबाई जैसी वीरांगनाओं के व्यक्तित्व से जुड़ी दी जाएंगी प्रस्तुतियां

एजेंसी

**हैदराबाद।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को कहा कि लोकमंथन जैसे कार्यक्रमों से देश की संस्कृति एवं परंपराएं सुदृढ़ होंगी। इसकी दिशा में यह एक बेहतरीन कार्यक्रम है। भारत की सांस्कृतिक विरासत बहुत समृद्ध रही है। देश की संस्कृति और परंपराओं में विविधता में एकता के दर्शन होते हैं।

हैदराबाद के शिल्पकला वेदिका में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन एवं



सांस्कृतिक महोत्सव लोकमंथन-2024 के उद्घाटन समारोह में राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें इस कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में भाग लेते हुए गर्व महसूस हो रहा है। मुर्मु ने कहा कि वर्ष 2018 में रांची में आयोजित लोकमंथन में वे शामिल हुई थीं और आज एक बार फिर लोकमंथन में शामिल होने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि यही हमारी ताकत है, यही हमारी स्थिरता है। एक ही स्थान पर इतनी सारी विभिन्न संस्कृतियों का होना वास्तव में बहुत सुंदर है। हमारा देश इन सभी चीजों से एक खूबसूरत इंद्रधनुष की तरह है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हम सभी भारतीय हैं, चाहे हम ग्रामीण हों या शहरवासी। राष्ट्रपति मुर्मु ने यह जानकर प्रसन्नता व्यक्त की कि लोकमंथन में अहिल्याबाई होल्कर, रानी रुद्रमादेवी और रानी लक्ष्मीबाई जैसी वीरांगनाओं के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से जुड़ी प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि यह सराहनीय है कि भारतीय संस्कृति और परंपराओं का विदेशों में पालन किया जा रहा है। वह इंडोनेशिया सहित विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों की हृदय से सराहना करती हैं जो इस मंच के माध्यम से अपनी संस्कृति का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत की आध्यात्मिक अवधारणाओं, कला, संगीत, शिक्षा और चिकित्सा पद्धतियों ने दुनिया भर में सम्मान अर्जित किया है। कहते हैं हमने दुनिया को ज्ञान दिया है। वर्तमान समय में भारत के ज्ञान को पुनः पूरे विश्व में फैलाने की आवश्यकता है। विदेशी शक्तियों ने सदियों तक हम पर अत्याचार किया है। हमारी संस्कृति, भाषा, परंपराओं और रीति-रिवाजों को नष्ट कर दिया। हमारी एकता को नुकसान पहुंचाने का काम किया है। ऐसा कहा जाता है कि हमारे अंदर गुलामी की जड़ें पैदा कर दी गई हैं लेकिन हमारे देशवासियों ने संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखा है।

**एकता और सद्भावना ही हमारी सभ्यता**

राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि भारत गुलामी की जड़ों को हटाने का प्रयास कर रहा है। राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ हो गया है। दरबार हॉल का नाम बदलकर गणतंत्र मंडप कर दिया गया है। यह गुलामी के विचारों को दूर करने की दिशा में एक प्रयास है। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारी सोच भी बदलनी चाहिए, तभी हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। एकता और सद्भावना ही हमारी सभ्यता है, हमारा भविष्य है। आइये हम सब मिलकर इस दिशा में काम करें। इस उद्घाटन कार्यक्रम के बाद राष्ट्रपति मुर्मू सीधे बेगमपेट हवाई अड्डे पर पहुंची और दिल्ली के लिए विशेष वमान से रवाना हो गईं। 21 से 24 नवंबर तक चलने वाले लोकमंथन कार्यक्रम की थीम 'लोक अवलोकन, लोक विचार, लोक व्यवहार और लोक व्यवस्था' है। लोकमंथन राष्ट्रवादी विचारकों और कार्यकर्ताओं की राष्ट्रीय संगोष्ठी है।

# मुख्यमंत्री ने ग्रामीण कार्य विभाग की 8,837.77 करोड़ की 6,199 योजनाओं का किया शिलान्यास

एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को ग्रामीण कार्य विभाग की 8,837.77 करोड़ रुपये लागत की 6,199 योजनाओं का रिमोट के माध्यम से कार्यारंभ एवं उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अत्यंत खुशी की बात है कि ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा कई पथों एवं पुलों का उद्घाटन के साथ शिलान्यास किया गया है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन और सुगम होगा।

उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं का कार्यारंभ किया गया है उन सभी पथों एवं पुलों का निर्माण गुणवत्तापूर्ण तरीके से ससमय पूर्ण कर लिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैसे सभी पथों एवं पुलों जिनका उद्घाटन आज किया जा रहा है उन सभी पथों का नियमित निरीक्षण करते हुये उनका सतत् मेंटेनेंस सुनिश्चत करें ताकि उसकी गुणवत्त



गुणवत्ता बनी रहे। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण कार्य विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि विभाग के अन्य सभी पथों एवं पुलों की सतत् निगरानी करते हुये उनका नियमित मेंटेनेंस भी सुनिश्चित करें। आज उद्घाटन की गई योजनाओं के तहत मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना अंतर्गत 983 करोड़ रुपये की लागत से 763 पथों (कुल लंबाई 947 किलोमीटर) एवं 4 पुलों (कुल लंबाई 435 मीटर) का निर्माण किया गया है। मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ अनुरक्षण कार्यक्रम अंतर्गत 1 हजार 113 करोड़ रुपये की लागत से 972 पथों (कुल लंबाई 1,904 किलोमीटर) की मरम्मती करायी गयी है। मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना अंतर्गत 92 करोड़ रुपये की लागत से 33 पथों (कुल लंबाई 104 किलोमीटर) का उन्नयन (पुनर्निर्माण/सुदृढ़ीकरण/चौड़ीकरण) कराया गया है। राज्य योजना अंतर्गत 139 करोड़ रुपये की लागत से 5 पथों (कुल लंबाई 6 किलोमीटर) एवं 36 पुलों (कुल लंबाई 1,614 मीटर) का निर्माण कराया गया है। कार्यारंभ के तहत मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना अंतर्गत 1 हजार 824 करोड़ रूपये की लागत से 1,472 पथों (कुल लंबाई 1,571 किलोमीटर) एवं 5 पुलों (कुल लंबाई 304 मीटर) का निर्माण किया जाना है।

# मुख्यमंत्री साय आज बिलासपुर में 143 करोड़ की लागत के विकास कार्यों की देंगे सौगात

एजेंसी

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 23 नवंबर को बिलासपुर को 143 करोड़ 68 लाख रुपये की लागत के अनेक विकास कार्यों की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री बिलासपुर में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान सकरी रोड, मिनोचा रोड, स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, मिनी स्टेडियम, सिटी कोतवाली के पास निर्मित मल्टीलेवल पार्किंग और अरपा नदी तट पर निर्मित राम सेतु मार्ग का लोकार्पण करेंगे। श्री साय इस मौके पर लाल बहादुर शास्त्री स्कूल में राउत नाचा महोत्सव में शामिल होंगे।

**रामसेतु मार्ग :** अरपा उत्थान और तट संवर्धन प्रोजेक्ट अंतर्गत अरपा नदी के दांयी तरफ की सड़क का नाम रामसेतु मार्ग रखा गया है। रामसेतु मार्ग की लागत 49 करोड़ 98 लाख रूपये है, जिसमें फूटपाथ, डिवाइडर, स्ट्रीट



लाइट, रिटेनिंग वॉल, पीचिंग और सौंदर्यीकरण कार्य शामिल है।

**मिनी स्टेडियम :** शहर के पुराने और प्रतिष्ठित शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक शाला मल्टीपरपज़ स्कूल के मैदान को संवार कर बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 21 करोड़ 79 लाख रूपये की लागत से मिनी स्टेडियम का निर्माण किया गया है, जिसमें 14115 वर्ग मीटर का सर्व सुविधायुक्त क्रिकेट मैदान है जिसकी दर्शक क्षमता 850 है। यहां डे-नाईट मैच खेलने की सुविधा है। यहां इनडोर गेम्स जैसे स्नूकर, बिलियर्ड्स, टेबल टेनिस, स्क्वैश खेलने की सुविधा के साथ-साथ आधुनिक जिम बनाया गया है। इसके अलावा ट्रेनिंग हॉल का निर्माण किया गया है। इसी भवन में अलग से वीआईपी गैलरी, एनाउंसमेंट बॉक्स और पेंट्री रूम के साथ ही यहां बाहर से आने वाले खिलाड़ियों के लिए एक हॉस्टल बनाया गया है। यहां दो लॉन टेनिस कोर्ट बनाया गया है।

**स्पोर्ट्स कांप्लेक्स :** 14 करोड़ 60 लाख रुपये की लागत से संजय तरण पुष्कर परिसर में स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का निर्माण किया गया है, इस तीन मंजिला इस स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के बेसमेंट में पार्किंग, ग्राउंड फ्लोर में रिसेप्शन और रेस्टोरेंट संचालित होगा। प्रथम तल में बैडमिंटन, स्क्वैश कोर्ट, टेबल टेनिस, स्नूकर, बिलियड्र्स, द्वितीय तल में मल्टीपरपज हॉल, योगा, मैट गेम की सुविधा है। तीसरे तल में मनोरंजन की अनेक सुविधाएं है।

## दिल्ली की कानून व्यवस्था में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं : शाह

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को यहां वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में दिल्ली में कानून व्यवस्था की समीक्षा की और कहा कि राजधानी की कानून व्यवस्था में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सूत्रों के अनुसार बैठक में गृह सचिव गोविंद मोहन, गुप्तचर ब्यूरो के निदेशक तपन डेका, दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा और अनेक वरीष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। सूत्रों ने बताया कि श्री शाह ने कहा कि अपराध के विरुद्ध सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति है इसलिए दिल्ली की कानून व्यवस्था में किसी प्रकार की कोताही स्वीकार्य नहीं है उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिल्ली पुलिसकर्मी की व्यक्तिगत जवाबदेही है कि हर एक दिल्लीवासी खुद को पुर्णतः सुरक्षित महसूस करे। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उन्हें देख दिल्लीवासियों में सुरक्षा का भाव और अपराधियों में भय का भाव पैदा होना चाहिए।

# जिंदल ग्लोबल विवि में बना भारत का पहला संविधान संग्रहालय

एजेंसी

**सोनीपत।** ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी सोनीपत में भारत के पहले संविधान संग्रहालय का उद्घाटन और राष्ट्रीय संविधान सम्मेलन का शुभारंभ शनिवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे। यह जानकारी उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने दी।

यूनिवर्सिटी के चांसलर और सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि हम इस संग्रहालय को राष्ट्र को समर्पित करते हैं, ताकि युवा पीढ़ी संविधान को प्रेरणा का स्रोत मान सके। यह अनोखी परियोजना भारतीय संस्थानों के लिए मिसाल बनेगी। यह संग्रहालय भारत की 75 वर्षों की संवैधानिक यात्रा को प्रदर्शित करेगा। इसमें टेक्स्ट, ऑडियो-विजुअल और 3डी तकनीकों के जरिए संविधान के हर हिस्से और उसकी प्रासंगिकता को दर्शाया जाएगा। आईआईटी मद्रास के सहयोग से संग्रहालय में एआई आधारित इंटरैक्टिव अनुभव, संविधान सभा के सदस्यों की प्रोफाइल, और उनके योगदान का विवरण शामिल होगा। 26 नवंबर को संविधान दिवस के मौके पर इस संग्रहालय का समर्पण समारोह आयोजित किया जाएगा। इस दिन प्रोफेसर गोपालकृष्ण गांधी संविधान दिवस व्याख्यान देंगे। संग्रहालय में व्ही, द पीपल ऑफ इंडिया, इंसाफ की देवी और त्रायड ऑफ यूनिटी जैसी कलाकृतियां भी प्रदर्शित होंगी। बच्चों और शोधकर्ताओं के लिए विशेष सुविधाएं होंगी। संग्रहालय में बच्चों के लिए इंटरएक्टिव कॉर्नर और संविधान के विकास पर ध्यान केंद्रित करने वाली आर्काइव की व्यवस्था होगी। क्यूरेटर सुश्री अंजचिता बी. नायर ने बताया कि यह संग्रहालय पारंपरिक शैली से हटकर संविधान को आम जनता के करीब लाने और उसमें गर्व की भावना जागृत करने का प्रयास है।

## खबरें एक नजर में

**मुंबई भाजपा के सचिव सचिन शिंदे शिवसेना यूबीटी में शामिल**

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मुंबई सचिव सचिन शिंदे शुक्रवार को भाजपा की प्राथमिक सदस्यता सहित सभी पदों से इस्तीफा देकर शिवसेना यूबीटी में शामिल हो गए। शिवसेना यूबीटी के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने कहा कि सचिन शिंदे को पार्टी में उचित सम्मान दिया जाएगा। इस मौके पर सचिन शिंदे ने कहा कि इस विधानसभा सीट के लिए भाजपा की ओर से जिस तरीके से काम किया, उससे वे नाराज थे। इसलिए उन्होंने भाजपा छोड़कर शिवसेना यूबीटी में शामिल हो गए हैं। हालांकि माहिम विधानसभा क्षेत्र में शिवसेना यूबीटी, शिंदे समूह की शिवसेना और मनसे के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। यहां जनता किसे विधायक चुनती है, यह शनिवार को मतगणना के बाद पता चल सकेगा। सचिन शिंदे के गृह क्षेत्र माहिम विधानसभा सीट के लिए भाजपा ने महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे के बेटे अमित ठाकरे का समर्थन करने की घोषणा की थी, लेकिन बाद में एनडीए गठबंधन के सीटों के बंटवारे में यह सीट शिंदे समूह की शिवसेना के पास चली गई थी।यहां से एनडीए गठबंधन ने सदानंद सरवणकर को अपना उम्मीदवार बनाया गया। उनका यहां शिवसेना यूबीटी के उम्मीदवार से मुकाबला है।

**पाक पूर्व ऑफ स्पिनर और अंपायर मोहम्मद नजीर का निधन**

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व ऑफ स्पिनर और अंपायर मोहम्मद नजीर का निधन हो गया है। नजीर जूनियर के नाम से मशहूर नजीर का लंबी बीमारी के बाद लाहौर में निधन हो गया। वह 78 वर्ष के थे। उन्होंने पाकिस्तान के लिए 14 टेस्ट और चार वनडे मैच खेले। उन्हें सबसे ज्यादा याद अक्टूबर 1969 में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने पहले टेस्ट मैच में की गई शानदार पारी के लिए किया जाता है। कराची में एक ऐसी पिच पर खेलते हुए जो शुरू से ही स्पिन लेती थी, नजीर ने अपनी पहली पारी में 99 रन देकर 7 विकेट चटकाए। इसके अलावा, उन्होंने बल्ले से नाबाद 29 रन बनाए और दूसरी पारी में भी 17 रन बनाकर नाबाद रहे। टेस्ट मैच ड्रॉ रहा, लेकिन यह एक महत्वपूर्ण मैच साबित हुआ, क्योंकि यह महान हनीफ मोहम्मद का आखिरी टेस्ट था, और उनके छोटे भाई सादिक का पहला। पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा, पीसीबी की ओर से मैं हमारे पूर्व टेस्ट क्रिकेटर मोहम्मद नजीर के निधन पर अपनी संवेदना और दुख व्यक्त करता हूं। हम अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं और उनके दोस्तों और परिवार के साथ दुख साझा करते हैं। पाकिस्तान क्रिकेट के लिए उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

**रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव 25 नवंबर को छत्तीसगढ़ दौरे पर**

**रायपुर।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव 25 नवंबर को छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान वे रायपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करेंगे। साथ ही अधिकारियों-कर्मचारियों से चर्चा कर उनकी समस्यायों से अवगत होंगे।

बतौर रेलमंत्री यह उनका पहला रायपुर दौरा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव 25 नवंबर की ट्रेन से नागपुर से रायपुर से पहुंचेंगे। रायपुर रेलमंडल के सीनियर डीसीएम अवधेश कुमार त्रिवेदी ने जानकारी दी है कि रेल मंत्री का 25 नवंबर को रायपुर स्टेशन का दौरा होगा होगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव 25 नवंबर की ट्रेन से नागपुर से रायपुर रेलवे स्टेशन दोपहर 1 से 1:15 बजे के बीच पहुंचेंगे। इस दौरान रेल मंत्री अधिकारी और कर्मचारियों की समस्याओं को सुनेंगे। रेल मंत्री नागपुर से रायपुर स्टेशन के बीच रायपुर रेल मंडल और बिलासपुर जोन की ब्रीफिंग भी करेंगे। साथ ही रेलवे स्टेशन में चल रहे विकास कार्यों और रेलवे ट्रैक का इंस्पेक्शन भी करेंगे। लगभग एक घंटे रायपुर रेलवे स्टेशन में रुकने के बाद केंद्रीय रेल मंत्री माना एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे। वे माना एयरपोर्ट से 2:15 बजे फ्लाइट से दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के दौरे को लेकर रायपुर रेलवे स्टेशन में तैयारियां तेज कर दी गई है।

**नौसेना की पनडुब्बी से टकराया मछली पकड़ने वाला जहाज मार्थोमा**

**नई दिल्ली।** मछली पकड़ने वाले भारतीय जहाज मार्थोमा की गोवा के उत्तर-पश्चिम में लगभग 70 समुद्री मील की दूरी पर भारतीय नौसेना की पनडुब्बी से टक्कर हो गई। जहाज में 13 लोग सवार थे। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि भारतीय नौसेना ने छह जहाजों और विमानों के साथ तुरंत खोज और बचाव अभियान शुरू किया। अब तक 11 चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित बचाया गया है। घटना के कारणों की जांच की जा रही है। चालक दल के शेष दो सदस्यों के लिए खोज और बचाव अभियान जारी है। इस संबंध में समुद्री बचाव समन्वय केंद्र मुंबई (एमआरसीसी) के साथ समन्वय किया जा रहा है। क्षेत्र में बचाव प्रयासों को बढ़ाने के लिए तटरक्षक बल सहित अतिरिक्त संसाधनों को भेजा गया है।

# हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप का हुआ प्रदर्शन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** कानपुर रोड एलडीए कालोनी के स्मृति उपवन में आयोजित माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या पर आयोजक अरुण प्रताप सिंह, गुंजन वर्मा द्वारा द्वीप प्रज्जवल्लन कर सांस्कृतिक संध्या का शुभारम्भ किया गया। अमर कुमार जो मिस्टर इण्डिया, मिस्टर नार्थ इंडिया एवं मिस्टर पूर्वांचल जैसे बड़े-बड़े चैंपियनशिप जीते चुके हैं आज मंच पर जोरदार तरीके से बॉडी बिल्डिंग का प्रदर्शन किया तो दर्शको ने तालियों से उनका स्वागत किया। अमर कुमार को आयोजक अरुण प्रताप सिंह एवं गुंजन वर्मा द्वारा पुष्प गुच्छ अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया ।

सांस्कृतिक मंच से रंगारंग कार्यक्रम के दौरान द सिंगिंग क्यूविकल ग्रुप संयोजक अंकिता सिंह के कलाकारों



द्वारा प्रियंका दीक्षित ने तुझमें रब दिखता है......अंकिता सिंह ने दिल में तुझे बिठा के कर लूंगी मैं बंद आंखें..... देवेश मिश्रा ने सांसों की जरूरत है जैसे...... पलक शर्मा मैं तेनू समझावां की..... दीपक साहू क्या खूब लगती हो बड़ी सुंदर दिखती हो.... गीतों पर श्रोताओं ने जमकर मस्ती की। अक्षय श्रीवास्तव नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों एवं दर्शको का मन प्रफुल्लित कर दिया इसी क्रम में राखी में तेरी दीवानगी पर डांस प्रस्तुत कर दर्शको को ठुमका लगाने पर मजबूर कर दिया। ऐम डांस ग्रुप से शुभम गौतम (इंटरनेशनल डांसर) ने उत्तराखंड भरतनाट्यम प्रस्तुति देकर दर्शको को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं शशांक के द्वारा स्टैंड अप कॉमेडी कर दर्शकों को खूब गुदगुदाया।

# श्री राम से जुड़ी एक और नगरी को भव्य स्वरूप दे रही सरकार

## श्रृंगवेरपुर धाम में धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन के साथ रूरल टूरिज्म का हब बनकर तैयार



समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** योगी सरकार प्रयागराज महाकुम्भ को दिव्य और भव्य स्वरूप प्रदान कर रही है। प्रयागराज नगरी के साथ ही जिले में गंगा किनारे स्थित निषादराज गुह्य की राजधानी रहे श्रृंगवेरपुर धाम का भी कायाकल्प सरकार कर रही है।

श्रृंगवेरपुर धाम में धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन के साथ रूरल टूरिज्म की भी सम्भावनाएं विकसित हो रही हैं। रामनगरी अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर के भव्य निर्माण और गर्भग्रह में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब प्रभु राम के अनन्य भक्त निषादराज की राजधानी श्रृंगवेरपुर को भी भव्य स्वरूप दिया जा रहा है। यूपी की पूर्व की सरकारों में उपेक्षित रहे प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नई पहचान दी है। सामाजिक समरसता के प्रतीक इस स्थान को धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन के साथ अब रूरल टूरिज्म के साथ भी जोड़ कर विकसित किया जा रहा है। प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह बताती हैं कि श्रृंगवेरपुर धाम के कायाकल्प का कार्य समापन पर है। इसके अंतर्गत यहां 3732.90 लाख रुपये की लागत से निषादराज पर्यटन पार्क स्थल का निर्माण कार्य दो फेज में किया गया है। निषादराज पार्क (फेज-1) के निर्माण हेतु 1963.01 लाख रुपये के बजट से निषादराज एवं भगवान श्रीराम मिलन की मूर्ति की स्थापना व मूर्ति के पैडेस्टल का कार्य, पोडियम का कार्य, ओवर हेड टैंक, बाउण्ड्रीवाल, प्रवेश द्वार का निर्माण, गार्ड रूम आदि कार्य कराया गया। इसी तरह श्रृंगवेरपुर धाम में निषादराज पार्क (फेज-2) के 1818.90 लाख रुपये के बजट से भगवान श्रीराम के निषादराज मिलन से सम्बन्धित गैलरी, चित्रांकन, ध्यान केन्द्र, केयर टेकर रूम, कैफेटेरिया, पॉथ-वे, पेयजल व टॉयलेट ब्लॉक, कियास्क, पार्किंग, लैंड स्केपिंग, हॉर्टिकल्चर, आउटर रोड, सोलर पैनल, मुक्ताकाशी मंच आदि कार्य कराए गए हैं। 6 हेक्टेयर में बनाए गए इस भव्य पार्क का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे।

**रूरल टूरिज्म का हब बनेगी निषादराज की नगरी**

धार्मिक और आध्यत्मिक पर्यटन के साथ श्रृंगवेरपुर धाम को ग्रामीण पर्यटन के साथ जोड़कर विकसित करने का रोड मैप तैयार किया गया है। अपराजिता सिंह के मुताबिक रूरल टूरिज्म के अन्तर्गत श्रृंगवेरपुर धाम को विकसित किये जाने के लिए सबसे पहले यहां ग्रामीण क्षेत्र में होम स्टे की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। इसके लिए यहां स्थानीय लोगों को अपने यहां मड हाउस या हट बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि पर्यटकों को कुछ अलग अनुभव हो सके। इन सभी स्थानों पर थीमेटिक पेंटिंग होगी, स्थानीय खानपान और स्थानीय संस्कृति को भी यहां संरक्षित किया जाएगा। पर्यटक भी यहां स्टे करने के दौरान स्थानीय ग्रामीण क्राफ्ट का हिस्सा बन सके, ऐसी उनकी कोशिश है।

# पर्थ टेस्ट : तेज गेंदबाजों ने दिलाई भारत को बेहतरीन वापसी, ऑस्ट्रेलिया ने 67 रन पर खोए सात विकेट

एजेंसी

**पर्थ।** तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने यहां पर्थ में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में शानदार वापसी करते हुए पहले दिन का खेल खत्म होने पर केवल 67 रनों पर ऑस्ट्रेलिया के 7 विकेट गिरा दिये। दिन का खेल खत्म होने पर एलेक्स कैरी 19 और मिचेल स्टॉर्क 6 रन बनाकर नाबाद हैं। पहली पारी के आधार पर भारत अभी भी 83 रन आगे है। भारतीय पहली पारी में केवल 150 रनों पर सिमट गई थी। 150 रनों पर ऑल आउट होने के बाद लग रहा था कि भारतीय टीम मैच में पिछड़ जाएगी, लेकिन कप्तान जसप्रीत बुमराह के नेतृत्व में तेज गेंदबाजों ने भारतीय टीम को बेहतरीन वापसी दिलाई।

जसप्रीत बुमराह ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलियाई शीर्ष क्रम को झकझोर कर रख दिया। उन्होंने केवल 19 रनों के कुल स्कोर पर नाथन मेकस्विनी (10), उस्मान ख्वाजा (08) और स्टीवन स्मिथ (00) को



पवेलियन भेज दिया। इसके बाद हर्षित राणा ने 31 के कुल स्कोर पर ट्रैविस हेड (11) को बोल्ड कर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। सिराज ने 38 के कुल स्कोर पर मिचेल मॉर्श को स्लीप में केएल राहुल के हाथों कैच कराकर ऑस्ट्रेलिया को पांचवां झटका दिया।

47 के कुल स्कोर पर सिराज ने मार्नस लाबुशेन (02) को एलबीडब्ल्यू कर मैच में अपना दूसरा विकेट लिया और भारत को छठी सफलता दिलाई। 59 के कुल स्कोर पर जसप्रीत बुमराह ने पैट कमिंस को (03) को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को सातवां झटका दिया। मैच में बुमराह का यह चौथा विकेट था। इसके बाद कैरी (नाबाद 19) स्टॉर्क (नाबाद 06) ने कोई और नुकसान नहीं होने दिया। दिन का खेल खत्म होने पर ऑस्ट्रेलिया ने 7 विकेट पर 67 रन बनाए। भारत की तरफ से जसप्रीत बुमराह ने 4, मोहम्मद सिराज ने 2 और हर्षित राणा ने 1 विकेट लिया।

इससे पहले मैच में भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारतीय बल्लेबाजों ने एक बार फिर निराश किया और पूरी टीम केवल 150 रनों पर सिमट गई। भारत की तरफ से नीतीश रेड्डी ने सर्वाधिक 41 रन बनाए। नीतीश के अलावा ऋषभ पंत ने 37 और केएल राहुल ने 26 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से जोश हेजलवुड ने 4, मिचेल स्टॉर्क, पैट कमिंस और मिचेल मॉर्श ने 2-2 विकेट लिए।

**वेस्टइंडीज के क्रिकेटरों ने प्रधानमंत्री मोदी से की बातचीत**

**जॉर्ज टाउन।** वेस्टइंडीज के क्रिकेट स्टार क्लाइव लॉयड, टीम के पूर्व विश्व कप विजेता कप्तान, बल्लेबाज एल्विन कालीचरण और पूर्व स्पिनर देवेंद्र बिशू ने शुक्रवार को गुयाना की अपनी यात्रा के दौरान प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत की। प्रधानमंत्री मोदी की गुयाना यात्रा, पिछले पांच दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा थी, जो उनके तीन देशों के दौरे का तीसरा और अंतिम चरण था। ऐतिहासिक यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने कैरेबियाई नेताओं के साथ दूसरे भारत-कैरिकॉम शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता की, जिससे इस क्षेत्र में भारत की साझेदारी और मजबूत हुई। मीडिया से बातचीत के बाद लॉयड ने कहा कि गुयाना के खिलाड़ियों को भारत में प्रशिक्षण का मौका मिलेगा, जो बहुत अच्छी बात है। उन्होंने क्रिकेट को बढ़ावा देने में प्रधानमंत्री मोदी की रुचि का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा, हमारी अच्छी चर्चा हुई...बातचीत बहुत अच्छी रही...मुझे लगता है कि हमारे खिलाड़ी अब भारत में प्रशिक्षण लेंगे। इसलिए, यह उनका बहुत अच्छा निर्णय है। हम इसके लिए उनके आभारी हैं...उनकी क्रिकेट में रुचि है और यह बहुत अच्छी बात है। वह क्रिकेट को बढ़ावा देने में मदद करने के लिए काम कर रहे हैं। इसलिए, हम चाहते हैं कि उनके जैसे और देशों के भी प्रधानमंत्री बनें।

## सुबह 5 से दोपहर 12 तक कर्फ्यू में दी गई ढील

**इंफाल।** मणिपुर में शुक्रवार सुबह 5 से दोपहर 12 तक कर्फ्यू में ढील दी गई। कर्फ्यू में ढील के समय में लगातार बदलाव हो रहे हैं। शुरुआत में सभी जिलाधिकारियों ने कर्फ्यू में ढील के समय सुबह 5 बजे से शाम 4 बजे तक के आदेश दिए थे। बाद में इसे घटनाकर दोपहर 12 बजे कर दिया गया। मणिपुर सरकार ने शुक्रवार को इम्फाल पूर्व, इम्फाल पश्चिम, थौबल, बिष्णुपुर और काकचिंग जिलों के सभी इलाकों में सुबह 5 बजे से दोपहर 12 बजे तक कर्फ्यू में ढील दी है। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को संबंधित जिलाधिकारियों द्वारा जारी आदेश के अनुसार, जिले में लोगों के अपने-अपने घरों से बाहर निकलने पर लगाए गए प्रतिबंध से दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक ढील दी गई थी। मजिस्ट्रेटों ने जारी आदेश में कहा कि लोगों को दवाइयों, खाद्य पदार्थों आदि सहित आवश्यक वस्तुओं की खरीद के लिए प्रतिबंध में ढील दी गई। यह छूट किसी भी प्रकार की सभा, बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही, धरना-प्रदर्शन, रैली आदि पर लागू नहीं होगी।

# बाफ्टा के ब्रेकथ्रू 2024 के लिए भारत यूके व यूएए के प्रतिभागी चयनित

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** नेटफ्लिक्स द्वारा समर्थित द ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविज़न आर्ट्स (बाफ्टा) ने आज अपने बाफ्टा ब्रेकथ्रू इंडिया 2024 कोहर्ट के लिए फिल्म, टेलीविज़न और गेम्स इंडस्ट्री से नौ प्रतिभाओं को चयनित किया है। बाफ्टा यूके, यूएसए और भारत के प्रतिभागियों को एक साथ पेश कर रहा है, जिसमें वैश्विक स्तर पर 43 प्रतिभाशाली व्यक्तियों को चुना गया है।

बाफ्टा ब्रेकथ्रू इंडिया के लिए चुने गए नौ नामों का चयन क्रिएटिव इंडस्ट्री के प्रमुख एक्सपर्ट्स की एक प्रतिष्ठित जूरी द्वारा किया गया, जिसमें जूरी चेयर और बाफ्टा ब्रेकथ्रू एंबेसेडर गुनीत मोंगा कपूर (प्रोड्यूसर, फाउंडर और सीईओ, सिख्या एंटरटेनमेंट), मानवेन्द्र शुकुल (सीईओ, लक्ष्य डिजिटल), मोनिका शेरगिल (वीपी, कॉन्टेंट- नेटफ्लिक्स इंडिया), पालोमी घोष (एक्ट्रेस और पूर्व ब्रेकथ्रू इंडिया), राजीव मेनन (फिल्ममेकर), रत्ना पाठक शाह



(एक्ट्रेस, थियेटर डायरेक्टर), संगीता दत्ता (फिल्ममेकर), शोनाली बोस (फिल्ममेकर) और सुष्मित घोष (फिल्ममेकर) शामिल हैं।

बाफ्टा के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, जेन मिलिचिप, ने कहा, बाफ्टा ब्रेकथ्रू, जो अब अपने 11वें वर्ष में है, फिल्म, गेम्स और टेलीविजन में काम कर रहे उभरते और प्रतिभाशाली मस्ट-वॉच क्रिएटिव प्रैक्टिशनर्स को नई पहचान दिलाने का काम कर रहा है। इस वर्ष हमारे साथ कास्टिंग डायरेक्टर्स, प्रोड्यूसर्स, राइटर्स, परफॉर्मर्स, प्रमुख कलाकार, सिनेमैटोग्राफर्स और प्रमुख डेवलपर्स आदि शामिल हैं। हम इंडस्ट्री से आग्रह करते हैं कि वे इस पर विशेष रूप से ध्यान दे। हम नेटफ्लिक्स के भी आभारी हैं, जिसके समर्थन से बाफ्टा ब्रेकथ्रू संभव हो पाता है।

## मणिपुर हिंसा : स्थिति को सनसनीखेज बनाने में जुटी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** मणिपुर हिंसा मामले को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा राष्ट्रपति को लिखे गए पत्र को लेकर भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी कांग्रेस अध्यक्ष को पत्र लिखा है। नड्डा ने पत्र में लिखा कि मणिपुर की स्थिति को सनसनीखेज बनाने के लिए कांग्रेस द्वारा बार-बार प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसा लगता है कि आप भूल गए हैं कि न केवल आपकी सरकार ने भारत में विदेशी उग्रवादियों के अवैध प्रवास को वैध बनाया बल्कि तत्कालीन गृहमंत्री चिदंबरम ने उनके साथ संधियों पर हस्ताक्षर किए थे। इसके अलावा, गिरफ्तारी से बचने के लिए अपने देश से भागने वाले इन ज्ञात उग्रवादी नेताओं को उनके अस्थिर करने के प्रयासों को जारी रखने के लिए पूरे दिल से समर्थन और प्रोत्साहन दिया। कांग्रेस के विपरीत, हमारी सरकार किसी भी कीमत पर ऐसा नहीं होने देगी। उन्होंने ने कहा कि कांग्रेस नेताओं द्वारा भारत की प्रगति को पटरी से उतारने की कोशिश कर रही विदेशी ताकतों के गठजोड़ का समर्थन और प्रोत्साहन करना वाकई चिंताजनक है।